विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

वर्ष 72 ▸ अंक 205 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 24 अप्रैल, 2025
वैशाख कृष्ण पक्ष 11, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

www.dainikjagranmpcg.com

"आतंकवाद एक सतत और बदलता हुआ वैश्विक खतरा है। कोई भी देश इससे अछूता नहीं है।
– एंटोनियो गुटेरेस

## ऑफ बीट

### आईपीएल में छाया रोबोट डॉग कैमरा



*आईपीएल 2025 में सीधे प्रसारण के लिए अनोखा प्रयोग किया गया है। दिल्ली में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबले में पहली बार 'रोबोटिक डॉग कैमरा प्रणाली' का उपयोग किया गया, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया। यह अनोखी तकनीक डब्ल्यूटीविजन और ओम्नीकैम की साझेदारी में विकसित की गई है, जिसका उद्देश्य सीधा खेल प्रसारण को और भी भावनात्मक, संवादात्मक और दर्शकों से जुड़ाव भरा बनाना है। इस कुत्ते के आकार वाले रोबोट कैमरे ने मैदान पर खिलाड़ियों, अंपायरों और दर्शकों के साथ वास्तविक समय में प्रतिक्रिया देते हुए हाथ मिलाना, कूदना और दिल के संकेत जैसे भावनात्मक क्षणों को कैमरे में कैद किया।*

### आईपीएल में आज

IPL 2025 TATA IPL

**बेंगलुरु बनाम राजस्थान**
**समय : शाम 7.30 बजे से**
**प्रसारणः स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर**

## कश्मीर में कत्लेआम

## भारत ने लिए पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े फैसले

# सिंधु जल रोका, पाक दूतावास व अटारी बॉर्डर बंद, पाकिस्तानियों को भारत छोड़ने का फरमान

### सर्वदलीय बैठक आज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने सख्त कदम उठाएं हैं। पीएम आवास पर मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट (सीसीएस) की बैठक ढाई घंटे चली। इस बैठक में सिंधु जल समझौता रोकने, पाकिस्तानियों का वीजा तत्काल प्रभाव से रद्द करने और अटारी बॉर्डर से आवाजाही बंद करने का फैसला लिया गया।

इतना ही नहीं, पाकिस्तान स्थित भारतीय दूतावास बंद कर दिया गया, भारत में मौजूद पाकिस्तानी दूतावास को भी बंद कर दिया गया। दूतावास कर्मचारियों और राजनयिकों से कह दिया गया है कि वे सात दिन के अंदर भारत छोड़ दें। किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को अगले फैसले तक भारतीय वीजा नहीं दिया जाएगा। जो पाकिस्तानी इस समय भारत में हैं, उन्हें 48 घंटे के भीतर यहां से जाना होगा। सरकार ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में कुछ और कठोर फैसले लिए जा सकते हैं। गौरतलब है कि पहलगाम हमले में 27 लोगों की मौत हुई है। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। हमला उस वक्त किया ■ शेष पृष्ठ 7 पर



नई दिल्ली। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट (सीसीएस) की बैठक ढाई घंटे चली।

### जांच में खुलासा, हमले में 2 लोकल, 3 पाक आतंकी शामिल, तीन के स्केच जारी



उधर, सुरक्षा और इंटेलिजेंस एजेंसियों ने पहलगाम अटैक के संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। इनके नाम आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबु तल्हा बताए गए हैं। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि हमले का मास्टर माइंड लश्कर-ए तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद है, जो पाकिस्तान में मौजूद है। इधर, नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) भी जांच के लिए पहलगाम पहुंच गई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि हमले में 5 आतंकी शामिल थे। इनमें से दो लोकल और 3 पाकिस्तानी आतंकी थे। पुलिस ने पूछताछ के लिए सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया है। हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के प्रॉक्सी विंग द रजिस्टेंस फ्रंट ने ली है।

### हमले का मास्टरमाइंड सैफुल्लाह खालिद

भारत की जांच में यह भी सामने आया है कि आतंकी सैफुल्लाह खालिद पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड है। वह सैफुल्लाह कसूरी के नाम से भी जाना जाता है। वह लश्कर-ए-तैयबा का डिप्टी चीफ है। उसे लश्कर के संस्थापक आतंकी हाफिज सईद का बेहद करीबी माना जाता है। सैफुल्लाह पाक अधिकृत कश्मीर के रावलकोट का रहने वाला है। वहीं से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को ऑपरेट कर रहा था। उसने मार्च में एक भाषण दिया था, जिसका वीडियो सामने आया है। इसमें वह सख्त लहजे में पाकिस्तान सरकार से कश्मीर मुद्दा शांत न पड़ने देने की बात कह रहा है।

### कश्मीर से दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेन

आतंकी हमले के बाद अब जम्मू कश्मीर में मौजूद पर्यटक अपनी छुट्टियां रद्द कर रहे हैं और अपने-अपने शहरों को लौटना चाहते थे। ऐसे में मंगलवार शाम से ही रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संख्या अचानक से बढ़ गई। रेलवे वहां फंसे लोगों को निकालने के लिए आगे आया है। उत्तर रेलवे ने माता वैष्णो देवी कटड़ा से नई दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेन शुरू की है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने कहा कि आवश्यकता को देखते हुए हमने सभी श्रेणियों के यात्रियों के लिए उनके गृह नगर लौटने के लिए तत्काल एक विशेष ट्रेन की व्यवस्था की है।

### पाकिस्तान बोला-हमले में हमारा हाथ नहीं

भारत के कठोर एक्शन के बाद पाकिस्तान ने सफाई दी है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि इस हमले में हमारा कोई हाथ नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान स्वयं आतंकवाद से पीड़ित देश है। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान में आतंकी लगातार निर्दोष लोगों का खून बहा रहे हैं, जिससे पाकिस्तान परेशान है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि कश्मीर समस्या का समाधान कराना पाकिस्तान की प्राथमिकता में है। भारत को भी इस मुद्दे से नजर नहीं चुरानी चाहिए।

**राहुल पर बयान को लेकर कांग्रेस का पलटवार...- पेज-7 पर**

### मंडीदीप में गेल के प्लांट से 10 घंटे तक रिसती रही गैस




**जागरण, मंडीदीप।** राजधानी के समीप औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप में सारी रात गैस लीक होने से अफरातफरी मची रही। यह लीकेज मंडीदीप में गेल के प्लांट से हो रहा था। काफी मशक्कत के बाद भी गैस रिसाव बंद नहीं होने से पूरा इलाका खाली करा लिया गया। एक किलोमीटर के दायरे में आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गई। सुबह 10 बजे के करीब रिसाव बंद होने से प्रशासन ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार गेल के प्लांट में यह रिसाव रात करीब 12 बजे शुरू हुआ था। सूचना मिलते ही फायर सेफ्टी टीम मौके पर पहुंची। किसी भी अनहोनी को तत्काल रोकने और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ और एसडीईआर की टीमें भी प्लांट में पहुंच गईं। काफी देर तक प्रयास करने के बाद भी लीकेज में सुधार न होने पर बैरिकेड लाकर प्लांट में आवाजाही रोक दी गई और पूरा इलाका खाली करा लिया गया। नगर पालिका मंडीदीप के फायर फाइटर्स लगातार सक्रिय रहे। मौके पर सतलापुर और मंडीदीप पुलिस, होमगार्ड की टीम भी तैनात रही। सुबह करीब 10 बजे गैस का लीकेज बंद हो सका। वहीं गैस लीकेज की जानकारी मिलते ही जयपुर से गेल की सेफ्टी टीम प्लांट का सेफ्टी ऑडिट करने मंडीदीप पहुंच गई है। गेल के प्रोजेक्ट मैनेजर डी. डोंगरे ने बताया कि अब ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## संक्षिप्त खबरें

### डॉक्टरों पर हमले रोकने गाइडलाइन नहीं बनाएंगे



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उन याचिकाओं पर विचार करने से इंकार कर दिया, जिनमें डॉक्टरों को हमले की घटनाओं से बचाने के लिए दिशानिर्देशों की मांग की गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि उससे हर काम करने और हर गतिविधि की निगरानी करने की अपेक्षा नहीं की जा सकती। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने शीर्ष अदालत के एक पुराने फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि संबंधित दिशानिर्देश पहले ही बनाए जा चुके हैं और याचिकाकर्ताओं को उचित कार्यवाही की छूट है। जब याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने डॉक्टरों पर हमले की घटनाओं का उल्लेख किया तो पीठ ने कहा, ये सभी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट यहां बैठकर प्रत्येक घटना की निगरानी नहीं कर सकता।

### वेंस का जयपुर सिटी पैलेस दौरा रद्द, ताज पहुंचे



**जयपुर, जेएनएन।** बुधवार शाम को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को जयपुर के सिटी पैलेस जाना था, लेकिन यह दौरा रद्द कर दिया गया है। हालांकि, इसका कोई कारण नहीं बताया गया, लेकिन माना जा रहा है कि पहलगाम आतंकी हमले की वजह से यह फैसला लिया गया। इससे पहले बुधवार सुबह वेंस और उनके परिवार से आगरा में ताजमहल देखा। करीब 3 घंटे आगरा में बिताने के बाद वे जयपुर लौट गए। फिलहाल वेंस और उनका परिवार रामबाग पैलेस होटल में हैं। वे गुरुवार सुबह साढ़े 6 बजे वॉशिंगटन रवाना होंगे।

## मालेगांव मामले में पूर्व सांसद पर बदला एजेंसी का रुख

# एनआईए ने प्रज्ञा के लिए भी मांगी सजा-ए-मौत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मुंबई के स्पेशल कोर्ट से 2008 के मालेगांव बम विस्फोट मामले में सभी सात आरोपियों पर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा 16 के तहत मौत की सजा देने का अनुरोध किया। आरोपियों में भाजपा नेता और पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर भी शामिल हैं।



मामले की दलीलें पूरी होने के बाद शनिवार को एनआईए ने 1,500 से अधिक पेज लंबी आखिरी लिखित दलील दायर की। मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जज एके लाहोटी इस मामले में 8 मई को अपना फैसला सुनाएंगे।

इस मौके पर जमीयत उलेमा महाराष्ट के लीगल सेल के वकील शाहिद नदीम ने कहा, 'एजेंसी ने यूएपीए की धारा 16 का हवाला देते हुए आरोपियों के लिए सख्त सजा की अपील की है। अगर किसी आतंकवादी गतिविधि के परिणामस्वरूप मौत होती है तो दोषी को मौत की सजा दी जा सकती है।'

### पहले कहा था- प्रज्ञा के खिलाफ सबूत नहीं

एनआईए ने इससे पहले साध्वी प्रज्ञा के बारे में तर्क दिया गया कि उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। एजेंसी ने अब अपना रुख बदल दिया है। इसने अदालत से किसी भी तरह की नरमी न बरतने का आग्रह किया, जबकि 323 गवाहों में से 32 ने कथित तौर पर दबाव में आकर अपने बयान वापस ले लिए। अपने नए सबमिशन में एनआईए ने तर्क दिया, 'बहिष्कृत गवाहों को विश्वसनीय नहीं माना जा सकता है। उनके देर से मुकरने से आरोपियों को कोई लाभ नहीं होना चाहिए।'

जमीयत के सीनियर वकील शरीफ शेख ने भी साध्वी प्रज्ञा के खिलाफ सबूतों की गंभीरता को दोहराया। उन्होंने कहा, 'उन्होंने साजिश की बैठकों में हिस्सा लिया और उनकी मोटरसाइकिल एलएमएल फ्रीडम का इस्तेमाल बम लगाने के लिए किया गया। यह अकेले ही उनकी स्पष्ट संलिप्तता को दर्शाता है।'

### क्या है मामला

17 साल से चल रहा यह मामला उस विस्फोट से जुड़ा है, जिसमें छह मुस्लिम मारे गए और 100 से अधिक घायल हो गए। मामले में साध्वी प्रज्ञा, कर्नल प्रसाद पुरोहित, मेजर रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, समीर कुलकर्णी, स्वामी दयानंद पांडे और सुधाकर चतुर्वेदी पर हिंदुत्व विचारधारा से जुड़ी एक व्यापक साजिश के तहत विस्फोट की साजिश रचने और उसे अंजाम देने का आरोप है।

## टैक्स अलर्ट

### 10 लाख से अधिक की घड़ी, पेंटिंग, होम थिएटर पर सोर्स टैक्स अनिवार्य

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अगर आप हाथ घड़ी, पेंटिंग, होम थियेटर या लग्जरी बैग के महंगे शौक रखते हैं, तो यह खबर आपके लिए बेहद अहम है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी करते हुए बताया है कि अब 10 लाख रुपए से अधिक मूल्य की खास विलासिता वस्तुओं की खरीद पर स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) देना अनिवार्य होगा। टीसीएस यानी स्रोत पर कर संग्रह ऐसा कर है जो विक्रेता वस्तु या सेवा की बिक्री के समय ग्राहक से एक निर्धारित दर पर वसूला जाता है, फिर विक्रेता इसे सरकार को जमा करता है। इसका मकसद बड़े लेन-देन पर नजर रखना और कर चोरी को रोकना होता है।

## शिवराज सिंह चौहान और विवेक तन्खा को सुप्रीम कोट की नसीहत

# सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाएं मानहानि मामला

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा से भाजपा नेताओं के खिलाफ दायर मानहानि मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने को कहा है। विवेक तन्खा ने शिवराज सिंह, वीडी शर्मा और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के खिलाफ मानहानि का मामला दायर किया है। चौहान और अन्य ने इन आरोपों को खारिज किया था।

चौहान और तन्खा से मानहानि मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए कहते हुए, जस्टिस एम एम सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल शामिल की पीठ ने कहा कि 'कृपया हमें यह मामला सुनने के लिए मजबूर न करें। आइए इसे बंद करें। आप दोनों बैठकर इसे सुलझाएं।' संक्षिप्त सुनवाई के दौरान, शीर्ष अदालत ने चौहान और तन्खा की ओर से पेश होने वाले वरिष्ठ वकीलों महेश जेठमलानी और कपिल सिब्बल से एक साथ बैठकर मानहानि मामले को सुलझाने के लिए कहा।

सुप्रीम कोर्ट ने इस साल मार्च में 11 नवंबर, 2024 के अपने अंतरिम आदेश को बढ़ाया था, ■ शेष पृष्ठ 7 पर





"कृपया हमें यह मामला सुनने के लिए मजबूर न करें। आइए इसे बंद करें
-शीर्ष अदालत की टिप्पणी

### यह है मामला

कांग्रेस नेता तन्खा ने अपनी मानहानि शिकायत में आरोप लगाया है कि शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने 2021 में मध्य प्रदेश में पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगाकर उनके खिलाफ राजनीतिक लाभ के लिए 'समन्वित, दुर्भावनापूर्ण, झूठा और अपमानजनक' अभियान चलाया।

# इंदौर शेयर बाजार का फर्जी पोर्टफोलियो बनाकर डॉक्टर से सवा तीन करोड़ की ठगी

### शातिर महिला और म्यूल खाते उपलब्ध कराने वालों की तलाश

**जागरण, इंदौर।** इंदौर में साइबर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। यहां एक डॉक्टर से सवा तीन करोड़ रुपए की ठगी की वारदात हुई है। ठगों ने डॉक्टर से शेयर बाजार में निवेश कर भारी मुनाफे का लालच दिया। शातिर ठगों ने एक फर्जी वेबसाइट पर शेयर का फर्जी पोर्टफोलियो बनाकर डॉक्टर से करीब सवा तीन करोड़ की ठगी कर ली। डॉक्टर की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ठगी की राशि अलग-अलग म्यूल खातों में जमा करवाई है। पुलिस अब खाते मुहैया करवाने वाले पैडलर और ठगी करने वाली महिला को तलाश रही है।



पुलिस के मुताबिक धोखाधड़ी स्कीम-54 (विजयनगर) निवासी रुद्र कुमार गुप्ता के साथ हुई है। गुप्ता शेयर बाजार में निवेश में रुचि रखते हैं। बीते साल पांच सितंबर को टेलीग्राम एप पर प्रीति नामक महिला ने डॉक्टर से संपर्क किया।

### एक करोड़ रुपए निकालने पर हुआ शक

डॉक्टर का एप पर बकायदा पोर्टफोलियो बनाया गया था, उसमें स्टाक मार्केट की तरह उतार-चढ़ाव भी दिखाई देता था। डॉक्टर को करोड़ों रुपए का मुनाफा दिखाई दे रहा था। कुछ समय बाद उन्होंने एक करोड़ रुपए निकालने का प्रयास किया तो प्रीति और कस्टमर केयर ने गेन टैक्स, करंसी एक्सचेंज, आयकर मांगा। इसके बाद शक होने पर डॉक्टर ने शिकायत की। एसआई सीटू जरिया ने जांच की तो विभिन्न राज्यों के म्यूल खातों की जानकारी मिली। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है।

### मेधा पाटकर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली की साकेत कोर्ट ने बुधवार को नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता और सोशल एक्टिविस्ट मेधा पाटकर के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। 2001 में विनय सक्सेना द्वारा उनके खिलाफ दर्ज कराए गए आपराधिक मानहानि मामले में उन्हें दोषी ठहराया गया। वीके सक्सेना वर्तमान में दिल्ली के उपराज्यपाल हैं। साकेत कोर्ट के एडिशनल सेशन जज विशाल सिंह ने पाया कि पाटकर अदालत के समक्ष पेश नहीं होतीं। जज ने कहा कि पाटकर की मंशा स्पष्ट है कि वह जानबूझकर अदालत के आदेश का उल्लंघन कर रही हैं, अदालत के समक्ष पेश होने से बच रही हैं। अदालत ने कहा कि पाटकर को बलपूर्वक पेश करने के अलावा उनके पास अब कोई विकल्प नहीं बचा है।


## बदलाव | 33 साल बाद रेजिडेंट डॉक्टरों के साथ केंद्र की ऐतिहासिक बैठक

# अब हफ्ते में अधिकतम 48 घंटे ड्यूटी करेंगे रेजिडेंट डॉक्टर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अब देश के रेजिडेंट डॉक्टरों को लंबे कार्य घंटों से जल्द निजात मिल जाएगी। 33 साल बाद केंद्र सरकार ने केंद्रीय रेजीडेंसी योजना 1992 की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। इस बैठक में जूनियर और सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की लंबी कार्य अवधि, छात्रावास की सुविधा, शोध कार्य के लिए अनुदान, वेतन और स्वास्थ्य लाभ जैसे कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। खास बात यह रही कि डॉक्टरों की सालों पुरानी सप्ताह में अधिकतम 48 घंटे की ड्यूटी की मांग पर सकारात्मक संकेत मिले हैं।

यह बैठक स्वास्थ्य सेवाओं की अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. सुनीता शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में देश के प्रमुख सरकारी अस्पतालों के निदेशक, भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) और रेजिडेंट डॉक्टर संघों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

रेजिडेंट डॉक्टर संघों के अनुसार, बैठक में स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बात पर सहमति जताई कि अब 'रीजनेबल वर्किंग ऑवर्स' की अस्पष्ट परिभाषा को हटाकर, सप्ताह में अधिकतम 48 घंटे ड्यूटी का स्पष्ट नियम लागू किया जाएगा। यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. लक्ष्य मित्तल ने एक्स लिखा, 'आज की डीजीएचएस बैठक के बाद यह स्पष्ट हो गया कि अब 'रीजनेबल' जैसे अस्पष्ट शब्दों की जगह 48 घंटे/सप्ताह की तय ड्यूटी होगी।'




**प्रस्ताव स्वीकार**
"हमारी प्रमुख मांग थी कि डॉक्टरों की ड्यूटी सप्ताह में 48 घंटे से अधिक न हो और सप्ताह में कम से कम एक दिन की छुट्टी हो। मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को स्वीकार किया है।
- **डॉ. रोहन कृष्णन**, मुख्य संरक्षक, फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल असोसिएशन (फैमा)

### कोलकाता में रेप और हत्या के बाद बना दबाव

डॉक्टरों के लंबे कार्य घंटों का मुद्दा खास तौर पर आरजी कर मेडिकल कॉलेज (कोलकाता) की दर्दनाक घटना के बाद फिर से सामने आया था। जहां एक पोस्टग्रेजुएट डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना हुई थी। इसके बाद डॉक्टरों की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और कामकाजी परिस्थितियों को लेकर सरकार पर दबाव बना।

### भत्तों और शोध अनुदान में भी बदलाव

बैठक में डॉक्टर्स के लिए भत्तों की समीक्षा को मंजूरी दी गई है। डॉक्टरों की सभी चिंताओं को गंभीरता से सुना गया। 48 घंटे की साप्ताहिक ड्यूटी को मान्यता देने के साथ भत्तों की समीक्षा और शोध-प्रबंध (थीसिस) व पुस्तकों के लिए निश्चित राशि भी तय करने पर सहमति बनी है।

### मरीजों को भी होगा लाभ

1992 से अब तक केंद्रीय रेजीडेंसी योजना में कोई संशोधन नहीं हुआ था। अगर रेजिडेंट डॉक्टरों को एक सुरक्षित और सुविधाजनक कार्य वातावरण मिलेगा, तो इससे मरीजों को बेहतर देखभाल भी हासिल होगी। स्वास्थ्य प्रणाली में बदलाव की यह प्रक्रिया केवल बैठक में किए वादों तक सीमित न रहे, इसके लिए डॉक्टर संगठनों ने सरकार से समयबद्ध क्रियान्वयन की मांग की है।

# शादी से पहले भाजपा सांसद का मीडिया हैंडलर लापता

### नर्मदा के पुल पर मिली बाइक-चप्पल, कूदने की आशंका

**जागरण, बड़वानी।** राज्यसभा सांसद डॉक्टर सुमेर सिंह सोलंकी के मीडिया हैंडलर महेंद्र भाटी के लापता होने का मामला सामने आया है। महेंद्र ने फेसबुक पर एक पोस्ट लिखी और फिर गायब हो गए। कसरावद स्थित नर्मदा नदी के बड़े पुल पर उनकी बाइक और चप्पल बरामद हुई है। पुलिस को आशंका है कि उन्होंने नर्मदा नदी में छलांग लगा दी है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग और शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। महेंद्र के पिता गोपाल भाटी ने बताया कि उसकी शादी 1 मई को होने वाली थी। विवाह पत्रिका भी बंट चुकी थी। शादी महेंद्र की पसंद से तय की थी और तैयारियां चल रही थीं। महेंद्र बुधवार सुबह अपने घर ग्राम कल्याणपुरा से करीब 8.30 ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### पोस्ट पर लिखा-मेरी मौत का जिम्मेदार मैं स्वयं



महेंद्र ने अपनी आखिरी फेसबुक पोस्ट में लिखा, मेरी मौत का जिम्मेदार मैं स्वयं हूं, इसलिए मेरे नहीं रहने के बाद किसी को भी परेशान नहीं किया जाए, नर्मदे हर।

# धारण दास में हुआ भव्य भंडारे का आयोजन

## गोविंद भवन में हुआ सुंदरकांड का पाठ



**जागरण, सतना।** भक्ति भाव और श्रद्धा के केंद्र पवित्र तपोस्थली धारणदास में त्योंथरी से मयंक सिंह ने रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह के जन्मदिन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें मुख्य रूप से मयंक सिंह बघेल पुष्पेंद्र सिंह श्याम राज सिंह राजू सिंह राठौर विवेकानंद सिंह शारदा सिंह विजयंत पांडेय अभिषेक सोनी संदीप गुप्ता प्रियांशु सिंह मानसी सिंह अमित सिंह अजीत सिंह शुभम सिंह सहित हजारों लोगों ने भंडारे प्रसाद लिया वहीं गोविंद भवन में भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया आयोजित सुंदरकांड पाठ के दौरान मुख्य रूप से विधायक विक्रम सिंह जनपद अध्यक्ष रावेंद्र सिंह छोटू भाजपा जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल सिंह विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी अशोक सिंह सीएमओ श्रीमती निधि राजपूत थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष कमलेश कचेर संदीप गुप्ता पुष्पराज कुशवाहा आशीष सिंह अंबू सरपंच बृजेश सिंह संजय शुक्ला विभोर प्रताप सिंह धीरेंद्र सिंह पार्षद शिवांक श्रीमती नीतू दिलीप सोनी त्रिपाठी उमेश विश्वकर्मा सुखलाल बंसल रजनीश साकेत के साथ रामखेली सिंह उप यंत्री विश्वजीत कुशवाहा मंडल अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह परिहार जितेंद्र मिश्रा संजय द्विवेदी सुनील सिंह अमृतलाल पांडेय धीरेंद्र सिंह धीरू देवेंद्र सिंह दलदल भारतेंदु सिंह परिहार राहुल तिवारी शिवमोहन सिंह लाल कुबेर ताम्रकार गंगा सिंह संदीप गौतम पवन गौतम अरुण केसरवानी सुंदर केसरवानी शंकर केसरी सौरभ सिंह भोलू जितेंद्र गुप्ता राज गुप्ता लकी गुप्ता मोहम्मद राशिद सहित हजारों की संख्या में सुंदरकांड पाठ का श्रवण करने के लिए लोक उपस्थित रहे और विधायक विक्रम सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बजाज पावर प्लांट के ठेकेदार पॉल्युशन बोर्ड के नियमों के विरुद्ध कर रहे काम!

## बीच नदी में खाली किया राखड़, तो एमपी की मिट्टी चुरा ले गए यूपी !



**जागरण, टीकमगढ़।** जिले में बजाज पावर प्लांट जनरेशन ललितपुर उत्तरप्रदेश की राखड़ से मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ जिले की खदानों का भराव किया जा रहा है ! जिसके लिए ठेकेदारों ने सबसे पहले उत्तरप्रदेश.मध्यप्रदेश के बॉर्डर पर स्थित ग्राम पंचायत मड़खेरा की खदानों को फ्लाईऐश करने का काम शुरू किया है ! जिसका सेमरखेरा और चंदेखा सहित नंदनपुर के ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थीए और तत्काल काम बंद करने की मांग की थीए जिसके बाद भी अभी भी काम बंद नही किया गया हैए लगातार काम जारी बना हुआ है ! ग्रामीणों का कहना है कि जिन खदानों का पुराव किया जा रहा है उन खदानों में पूरे साल पानी रहता हैए जिससे आसपास के 30.40 किसानों की फसलों की सिंचाई होती है और पूरे साल मवेशियों को पीने का पानी रहता है ! लेकिन बजाज पावर प्लांट के दबंग ठेकेदार कुछ भी मानने को तैयार नही है और विवाद करने पर उतारू है वही ग्रामीणों ने भी प्रशासन को चेतावनी दी है कि एक तरफ प्रशासन पुराने जल स्रोतों को सहेजने का काम कर रहा है वही दूसरी ओर चंदेखा और सेमरखेरा में खदानों का जहरीली राखड़ से पुराव किया जा रहा है ! अगर इसे रोका नही गया तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए तैयार हैए जिसकी जबाबदारी प्रशासन की होगी ! साथ ही इन दबंग ठेकेदारों के द्वारा खुलेआम मिट्टी की चोरी कर रहे है और बीच नदिया ने राखड़ खाली कर रहे हैए जिससे प्रदुषण बोर्ड के नियमो का खुला उल्लंघन किया जा रहा है !

**एमपी की मिट्टी चुरा ले गए यूपी :** बजाज पावर प्लांट के दबंग ठेकेदार इतने हावी है कि शनिवार रात में जब इनके द्वारा कार्य शुरू किया गयाए तब रात्रि में इन्होंने चंदेखा स्थित खदान में पहले अपनी राखड़ खाली कराई और उसी खदान से रात्रि में मिट्टी खोदकर डंफरो में भरकर उत्तरप्रदेश ले गएए जिसे उत्तरप्रदेश के सड़को पर डाला गया और कुछ पुराव के लिए बेची गई है !

# राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में सीएमराइज रामपुर बघेलान के 6 छात्र चयनित




**जागरण, सतना।** राष्ट्रीय मींस कम मेरिट परीक्षा सत्र 2024- 25 में सीएमराइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर बघेलान से 6 छात्र छात्राओं का चयन हुआ जिसमें छात्रा पलक द्विवेदी पिता सूर्यकांत द्विवेदी अभिषेक सोनी पुत्र भोलेनाथ सोनी अर्पित सिंह पुत्र आनंद सिंह आदर्श त्रिपाठी पुत्र मुकेश त्रिपाठी भानु प्रताप सिंह पुत्र धर्मेंद्र सिंह और उदित कुशवाहा पुत्र राम कलेश कुशवाहा सहित सीएमराइज विद्यालय रामपुर बघेलान के विद्यार्थियों का चयन हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार 2023 .24 में मात्र तीन छात्रों का चयन हुआ था जिसमें विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को बेहतर से बेहतर बनाते हुए प्राचार्य कमलेश सिंह बघेल के निर्देशन में इस वर्ष 6 विद्यार्थियों का चयन हुआ है जिन्हें कक्षा नवमी से 12वीं तक प्रति वर्ष 12.12 हजार रु की छात्रवृत्ति शासन द्वारा उन्हें प्राप्त होगी। देखा जाए कि सीएमराइज विद्यालय के उन्नयन के बाद छात्र.छात्राएं प्रत्येक स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं इस वर्ष सातवीं की छात्रा निधि शुक्ला पुत्री अजय शुक्ला मोगली उत्सव प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन होने पर उनको पंच अभ्यारण शिवनी का भ्रमण कराया गया।इसी तरह अंग्रेजी ओलंपियाड में कक्षा 6 की छात्रा माही त्रिपाठी पुत्री कुलदीप त्रिपाठी का राज्य स्तर में चयन हुआ और भोपाल में पुरस्कृत भी किया गयाए विद्यालय के इन परीक्षा परिणामों के श्रेय में विद्यालय के प्राचार्य कमलेश सिंह बघेल की विशेष भूमिका सामने आ रही है जिसमें उन्होंने विद्यालय के शिक्षा के स्तर में शिक्षकों को प्रोत्साहित कर उन्हें उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया और सीएमराइज विद्यालय दिन ब दिन अपने रिजल्ट को बेहतर से बेहतर ला रहा है।

# लोटन मुगौड़ी से जब्त किया सेम्पल, आईसक्रीम सेंटरो को दी चेतावनी




**जागरण, सतना।** खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बुधवार को शहर के कई दुकानो , आईसक्रीम सेंटर एवं जूस संचालको के यहां दबिश दी है। यह कार्यवाही कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देश एवं सीएमएचओ डॉ एल के तिवारी के मार्गदर्शन में लगातार की जा रही है। सही भोजन स्वस्थ जीवन के प्रति आमजन को जागरूक करने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हॉकर के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनयम के अंतर्गत लाइसेंस ध्पंजीयन अनिवार्य है परंतु शासन ने इनके लिए फीस माफकर दी है अर्थात निःशुल्क बनवाया जा सकता है। इसी क्रम में स्ट्रीट फूड वेंडर को फूड कलर, अजीनोमोटो, एसेंस, विनेगर आदि का उपयोग नियमानुसार सीमित मात्रा में इस्तेमाल किया जाने का निर्देश दिया गया है ।निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को स्वच्छता बनाए रखना एमानकों के अनुरूप खाद्य सामग्री के उपयोग और सुरक्षा उपाय अपनाने की जानकारी दी गई ।

फूड वेंडर को बताया गया कि खाना बनाते समय दस्ताने एसर पर टोपी पहने तथा एप्रन का उपयोग अनिवार्य रूप से किए जाने के निर्देश दिए गए हैं ।समस्त खाद्य सामग्री ढककर रखें और कच्ची खाद्य सामग्री एवं पक्की खाद्य सामग्री को अलग.अलग रखेंए खाद्य पदार्थों के निर्माण में पीने के पानी का इस्तेमाल करेंए गुणवत्तायुक्त तेल एवं मसाले उपयोग करने बार.बार गर्म करने से तेल खराब हो जाता है । बार.बार गर्म तेल का इस्तेमाल नहीं करें।ग्रीष्म ऋतु में खाद्य पदार्थों के शीघ्र खराब होने के दृष्टिगत भी फास्ट फूडएजंक फूड की दुकानों एवं चौपाटी की सघन जांच की जा रही है। बिरला रोड में आइस क्रीम एवं मैंगो जूस विक्रेताओं को गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ बेचने की कड़ी चेतावनी दी गई है और आगे गड़बड़ी मिलने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। लोटन मुगौड़ी स्टेशन रोड के यहां से मंगौड़ी और आलू बंडा के नमूने जांच हेतु लिए गए हैं। टमस फास्ट फूड जवाहर नगर के यहां से चाट और समोसा के नमूने लिए गए हैं जिन्हें राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजकर गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौड़, शीतल सिंह,अशोक कुर्मी और सीमा पटेल शामिल थे।

# पुलिस ने बैंको में की जांच पड़ताल




**सतना।** पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर समस्त थानों के अधिकारीध्कर्मचारियों के द्वारा उनके थाना क्षेत्र में स्थित बैंको की चैकिंग की गई। बैंक के अधिकारियों से चर्चा कर बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की जानकारी ली गई। इसके साथ ही बैंक के आस पास अनावश्यक खड़े लोगो संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उन्हे हटाया गया। बैंक के अंदर उपस्थित लोगों से चर्चा कर उन्हे बदमाशों द्वारा धोखाधड़ी से पैसे ऐंठने के वर्तमान में प्रचलित तरीकों से अवगत कराते हुए सावधानी बरतने की हिदायत दी गई। एटीएम से पैसे निकालते समय किसी अंजान व्यक्ति की मदद लेने से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। इसके साथ ही सायबर अपराधों के सम्बंध में जानकारी देते हुए अपने गोपनीय दस्तावेज, मोबाईल का पिनध्पासवर्ड किसी से शेयर न करने की सलाह दी गई।

# बचपन की मुस्कान बचानी है : स्मार्ट सिटी की बेबीनार में मानसिक स्वास्थ्य पर खुला संवाद




**जागरण, सतना।** विश्व बाल मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता माह के अवसर पर कलेक्टर सतीश कुमार एस एवं ईडी शेर सिंह मीणा के निर्देशन में सतना स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड द्वारा एक प्रेरणादायक और संवेदनशील वेबिनार का आयोजन किया गया जिसमें देश के जाने.माने मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डा अरुणेश सिंह और डॉ अंकिता सिंह ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक विकास पर विस्तार से चर्चा की। आज के दौर मेंए जब बच्चों की दुनिया तेजी से बदल रही है परीक्षा का दबाव डिजिटल माध्यमों की लत सामाजिक अपेक्षाएँ और व्यक्तिगत संघर्ष ऐसे में उनका मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य एक ऐसी नींव है जिसे मज़बूत करना हम सभी की ज़िम्मेदारी है। इस वेबिनार ने न केवल माता.पिता और शिक्षकों को जागरूक किया बल्कि हमें यह भी बताया कि सुनना समझना और साथ देना कितनी बड़ी मदद हो सकती है। डॉ अरुणेश सिंह जिन्हें मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला द्वारा बेस्ट फैमिली डॉक्टर अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है ने अपने 15 वर्षों के अनुभव के माध्यम से बच्चों के मस्तिष्क और मन की गहराई से झांकते हुए बताया कि बच्चों के मन की परतों को समझना कितना ज़रूरी है और कैसे प्यार संवाद और सहानुभूति से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उनके शब्दों में संवेदना और विज्ञान का सुंदर मेल दिखा जिसने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को गहराई से छुआ। वहीं डॉ अंकिता सिंह जो बाल मनोविज्ञान और काउंसलिंग में विशेष दक्षता रखती हैं ने अपने कोमल और समझदारी भरे दृष्टिकोण से यह बताया कि कैसे बच्चों की छोटी.छोटी भावनाओं को गंभीरता से लेना और उन्हें अभिव्यक्ति का अवसर देना उनके मानसिक विकास की कुंजी है। वेबिनार में बच्चों के मन की उलझनों को सुलझाने के आसान तरीके साझा किए गएए और बताया गया कि किस तरह एक खुला संवादए आत्मीयता और समझदारी बच्चों के जीवन को सकारात्मक दिशा दे सकती है।

# पृथ्वी दिवस पर ग्रामोदय में विविध आयोजन संपन्न



**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय द्वारा हमारी शक्ति हमारा ग्रहष् विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गईए जिसका संचालन ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग द्वारा किया गया। यह आयोजन कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के निर्देशन एवं विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो सूर्यकांत चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संगोष्ठी में प्रो शशिकांत त्रिपाठी ने 2025 की वैश्विक थीम के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और सतत विकास में अक्षय ऊर्जा के योगदान की चर्चा की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शोध छात्रों एवं शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कृषि संकाय में पृथ्वी दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना में डॉ उमेश शुक्ला ने पृथ्वी माँ की संकल्पना को सरल और प्रभावी शब्दों में प्रस्तुत करते हुए मृदा संरक्षण की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने प्रतिभागियों को पृथ्वी मेरी माँ हैए मैं उसका पुत्र हूँ का संकल्प दिलाया और प्रत्येक व्यक्ति से एक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि डा सुधाकर प्रसाद मिश्रा ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग और भूमि कटाव से बचने की अपील की। मुख्य अतिथि डॉ अशोक तिवारी एवैज्ञानिकए दीनदयाल शोध संस्थान ने पृथ्वी दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को प्रस्तुत करते हुए इसे सामूहिक उत्तरदायित्व का पर्व बताया और कहा कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के प्रति कर्तव्य है कि हम एक सुरक्षित और समृद्ध पृथ्वी का निर्माण करें।

# एकेएस की मैनेजमेंट स्टूडेंट छाया मिश्रा का कैंपस चयन



**सतना।** एकेएस यूनिवर्सिटी की मैनेजमेंट स्टूडेंट छाया मिश्रा का चयन त्रिस्तरीय चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेने और सफलतापूर्वक उसे पार करने के बाद हुआ है। उनका सिलेक्शन शानदार पैकेज के साथ विजयवाड़ा क्षेत्र के लिए हुआ है। छाया मिश्रा को बव्या हेल्थ सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में एचआर एग्जीक्यूटिव का पद ऑफर हुआ है। छाया एकेएस यूनिवर्सिटीए सतना में एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर एचआर की छात्रा हैं। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल के हेड बालेंद्र विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि एकेएस यूनिवर्सिटी सतना के स्टूडेंट का विभिन्न कंपनियों में निरंतर प्लेसमेंट हो रहा है। सभी संकाय के स्टूडेंट्स को इसका निरंतर लाभ भी मिल रहा है। विश्वविद्यालय के प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनीए मैनेजमेंट विभाग अध्यक्ष डॉण्कौशिक मुखर्जी एवं छाया मिश्रा के मैनेजमेंट फैकल्टीज ने छाया के एचआर मैनेजर बनने पर उनकी निरंतर प्रगति की कामना कामना करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी है। छाया ने अपने सिलेक्शन का श्रेय अपने माता.पिता के आशीर्वाद और विश्वविद्यालय की उन्नत शैक्षणिक प्रणाली को दिया है।

# पोषण पखवाड़ा समापन दिवस पर स्थानीय महिला पार्क में लगाई गई पोषण प्रदर्शनी

**टीकमगढ़।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय मार्गदर्शन एवं जिला कर्यक्रम अधिकारी महिला एवं वाल विकास विभाग श्रीमती ऋजुता चौहान के निर्देशन में मंगलवार को स्थानीय नजरबाग प्रांगण स्थित महिला पार्क में पोषण पखवाड़ा समापन दिवस पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती सरोज राजपूतए श्रीमती विभा श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधिए जिला कर्यक्रम अधिकारी महिला एवं वाल विकास विभाग श्रीमती ऋजुता चौहानए परियोजना अधिकारी टीकमगढ़ ग्रामीण श्रीमती स्वेता चतुर्वेदी एवं समस्त पर्वेक्षकए ब्लॉक समन्वयक तथा समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जल चौपाल में ग्रामीणों ने जल बचाने और बढ़ाने का लिया संकल्प

**जागरण, सतना।** प्रथवी दिवस के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन तथा जिला समन्वयक जन अभियान परिषद डा राजेश तिवारी के निर्देशन में विकासखंड मझगवां के आदर्श ग्राम पिपरी टोला में जल चौपाल और श्रमदान कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक विजयेन्द्र जड़िया की उपस्थिति में नवांकुर समिति शिवा ग्रामीण विकास संस्थान के समन्वय में जल चौपाल का आयोजन हुआ। आयोजित जल चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों के साथ गांव में बढ़ रहे जल संकट के विषय में चर्चा की गई चौपाल में उपस्थित विकासखंड समन्वयक विजयेन्द्र जड़िया ने कहा कि गांव के जल स्रोत गांव की खुशहाली और समृद्धि का सहारा होते है इसके बिना जीवन की कल्पना ही नहीं हो सकती अतः समय रहते हम सभी को जल स्रोतों को संरक्षित करने के लिए सामुदायिक प्रयास करना चाहिए। नवांकुर संस्था से उपस्थित सेक्टर कॉर्डिनेटर बृजेन्द्र सिंह ने जल चौपाल में संवाद करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जल श्रोतों के प्रति समाज की उपेक्षा और असंवेदन शीलता के कारण गांव. गांव में जल संकट खड़ा हो गया है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस संकट को समझा और जन जन को इस विषय से जोड़ने के लिए 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लोगों से इस अभियान से जुड़कर प्रशासन के साथ. साथ समुदाय द्वारा अपने आस पास के जल स्रोतों के संरक्षण संवर्धन और सुरक्षा हेतु सामुदायिक सहयोग हेतु प्रसन्नता के साथ आगे आकर सहयोग करना चाहिए । हम सभी का यह कर्तव्य है कि अपनी प्राचीन परंपरा की ओर वापस लौटे और जल संवर्धन के लिए प्राचीन तकनीकों जैसे बोरी बंधानए मेढ़बंधानए सोखता गड्ढे का उपयोग करते हुए गांव के सतही जल को बढ़ाने की पहल करते हुए अपना योगदान करें। क्योंकि जब गांव का पानी गाँव मे रुकेगा तभी जल स्तर अच्छा होगा तो खेती भी अच्छी होगी जिससे गांवों में समृद्धि और खुशहाली आएगी।


## स्व. उमारमरण प्रताप बहादुर सिंह महाविद्यालय कोठी, जिला-सतना (म.प्र.)

संबद्ध : अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा, मध्यप्रदेश
E-mail: urdc.college@gmail.com Mob. 9425810413

क्रमांक URDC /2025/247 दिनांक 23.04.2025

आवश्यकता है

राष्ट्रीय आध्यापक शिक्षा, परिषद (NCTE) नई दिल्ली /ए.पी.एस. युनिवर्सिटी रीवा / यू0जी0सी0 द्वारा निर्धारित स्नातक व बी0एड पाठ्यक्रमो हेतु निम्न पदों के लिए आवेदन आर्मत्रित किये। जा रहे है। विवरण निम्नवत है :-

| क्र | पद का नाम | पदों की संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य | 01 | (1) एम.ए. 55 प्रतिशत अंको के साथ पी.एच.डी की उपाधि (2) 15 वर्ष का अध्यायन अनुभव |
| 2 | विभागाध्यक्ष (बी.एड) | 01 | (1) 55 प्रतिशत अंको के साथ परास्नातक व एम.एड. में 55 प्रतिशत अंक तथा किसी अध्यापक शिक्षा संस्थान में पढाने का 10 वर्ष का अनुभव व शिक्षा में पीएचडी |
| 3 | शिक्षा के परिपेक्ष्य (प्रवक्ता बी.एड.) | 02 | 55 प्रतिशत अंको के साथ परास्नातक व एम.एड. डिग्री व नेट / पी.एच. डी उपाधि |
| 4 | शिक्षा विषय (प्रवक्ता बी.एड) | 02 | 55 प्रतिशत अंको के साथ परास्नातक व एम.एड. डिग्री व नेट / पी.एच. डी उपाधि |
| 5 | स्वास्थ्य एवं शरीरिक शिक्ष बीएड | 01 | 55 प्रतिशत अंको के साथ परास्नातक व एम.पी. एड. की उपाधि व नेट / पीएचडी उपाधि |
| 6 | ललित कला | 01 | 55 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर की डिग्री व नेट / पी.एच. डी उपाधि |
| 7 | निष्पादन कलाए | 01 | 55 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर की डिग्री व नेट / पी.एच. डी उपाधि |
| 8 | हिन्दी - स्नातक | 01 | संबंधित विषयो में 55 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर डिग्री व नेट / पीएचडी उपाधि |
| 9 | संस्कृत - स्नातक | 01 | |
| 10 | इतिहास - स्नातक | 01 | |
| 11 | समाजसशात्र-स्नातक | 01 | |

नोट. इच्छुक अभ्यार्थी विज्ञापन तिथि से 14 दिनों के भीतर अपना आवेदन डाक से कालेज पते पर / व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर कार्यालय में जमा कर सकते है।

मोबाइल न0. 9425810413, 7723067267

सचिव
स्व. उमारमण प्रताप बहादुर सिंह
महाविद्यालय कोठी जिला सतना म.प्र.


# विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर में किया पौधरोपण

## पर्यावरण संरक्षण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा संचालित है जिला स्तरीय पर्यावरण संरक्षण अभियान पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस लाइन में रोपे जा चुके हैं 10000 पौधे जिन्हें नवाचार अंतर्गत किया जा रहा सरंक्षित आमजनता से पौधरोपण करने की गई अपील



**जागरण, टीकमगढ़।** दिनांक 22ध04ध2025 को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा पुलिस अधिकारियोंध्कर्मचारियों के साथ पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण किया गया एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण का महत्व बताया एवं सभी से अपने शुभ अवसर पर पौधारोपण करने की सलाह भी दी गई । पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस लाइन परिसर में 10000 पौधों का रोपण कर सरंक्षण किया जा रहा है जिनकी साफ़ सफ़ाई एवं पानी की व्यवस्था हेतु नवाचार किया गया है जिसमें पुलिस परिवारों के निस्तारित जल को पौधों की सिंचाई के लिए उपयोग किया जा रहा है । पुलिस अधीक्षक द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु की गई अभिनव पहल अंतर्गत जिला मुख्यालय सहित सभी थानाध्चौकी क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण अभियान संचालित किया जा है। जिसमें टीकमगढ़ पुलिस द्वारा वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आमजन को पर्यावरण के महत्व से जागरूक किया जा रहा है एवं आमजन को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया जाएगा । इस जिला स्तरीय अभियान में थानाध्चौकी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एगणमान्य नागरिकों पत्रकारों प्रशासनिक अधिकारियों सहित सामाजिक पर्यावरण संगठनों का सहयोग भी लिया जा रहा है ।

पर्यावरण संरक्षण अभियान में टीकमगढ़ पुलिस द्वारा ग्रामोंध्कस्बों में जाकर शिविर लगाकर आमजनध्युवाओं को पर्यावरण के महत्व को समझाया जाएगा एवं विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों से पर्यावरण सहित मानवीय स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से भी अवगत कराया जाएगा साथ पर्यावरण संरक्षण के उपायों की जानकारी दी जाएगी एवं वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया जाएगा । इस अभियान अंतर्गत स्कूलों कॉलेजों सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम नुक्कड़ नाटकए सांस्कृतिक कार्यक्रम चित्रकला प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता आदि के माध्यम से भी युवा ओंध्विद्यार्थियोंध्आमजन को पर्यावरण संरक्षण की समझाइस दी जाएगी । पुलिस अधीक्षक द्वारा पर्यावरण संरक्षण अभियान से आमजन युवा महिलाएं जनप्रतिनिधियों पत्रकारों से जुड़ने हेतु अपील की गई है ।

# पहलगाम की आतंकी घटना से इंसानियत शर्मसार : सुरेंद्र शर्मा



**सतना।** जदयू राष्ट्रीय कार्यसमिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि पहलगाम में निर्दोशों की आतंकी हमले में हुई मौत की जितनी भी निंदा की जाय कम होगी बडी अजीब घटना है जब मौत ने इस बार एक धर्म को देखा निर्दोश व्यक्तियों पर क्रूर हमले ने इंसानियत को झकझोर दिया ऐसे कृत्य की पुनरावृत्ति भविष्य में न हो सरकार ठोस व कारगर कदम उठाए घटना की मार्मिक तस्वीरों ने क्रूरता की सारी सीमाएं लांघ दी जो अत्यंत पीड़ादाई है मैं दिवंगत आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना करता हूं ।

दैनिक जागरण रीवा 24 अप्रैल 2025 www.dainikjagranmpcg.com

# सीधी जागरण

11 राज्य 31 संस्करण

मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.27 अस्त : आज
05.34 उदय : कल

शहर का तापमान
42.0 0 अधिकत
21.0 0 न्यूनतम



# जल गंगा संवर्धन अभियान में हो जन भागीदारी: कलेक्टर

जागरण अभियान

## कलेक्टर के निर्देश पर जिले भर में जारी है जलस्रोतों की साफ-सफाई

### जल संरक्षण और जल संवर्धन की दिशा में हो रहे है पंचायत स्तर पर वेहतर प्रयास





जागरण,सीधी

जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत कलेक्टर स्वारोचिष सोमवंशी के प्रयासों से वेहतर प्रयास किये जा रहे हैं जिले भर में जल श्रोत्रों की साफ – सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। जिसकी स्वयं सतत निगरानी कलेक्टर के द्वारा की जा रही हैं। मीडियां से चर्चा करते हुये कलेक्टर स्वारोचिष सोमवंशी ने कहा कि जन भागीदारी से जल गंगा संवर्धन अभियान पर सफलता पाई जा सकती है। इस गांव – गांव, पंचायत –पंचायत नदी, तालाब, कूप बाबड़ी के पूराने जल श्रोत्रों को बचाने में अपनी सहभागिता निभाये। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग म.प्र. शासन भोपाल के निर्देशानुसार वर्तमान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्य कराये जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा जिला सीधी द्वारा जारी कलेण्डर के परिपालन में बुधवार 23 अप्रैल को जिले की जनपद पंचायत कुसमी की ग्राम पंचायत उमरिया, जनपद पंचायत मझौली की ग्राम पंचायत बनिया टोला, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में मुख्यकार्यपालन अधिकारी राजीव तिवारी के निर्देशन में ग्राम पंचायत चोरगड़ी ,जनपद पंचायत सीधी की ग्राम पंचायत बढ़ौना तथा चिलरीकला एवं जनपद पंचायत सिहावल की ग्राम पंचायत चमरौहा तथा भितरी में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हुए। अभियान अंतर्गत नदी एवं तालाब निर्माण कार्य की साफ–सफाई तथा नवीन संरचनाओं यथा खेत तालाब निर्माण कार्य प्रारंभ कराये गये। जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य उद्देश्य जन भागीदारी से जल संरक्षण और जल संवर्धन सुनिश्चित कराना है। इस अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों की समेकित पहल से मुख्यतः नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ–सफाई व जीर्णोद्धार/मरम्मत, जल स्त्रोतों में प्रदूषण स्तर को कम करने, जल वितरण की संरचनाओं की साफ-सफाई तथा मानसून में किये जाने वाले पौधारोपण हेतु आवश्यक तैयारियों के कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे हैं। जिले में शासन के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अंशुमन राज सीईओ जिला पंचायत सीधी द्वारा प्रति दिवस विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी जनपदों के सीईओ, सहायक यंत्री, अति.कार्यक्रम अधिकारी तथा उपयंत्रियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं। परियोजना अधिकारी मनरेगा जिला पंचायत सीधी शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत सीधी के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान की सतत निगरानी की जा रही है



## 20वें दिन जारी रहा सेहरा नदी सफाई अभियान

मध्यप्रदेश सरकार एवं जन अभियान परिषद के संयुक्त पहल पर विकासखंड मझौली अंतर्गत सेक्टर खड़ौरा के आदर्श ग्राम दादर की सीमा से प्रवाहित सेहरा नदी डैम के तट पर 20वेड्ढ दिन लगातार जल ही जीवन है के तहत युवाओं एवं ग्रामीणों की सहभागिता से डैम की साफ-सफाई कर आसपास के लोगों को स्वच्छता के साथ-साथ जल संरक्षण हेतु मार्गदर्शित किया गया। यथार्थ लाल सेवा समिति दादर द्वारा जल का संवर्धन हो इसके लिए विभिन्न सार्वजनिक स्थल जैसे हैण्डपंप, कुआं, नदी, तालाब इत्यादि जगहों पर जन भागीदारी से सफाई अभियान चलाया जा रहा जिससे लोगों में जागरूकता देखने को मिला। आज के श्रमदान कार्य में जिला समन्वयक शिवदत्त उर्मलिया के दिशा निर्देश एवं विकासखंड समन्वयक रजनीश मिश्रा के मार्गदर्शन में अधिवक्ता आशीष सिंह, अभय राज सिंह, लालजी कोल, विक्रम द्वारा प्रमुख रूप से सहभागिता निभाई गई।

# आतंकियों की कायराना हरकत से पूरा देश आक्रोशितः लालचंद



## व्यापारी संघ ने शहर में निकाला कैण्डल मार्च

### कैण्डल मार्च में शामिल हुए शहरवासी

जागरण,सीधी

बीते मंगलवार जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमले के विरोध में कैण्डल मार्च निकाला गया और शहीद हुए भारतीय हिंदुओं को गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष गांधी चौक में 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर व्यापारी संघ के अध्यक्ष लालचंद गुप्ता ने कहा कि आतंकियों की कायराना हरकत से पूरा देश आक्रोशित है। उनको उसी भाषा में अब जवाब देने की जरूरत है। इस दौरान व्यापारी संघ के उपाध्यक्ष हरिहर सोनी, महामंत्री भीम कामदार, कोषाध्यक्ष रोशन लाल केशरवानी, संरक्षक सदस्य विनोद मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य पंकज सिंह चौहान, नरेन्द्र गुप्ता सोनू, संतोष सिंह गहरवार, दया वर्मा, वरिष्ठ व्यापारी नंदलाल जेठानी, विनय गुप्ता, आनंद परियानी, राम शिरोमणि गुप्ता लाला, मुकेश सोनी, अनिल मिश्रा, सब्जी फल मंडी एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित गुप्ता, युवा व्यापारी संघ के अध्यक्ष सनी मोटवानी, कार्यकारी अध्यक्ष रतनीश सोनी, सदस्य नीरज सोनी, अनमोल गुप्ता, रोहित गुप्ता, अरुण गुप्ता, रोहित गुप्ता, सुभाष गुप्ता, जितेन्द्र केसरी, निलेश जायसवाल, अजय गुप्ता, सुभाष गुप्ता, सीताशु गुप्ता, संजीव जायसवाल, अर्पित गुप्ता, शुभम गुप्ता आदि शामिल रहे।

## पहलगाम आतंकी हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि केन्द्र सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग: पंकज



जागरण,सीधी। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा पहलगाम में हुआ आतंकी हमला न केवल एक कायराना कृत्य है बल्कि यह भारत की एकता, अखंडता और शांति के खिलाफ एक सुनियोजित साजिश है। इस हमले में 27 भारतीय नागरिकों की शहादत ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। मध्य प्रदेश की जनता, विशेष रूप से इंदौर के नागरिक जो इस हमले में शहीद हुए। उनके बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। पूरा देश इस संकट की घड़ी में एकजुट है और केंद्र सरकार के साथ मजबूती से खड़ा है। हमारी मांग है कि केन्द्र सरकार भारत विरोधी ताकतों और आतंकी संगठनों को नेस्तनाबूद करने के लिए तत्काल और कठोर कार्रवाई करें। पंकज ने कहा कि लगभग 4000 पर्यटकों की संख्या वाले इलाके में इतना बड़ा आतंकी हमला कैसे हो गया जो कि सिक्योरिटी जोन आता है उस जगह फौज को क्यू नहीं तैनात किया गया था ये एक बड़ा सवाल है जो जांच का विषय है। पंकज ने आगे कहा यह हमला उन शक्तियों का परिणाम है जो नफरत और हिंसा की राजनीति को बढ़ावा देती हैं। पाकिस्तान से प्रायोजित आतंकवाद और इससे सहयोग प्राप्त संगठनों का एकमात्र उद्देश्य भारत में अशांति और भय का माहौल पैदा करना है। हम मध्य प्रदेश कांग्रेस की ओर से केन्द्र सरकार से आग्रह करते हैं कि वह आतंकवाद के खिलाफअपनी नीति को और सख्त करे और उन सभी ताकतों को करारा जवाब दे जो भारत की शांति और समृद्धि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रही हैं। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला 26/11 की याद दिलाने वाला पाकिस्तान की नापाक साजिश का ताजा सबूत है। आतंकियों ने नाम, जाति, धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों पर गोलियां बरसाई, 26 मासूमों की जान गई, नेवी अफसर लेफ्टिनेंट विनय नरवाल ने देश के लिए शहादत दी। ये आईएसआई समर्थित लश्कर-ए-तैयबा और द रेसिस्टेंस फ्रंट की कायराना करतूत है जो कश्मीर को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। पाकिस्तान एक बार फिर अपनी नाकामी छिपाने के लिए बेगुनाहों का खून बहा रहा है लेकिन अब बहुत हो चुका। भारत न तो भूला है, न छोड़ेगा। हर एक कतरे का हिसाब लिया जाएगा। हमारी सेना और सरकार को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए।

## मंद गति से चल रहा मझौली बायपास का निर्माण

जागरण,सीधी। जिले के नगर परिषद मझौली अंतर्गत मुख्य बाजार में जाम की स्थिति न पैदा हो और लोगों को परेशानी से निजात दिलाने के लिए बाईपास सड़क का निर्माण कराया जा रहा है जिसे विस्तारीकरण एवं पूर्ण गुणवत्ता युक्त सड़क बनाने के लिए करो ?ं रूपये की निविदा जारी की गई थी लेकिन निर्माण कार्य जिस मंद गति से चल रहा है उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि दूसरे वर्ष में भी वह कार्य पूर्ण नहीं हो पाएगा जिस कारण छोटे-बड़े वाहन मुख्य बाजार से गुजर रहे हैं जहां आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है और कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। जानकारों की माने तो जिस निर्माण कार्य के लिए टेंडर जारी किया जाता है उसमें नियम शर्त एवं प्राक्कलन भी निर्धारित होता है और जिसके नाम टेंडर मंजूर होता है उस संविदाकार के द्वारा उसी प्राक्कलन एवं शर्तों के मुताबिक निर्माण कार्य कराया जाना चाहिए लेकिन बाईपास सड़क निर्माण में दोनों को दरकिनार कर संविदाकार के द्वारा मनमानी पूर्वक कार्य कराया जा रहा है जिसमें निर्धारित समय सीमा समाप्त हो चुकी है और अभी तक में महज दो पुल का निर्माण कराया गया है वहीं विभागीय सांठ.गांठ के चलते कुछ पुराने पुलों को नया का जामा पहना दिया गया है। लगभग 4 करोड़ 21 लाख के लागत की बन रही बाई पास सड़क में गुणवत्ता की अनदेखी की गई है। सबसे गंभीर बात यह है कि संविदाकार की लापरवाही का खामियाजा नगर वासियों को भुगतना पड़ रहा है जो बाजार में जाम की स्थिति से आए दिन परेशान होते हैं व रात में भी दहशत में रहते हैं कि कहीं कोई वाहन उनके घरों को तोड़ता हुआ उनके जान-मॉल को नुकशान ना पहुंचा दें। नगर क्षेत्र में बन रही वायपास स ?क के देख रेख की जिम्मेवारी लोक निर्माण विभाग की है लेकिन विभाग के उपयंत्री से लेकर सभी वरिष्ट अधिकारी कभी भी इस निर्माण कार्य को लेकर गम्भीर नही दिख रहे जिसके चलते महज तीन किलोमीटर की स ?क धूल उ ?ा रहीए जिसको बनने में दो वर्ष से ज्यादा का समय लग चुका है। नगर वासियों ने कलेक्टर का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## शशी वेलफेयर सोसायटी ने खोला निःशुल्क प्याऊ




जागरण,सीधी। शशी वेलफेयर सोसायटी द्वारा स्टेट बैंक मुख्य शाखा सड़क मार्ग पर निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था कराई गई है ताकि इस भीषण गर्मी मे पेयजल की व्यवस्था सभी को आसानी से प्राप्त हो सके। समिति की सचिव श्रीमती स्वेता सिंह द्वारा बच्चों को पेयजल पिलाते हुए निःशुल्क प्याऊ प्रारंभ किया गया। इस दौरान प्रशांत सिंह, चंद्रप्रभा सिंह, राजभान जायसवाल, अंजू द्विवेदी, अंबुजेश मिश्रा, सुप्रभा मिश्रा, वंश यादव, माया केवट, गुड़िया केवट, सोनिया केवट, भूपति केवट, आशीष सिंह, संगीता गुप्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

## नागरिक संरक्षण समिति ने सौंपा ज्ञापन

जागरण,सीधी। मुख्यमंत्री मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रथम कैबिनेट में 2 महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे। पहला था धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर डीजे ध्वनि विस्तारक यंत्र का नियमित उपयोग पूर्णरूपेण बंद हो एवं खुले में मांस बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध हो, साथ ही हर धार्मिक स्थल से 200 मीटर की दूरी हो जिसका पालन पूरे मध्यप्रदेश के किसी भी जिले में नहीं हो रहा है। इन्हीं सब विषय को लेकर आज नागरिक संरक्षण समिति के तत्वाधान में लोगों द्वारा कलेक्ट्रेट में एकत्रित होकर एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञात हो कि हमारे सीधी नगर के हर गली, चौराहे, नुक्कड़ में खुले में मांस बिक्री हो रही है जिस पर लीपापोती का काम चलता रहता है। प्रशासन मूकदर्शक बना रहता है और जनता व आम नागरिक, बच्चे, महिलाएं रोज इसको झेलते है। कई बार आंदोलन हुए, थोड़ा बहुत कार्यवाही भी हुई पर फिर उसी स्थिति या उससे भी बुरी स्थिति में नगर में खुले में मांस बिक्री की हालत है। इस पर सीधी का प्रशासनिक अमला कार्यवाही कर इनको ठीक करे। उक्त ज्ञापन में नागरिक संरक्षण समिति से सुमित जायसवाल, उमा सिंह, पुनीतमणि त्रिपाठी, पूनम तिवारी, रोहित तिवारी, उमा शर्मा, विनोद सोनी, अजय गुप्ता, राघवेंद्र सिंह, रवि सिंह चौहान, योगेंद्र सिंह, मिस्टर तिवारी, प्रकाश मिश्रा, राजेश तिवारी, नीरज मिश्रा, मुनीश त्रिपाठी, इंद्रबहादुर यादव, धीरज अवधिया, वीरेंद्र गुप्ता, अरुण गुप्ता, नरेंद्र यादव, राजेंद्र यादव, संतोष गुप्ता, दुर्गेश सोनी, अनूप वर्मा, शिवम सोंधिया, प्रशांत जायसवाल, जयनारायण विश्वकर्मा, राजू गुप्ता, संदीप पनाड़िया, दीपमाला गुप्ता, अंजली सोनी, अंजू वर्मा, वीणारानी जायसवाल, सुधा मिश्रा, सेजल चतुर्वेदी, दिव्या खरे, पुष्पांजलि विश्वकर्मा, नेहा खत्री मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

## मेंटिनेंस कार्य, 7 मई तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

जागरण,सीधी। अधीक्षक अभियंता (संचा-संधा) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. ने बताया है कि प्री मानसून कार्य हेतु 33 केव्ही लाइन एवं उपकेन्द्रों के मेंटीनेंस रख-रखाव एवं झाड़ कटिंग कार्य हेतु विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल को सीधी, चुरहट, रीवा फीडर सीधी से सोन नदी तक। 25 अप्रैल को रामपुर फीडर अगडाल से रामपुर तक। 26 को कोठिया फीडर अगडाल से कोठिया और कोठिया चुरहट कोष्ठा से मोहनिया टनल तक। 28 को पचोखर फीडर चुरहट से पचोखर तक। 29 को को धनहा फीडर अगडाल से अमिलहा तक। 1 मई को धनहा फीडर अमिलहा से धनहा तक, 2 मई को खड्डी फीडर धनहा से बरौं महान तक। 3 को सेमरिया से हनुमानगढ़ तक। 5 को सेमरिया से धनहा तक। 6 को बघवार फीडर अगडाल से बघवार तक एवं 7 मई को भरतपुर फीडर बघवार से भरतपुर तक फीडरों के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्रामों विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मेंटिनेंस का कार्य निर्धारित दिवसों में सुबह 6 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। कार्य की अधिकता के आधार पर समय को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

## शिवसेना ने किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



जागरण,सीधी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में शिवसेना ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री के खिलाफ वो ठीक भवन के सामने पोस्टर जलाए और घटना को सुरक्षा तंत्र की बड़ी नाकामी बताया। शिवसेना कार्यकर्ताओं ने मृत टूरिस्टों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मोमबत्ती जलाकर शोक सभा का आयोजन किया। साथ ही राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए गृह मंत्री से इस्तीफे की मांग की। प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय की अगुवाई में हुए इस विरोध प्रदर्शन में दर्जनों शिव सैनिक शामिल हुए। श्री पाण्डेय ने कहा देश की जनता जानना चाहती है कि खुफिया एजेंसियों की जानकारी के बावजूद ऐसा भयावह हमला कैसे हुआ। अब सिर्फनिंदा नहीं, जवाबदेही चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार को चेताया कि यदि इस हमले के दोषियों को शीघ्र दंड नहीं मिला और जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई तो शिवसेना का आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। शिवसेना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह देश के नागरिकों की सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करेगी। इस बीच शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय, संभाग संयोजक संत कुमार केवट, जिलाध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फ भोले, नगर अधिक जैनेंद्र सिंह मुन्ना, नगर उपाध्यक्ष मोनू मिश्रा, नगर सहसंयोजक राजन मिश्रा, युवा उपाध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा, अजय शुक्ला, आशीष चौहान, रामकुमार विश्वकर्मा, दीपक द्विवेदी सहित कई शिव सैनिक मौजूद रहे। शिवसेना ने ज्ञापन में कहा है कि हमले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच हो।

# अमिलिया पुलिस ने जब्त किया 2 किलो गांजा

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर में हो रही है कार्यवाई

### गांजा का परिवहन करने वाले आरोपी को अमिलिया पुलिस ने किया गिरफ्तार




जागरण,सीधी

मादक पदार्थ गांजा का परिवहन करने वाले आरोपी को अमिलिया पुलिस ने गिरफ्तार कर 02 किलो गांजे के साथ लगभग 39 हजार रूपए कीमती मशरुका जप्त किया। पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी अरविंद श्रीवास्तवए उप पुलिस अधीक्षक चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राजेश पांडेय के नेतृत्व मे अमिलिया पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से गांजा जप्त करते हुए आपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राजेश पाण्डेय को दिनांक 22 अप्रैल 25 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक मोटरसायकल में दो व्यक्ति बैठ कर गांजा लेकर सोनपुल तरफ से ग्राम अमिलिया की ओर आ रहे है। मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी अमिलिया ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया एवं एवं उनके निर्देशानुसार उप निरीक्षक देवराज सिंह परिहार के नेतृत्व में टीम का गठन कर मुखबिर सूचना की तस्दीक एवं कार्रवाई हेतु रवाना किया। पुलिस टीम जैसे ही ग्राम चमरौहा संतोषी पुलिया के पास पहुंची तो देखी कि सामने से मुखबिर के बताये अनुसार एक मोटर साइकिल में दो व्यक्ति आ रहे थे जो पुलिस को देख कर भागने का प्रयास किये जिसमे पीछे बैठने वाला व्यक्ति पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया एवं चालक मोटरसाइकिल के साथ भाग गया। पकडे गए व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम विमलेश चतुर्वेदी उर्फ ललन पिता भृगुनाथ चतुर्वेदी उम्र 38 वर्ष निवासी कोरौली कला थाना अमिलिया जिला सीधी का होना बताया एव मोटरसायकल चालक जो मोटरसाइकल लेकर भाग गया उसका नाम अजय मिश्रा पिता अनंत मिश्रा निवासी बडागाव थाना अमिलिया जिला सीधी मण्प्रण् का होना बताया। इसके बाद संदेही की तलाशी लेने पर उसके कब्जे में रखे बैग के अन्दर 02 पैकेट मिले जिसके अन्दर मादक पदार्थ गांजा पाया गया जिसका वजन 2.050 किलोग्राम कीमती करीबन 24 हजार रुपये का होना पाया गया। जिसके पश्चात बरामदशुदा गांजा एवं आरोपी के वीवो कंपनी का एनड्राइड मोबाइल कीमती 15 हजार रुपये कुल कीमती करीबन 39 हजार रूपए के मशरुका को जप्त कर आरोपी विमलेश चतुर्वेदी उर्फ ललन पिता भृगुनाथ चतुर्वेदी उम्र 38 वर्ष निवासी कोरौली कला थाना अमिलिया को गिरफ्तार कर थाना लाया गया एवं आरोपियो का यह कृत्य धारा 8ध्20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत दंडनीय पाए जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया एवं आरोपी विमलेश चतुर्वेदी उर्फ ललन पिता भृगुनाथ चतुर्वेदी उम्र 38 वर्ष निवासी कोरौली कला थाना अमिलिया को वैधानिक कार्रवाई उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राजेश पाण्डेयए उनि देवराज सिंह परिहार, प्रआर राजेंद्र सिंह, आरक्षक संदीप चतुर्वेदी, संदीप गुर्जर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।.

## लापता किशोरी को खंडवा से पुलिस ने किया दस्तयाब

जमोड़ी पुलिस ने लापता किशोरी को ढूंढ़कर खंडवा से दस्तयाब करते हुए परिजनों को सुपुर्द किया। पुलिस अधीक्षक डॉ.रवीन्द्र वर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सीधी गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन मे तथा थाना प्रभारी जमोड़ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व मे जमोड़ी पुलिस ने लापता किशोरी को खंडवा से दस्तयाब कर वैधानिक कार्रवाई उपरांत परिजनों को सुपुर्द किया है।

पुलिस के अनुसार थाना जमोडी जिला सीधी मे दिनांक 08 अप्रैल 2025 को एक परिजन ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराई की उनकी नाबालिक पुत्री घर से बिना बताये कही चली गई है। जिसकी पता तलाश आस-पडोस एवं रिश्तेदारी में किया लेकिन किशोरी का कोई पता नही चला। मामला गंभीर होने के कारण थाना प्रभारी जमोड़ी ने मामला पंजीबद्ध कर किशोरी की पता तलाश की लेकिन उस वक्त किशोरी के सम्बन्ध मे कोई जानकारी नहीं होने पर उसका कोई पता नहीं चल पाया। बीते दिन किशोरी के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त होने पर किशोरी को जमोड़ी पुलिस ने ढूंढ़कर खंडवा से दस्तयाब करते हुए वापस लाई जिसे परिजनों को सुपुर्द किया गया है। समस्त कार्रवाई मे थाना प्रभारी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, सउनि सुरेश सिंह, प्रआर गुरु प्रसन्न, महिला आरक्षक कृति त्रिपाठी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# आखिर दशकों बाद हिरन नदी पर नपा प्रशासन ने दिया ध्यान

## हिरन नदी के अतिक्रमण को हटाने 26 से शुरू होगी कार्यवाई

### नदी का किया जायेगा सीमांकन




जागरण,सीधी

नगर पालिका सीधी के अन्तर्गत आने वाले हिरन नदी की साफ– सफाई एवं अतिक्रमण हटाने की मांग लम्बें अर्से से की जा रही थी। पर इस ओर किसी का ध्यान नही जा रहा था। दसको बाद नगर पालिका प्रशान ने हिरन नाला की ओर नजर डाला है। शहर के हिरन नदी के अतिक्रमण को हटाने के लिये 26 अप्रैल से कार्यवाई शुरू होने वाली है। एसडीएम के निर्देश तहसीलदार गोपदबनास ने हिरन नदी क्षेत्र के सीमांकन के लिये दल गठित कर दिया है। जागरण की खबर का असर रहा कि अब हिरन नदी क्षेत्र का सीमांकन होगा और अवैध अतिक्रमण भी हटेगा। तहसीलदार गोपदबनास द्वारा हिरन नदी के सीमांकन कार्यवाई एवं अतिक्रमण को चिन्हित करने के लिये गठित दल को 26 अप्रैल 2025 को मौके पर पहुंचकर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। मालूम रहे कि शहर के बाजार क्षेत्र से प्रवाहित हिरन नदी का वजूद भारी अतिक्रमण के चलते खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। नदी से नाला और नाला से नाली में यह पुरानी नदी कई स्थानों में परिवर्तित हो चुकी है। हिरन नदी को अतिक्रमण मुक्त कर पुनर्जीवित करने की मांग लम्बे समय से शहरवासियों द्वारा की जा रही है। हिरन नदी के सीमांकन एवं अतिक्रमणों को चिन्हित करने के लिये भी पिछले वर्ष भी दल गठित किया गया था। किन्तु कुछ समय बाद बारिश शुरू होने की संभावना पर कोई कार्यवाई नहीं की गयी थी। अब फिर से लोगों की मांग ने जोर पकड़ा, जिसके चलते एसडीएम गोपदबनास को तहसीलदार को हिरन नदी के सीमांकन एवं अतिक्रमणों को चिन्हित करने के लिये निर्देशित करना पड़ा। अब कार्यवाई शुरू होने वाली है। नगर वासियों के द्वारा निरंतर हिरन नाला के अस्तित्व को बचाने की मांग की जाती रही है।

## सीमांकन एवं अतिक्रमण के लिये दल हुआ गठित

तहसीलदार गोपद बनास द्वारा आदेश जारी कर तहसील गोपद बनास अंतर्गत शहरी क्षेत्र ग्राम कोटहा नगर एवं ग्राम कोतरकला के हिरन नाला में हो रहे अवैध अतिक्रमण के संबंध में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास के निर्देशानुसार दिनांक 26.04.2025 को मौके से सीमांकन कार्यवाही एवं अतिक्रमण चिन्हित कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु तहसील गोपदबनास अंतर्गत दल का गठन किया गया है। गठित दल उक्त कार्यवाही निर्देशानुसार पूर्ण करते हुए प्रतिवेदन न्यायालय तहसीलदार तहसील गोपदबनास को प्रस्तुत करेंगे। जारी आदेशानुसार ग्राम कोटहा के लिए गठित दल में सत्यसागर पाण्डेय राजस्व निरीक्षक सीधी गिर्द-1, सतमन्यू विश्वकर्मा पटवारी हल्का करौंदिया, आशीष कुमार मिश्रा पटवारी हल्का गाड़ाबबन सिंह को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त सहयोग में संलग्न कर्मचारी कोटवार बृजेन्द्र बंसल, रोहित चौधरी, अवधलाल बंसल एवं राजकुमार बंसल को सम्मिलित किया गया है। ग्राम कोतरकला के लिए गठित दल में महेश प्रसाद शुक्ला राजस्व निरीक्षक गांधीग्राम, रविशंकर शुक्ला पटवारी हल्का सीधी गिर्द, मुकेश त्रिपाठी पटवारी हल्का पड़ैनिया कला को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त सहयोग में राजेश गुप्ता, दीपक बंसल, विजय बंसल, विश्वनाथ बंसल कोटवारों को सम्मिलित किया गया है।

# निगम के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

## अनाधिकृत कॉलोनियों के रहवासियों को विकास शुल्क जमा करनें आयोजित होंगे शिविर




जागरण, कटनी

नगर की चिन्हित पात्र अनाधिकृत कॉलोनियों में निवासरत नागरिकों को नागरिक सुविधाएं तथा भवन अनुज्ञा के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करनें शासन के कॉलोनी डेवलपमेंट नियम के अनुसार शिविरों को आयोजन कर कॉलोनी में रहने वाले नागरिकों से विकास शुल्क की राशि जमा कराकर भवन निर्माण के लिए नक्शा पास करनें की प्रक्रिया पूर्ण की जाए ताकि शान और स्वाभिमान के साथ स्वयं के स्वीकृत नक्शे के मकान में कॉलोनी के रहवासी रह सकें। उक्त निर्देश महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें बुधवार को आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

### शिविरों का करें पर्याप्त प्रचार-प्रसार

महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनाधिकृत कॉलानी के रहवासियों हेतु विकास शुल्क की राशि जमा करने के लिए आयोजित किये जाने वाले शिविरों का निगम के माध्यम सहित समाचार पत्रों सोशल मीडिया प्लेटफार्म आदि के माध्यमों से पर्याप्त प्रचार प्रसार किया जाए तथा शिविरों का आयोजन स्थल एवं समय नागरिकों की सुविधा की दृष्टि से निर्धारित किया जाए ताकि अनाधिकृत कॉलोनी में रहने वाले अधिक से अधिक नागरिकों को शिविरों के आयोजन संबंधी पूर्व सूचना मिल सके और वे शिविर का भरपूर लाभ प्राप्त कर सके। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए इस कार्य में स्थानीय पार्षदों का सहयोग भी लिये जानें के निर्देश महापौर श्रीमती सूरी ने दिए। महापौर नें आमजन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए आयोजित होने वाले शिविरों में विकास शुल्क की राशि जमा करनें हेतु नियमानुसार किश्तों की सुविधा प्रदान करनें तथा निर्मित ईडब्ल्यूएस व एलआईजी संरचनाओं के आधार पर नियमानुसार छूट का लाभ प्रदान करने की बात कही।

### शीघ्रता से पूर्ण करें निर्माण कार्य

महापौर श्रीमती सूरी ने बैठक में नगर में छात्र छात्राओं के पठन पाठन की सुविधा हेतु डीएमएफ मद के तहत नगर के के.सी.एस स्कूल में कराये जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा की गई। इसके अलावा अन्य विकास कार्यो के प्रस्ताव शीध्रता से तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। निगम मद से नगर के विभिन्न वार्डो में कराये जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यो की समीक्षा कर आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्रता से कार्यो को पूर्ण करानें के निर्देश विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों का उद्देश्य जनता के जीवन स्तर को सुधारना है इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि विकास कार्य समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर लिए जाएं।

### जलप्लावन की न हो समस्या

महापौर श्रीमती सूरी ने बैठक के दौरान जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक कराये जानें वाले निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा कर आगामी वर्षा ऋतु में स्थल पर उत्पन्न होने वाली जलप्लावन की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए जल निकासी की सुगम व्यवस्था हेतु नाला एवं शेष अन्य निर्माण कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण करनें के निर्देश दिए। इस दौरान वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था पूर्व से सुनिश्चित करनें के भी निर्देश महापौर ने दिए। बैठक में मार्ग के प्रभावितों को मुआवजा वितरण की कार्यवाही की समीक्षा की जाकर मुआवजा वितरण के कार्य में तेजी लानें के निर्देश दिए। बैठक में निगम के महत्वपूर्ण पत्राचारों एवं उन पर की गई कार्यवाही के संबध में भी विस्तार से चर्चा की जाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### प्लान तैयार कर सीवर का कार्य

निगमायुक्त ने शहर में कराये जाने वाले सीवर लाईन विस्तार के कार्य हेतु प्लानिंग के तहत स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल करते हुए क्षेत्र के नागरिकों को पूर्व से कार्य के संबंध में सूचित करनें के निर्देश दिए। निगमायुक्त नें कार्य प्रारंभ होने वाले स्थलों का प्रचार प्रसार के माध्यम से जानकारी आमजन तक पहुंचानें के निर्देश दिए ताकि आम नागरिकों को दिक्कतों का समाना न करना पड़े। बैठक में निगम के विभाग प्रमुख उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार, प्रभारी सहायक यंत्री सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, आदेश जैन उपयंत्री, शैलेन्द्र प्यासी, मोना कारेरा, मृदुल श्रीवास्तव, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, कार्यालय अधीक्षक नागेन्द्र पटेल, निगम सचिव पारसनाथ प्रजापति, अंबिकेश तिवारी, राकेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़कों पर बिना रोक-टोक दौड़ रहे ओवरलोड बगैर नंबर प्लेट बालू से भरे ट्रैक्टर-ट्राली



**लवकुशनगर।** खनिज, राजस्व और परिवहन विभाग की नाकामी कहें या इनकी मिलीभगत जिस कारण सड़कों पर फर्राटा भरते ओवरलोड रेत से भरे बगैर नंबर प्लेट के ट्रैक्टर जिसके अगले दोनों पहिए अचानक से हवा में उठ जाते हैं। चालक, बामुश्किल ट्रैक्टर को संभालता है। ब्रेकर या ऊंची जगह पर फिर दोनों पहिए हवा में नजर आते हैं। और सड़कों पर चल रहे राहगीरों में दहसत का माहौल बनाये हुए हैं। रेत से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली के ये खतरनाक स्टंट नगर के मुख्य मार्गों पर ये दृश्य आम हो गए हैं। इन पर जिम्मेदारों की नजर भी नहीं पड़ती कार्रवाई तो कोसों दूर है। नगर में दौड़ रहे रेत से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली बिना पटिया के नजर नहीं आते। तीन-तीन पटिया लगाकर रेत भरकर लाई जा रही है। हालत यह है कि ओवरलोड रेत से भरी ट्रॉली के साथ ट्रैक्टर सिर्फ दो पहियों पर चलता है। आगे के दो पहिए हवा में और ट्रैक पर पूरी तरह ऊपर उठ जाते हैं रफ़्तार इतनी की ट्रैक्टर के ब्रेक तक नहीं लगते हैं।

### क्या प्रशासन बगैर नंबर प्लेट और ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली पर करेगी कार्रवाई

आम जनता का कहना है कि प्रशासन की मिलीभगत से ही रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। अधिकारी, कर्मचारियों की कारगुजारी का खामियाजा लोगों को हादसे के रूप में भुगतना पड़ रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों की लचर कार्यप्रणाली के चलते ओवर लोड रेत से भरे और बगैर नंबर प्लेट ट्रैक्टर ट्रॉली बैखौफ होकर नगर और क्षेत्र की सडकों पर अंधी रफ्तार से दौड़ रहे हैं, लेकिन अफसरों द्वारा ओवरलोड ट्रैक्टरों पर कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण उनकी भूमिका पर सवाल उठाए जा रहे हैं। नगर के बीचोबीच से अंधी रफ्तार से गुजरने वाले रेत के यह वाहन अक्सर हादसों का कारण बन रहे हैं। लेकिन प्रशासन द्वारा इनके खिलाफ पुख्ता कार्रवाई नहीं की जा रही है ,जिसके चलते इन बालू माफियाओं के हौसले बुलंद हो रहें हैं।


**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

**NOTICE INVITING TENDER No. 342/MTN/2025 (Flood Damage-SR)**

No./4631/22/D-12/NIT-Maint./2025 Bhopal, Dated : 23.04.2025

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

- **SSR Applicable -** SSR issued by M.P Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.
- **Name of Work -** Special Repair of Roads/Culverts (Flood Damage)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Singrauli | 1 | 4614366.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **24.04.2025 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **09.05.2025 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**
M.P. Madhyam/119756/2025
"मेरी सड़क" ऐप डाउनलोड कर फीडबेक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।


# सेवार्थ विद्यार्थी कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक प्याऊ जल मंदिर का शुभारंभ

**कटनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटनी इकाई द्वारा सेवार्थ विद्यार्थी गतिविधियों की श्रृंखला में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के मुख्य द्वार के समीप सार्वजनिक प्याऊ जल मंदिर का शुभारंभ किया गया।



इस पुनीत कार्य का उद्घाटन एक भव्य समारोह के माध्यम से संपन्न हुआ, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक विनय बाजपेई, के.पी.यादव एवं माधुरी गर्ग की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नरसिंहपुर विभाग के संगठन मंत्री वसुंधरा सिंह, विभाग संयोजक सीमांत दुबे, जिला संयोजक ऋषभ त्रिपाठी एवं नगर मंत्री संजय कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं महाविद्यालय के छात्रगण उपस्थित रहे। इस आयोजन का उद्देश्य भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरों एवं विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराना है। परिषद द्वारा यह प्रयास सामाजिक सेवा एवं जनहित में अनुकरणीय पहल है, जो युवाओं को सेवा भावना से प्रेरित करता है। कार्यक्रम का संचालन उत्साहपूर्वक एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुआ तथा उपस्थित जनों ने विद्यार्थी परिषद की इस पहल की सराहना की।

# बढ़े हुए दिव्यांग वाहन भत्ता का आदेश न मिलने से दिव्यांग वर्ग परेशान

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को देय सभी तरह के भत्तों में मामूली बढ़त करने से जहाँ एक ओर सामान्य वर्ग के कर्मचारियों में राहत भरा सकून है, वहीं प्रदेश के दिव्यांग कर्मचारियों को बढ़े हुए वाह्न भत्ते से जुड़ा आदेश आज पर्यन्त तक न मिलने से यह संवर्ग वेह्द हताश और परेशान नजर आ रहा है, आदेश प्राप्त करने की प्रत्यासा में जोर शोर से माथा पच्ची कर रहे संयुक्त मोर्चा संघ के संस्थापक सरमन तिवारी, प्रवक्ता कुंवर मार्तण्ड सिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष आर.के.बत्रा, सचिव हरप्रीत सिंह ग्रोवर और महामंत्री सुनील मिश्रा ने बताया कि दिव्यांग कर्मचारियों से जुड़ी इस समस्या को हल कराने हेतु उनका संगठन लगातार प्रयासरत है।

# युवक ने 8 साल की बच्ची को बेरहमी से पीटा

**छतरपुर।** बड़ामलहरा थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। बताया गया है कि यहां एक 8 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ युवक ने बेरहमी से मारपीट की है। परिजन, बच्ची को गंभीर हालत में पहले बड़ामलहरा अस्पताल ले गए और इसके बाद बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल बच्ची जिला अस्पताल के पीआईसीयू वार्ड में उपचाररत है। बच्ची के पिता ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि आरोपी बलराम यादव, निवासी मंडी के पास बड़ामलहरा ने उसकी बेटी के चेहरे पर पत्थर से वार किया, उसका एक कान काट डाला और कपड़ों के साथ छेड़छाड़ भी की। परिजनों के मुताबिक घटना के बाद बच्ची बेहद डरी-सहमी हुई हालत में मिली। बच्ची की हालत नाजुक होने के कारण परिजन थाने नहीं जा सके और घटना के बाद बच्ची को सीधे बड़ामलहरा से जिला अस्पताल लेकर आए। डॉ. मनोज चौधरी ने बताया कि बच्ची के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, उसे फिलहाल पीआईसीयू में भर्ती कर इलाज दिया जा रहा है। हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। उक्त घटना को लेकर परिजनों में आक्रोश है और उनके द्वारा शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई है। उक्त घटना की जानकारी मिलने के बाद एएसपी विदिता डागर और महिला थाना प्रभारी तत्काल जिला अस्पताल पहुँचीं, जहां उन्होंने परिजनों से बात कर पूरे मामले की जानकारी ली और बच्ची के स्वास्थ्य का अपडेट लिया।


**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।


# ईट राइट चैलेंज के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा चलाया जा रहा विशेष अभियान

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर ईट राइट चैलेंज के अंतर्गत सही भोजन स्वस्थ जीवन के प्रति स्कूली बच्चों को जागरूक करने एवं स्कूल में प्रदाय किए जा भोजन की गुणवत्ता जांच हेतु जिले के समस्त स्कूलों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही खाद्य सुरक्षा के प्रति बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। जिससे बच्चे जंक फूड एवं फास्ट फूड का कम से कम उपयोग करें। बच्चों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन का ही उपयोग करने की समझाइश दी जा रही है। इसी तारतम्य में शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला इमलिया तथा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बड़वारा के स्कूलों में भोजन की जांच की गई एवं आटा, चावल, दाल, तेल के नमूने लिए लिए गए है। साथ ही ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत फास्ट फूड, जंक फूड की दुकानों एवं चौपाटी की सघन जांच कर साफ सफाई के निर्देश दिए गए और एफएसएसएआई लाइसेंस पंजीयन लेकर ही व्यवसाय करने के बारे में बताया गया। मौके पर व्यापारियों को सिंथेटिक फूड, कलर, अजीनोमोटो आदि का उपयोग नहीं करने के निर्देश दिए गए। चौपाटी की 2 दुकानों में सड़ी हुई पत्ता गोभी को नूडल्स में डालने के लिए रखा होना पाए जाने पर मौके पर ही नष्ट कराया गया। साथ ही मौके पर मोबाइल फूड लैब के माध्यम से विक्रय किए जा रहे चाट, फुल्की, चटनी, सॉस, पनीर वगैरह की त्वरित जांच की गई।


**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

No./4628/22/D-12/MPRRDA/2025 Bhopal, Dated : 23.04.2025

**NOTICE INVITING TENDER No. 1225 (PM-JANMAN) (Batch- III, Year-2024-25)**

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in.** as detailed below;

- **Name of Work -** Construction/Up-gradation of Rural Roads under PMGSY including maintenance for Five year after construction.
- **SSR Applicable -** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority, effective from 01.01.2024 and amended upto issue date of NIT.
- **Table-1 : PMAJANMAN-Batch-III**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | No. of Road | Total Length (in kms) | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Singrauli | 1 | 1 | 1.50 | 7810987.00 |

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission :** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in.** The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchase online from **24.04.2025 (17:30 hrs)** and last date for online bid submission is **09.05.2025 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**
M.P. Madhyam/119757/2025
"मेरी सड़क" एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।



**कार्यालय नगर परिषद मऊगंज, जिला- मऊगंज (म.प्र.)**
Cmomahuganj@mpurban.gov.in

क्रमांक- 1073/ई-टेंडर/NP./2025 रीवा, दिनांक 22.04.2025

**निविदा सूचना आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_418440_1 दिनांक 23.04.2025 | वार्ड क्र.01 में NS7 से सुखचैन पटेल के घर तक रिन्यूअल CC रोड निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 1. 30 दिवस 2. 355490/- | 1. 2000/- 2. 3555/- | 08.05.2025 |
| 2. | 2025_UAD_418441_1 दिनांक 23.04.2025 | वार्ड क्र.02 में मोहन कोल से वंशपति साकेत के घर तक RCC नाली निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 1. 30 दिवस 2. 112693/- | 1. 1000/- 2. 2555/- | 08.05.2025 |
| 3. | 2025_UAD_418442_1 दिनांक 23.04.2025 | वार्ड क्र.08 में त्रिमूर्ति भवन से विश्राम गृह बाउंड्री तक PCC रोड निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 1. 30 दिवस 2. 376070/- | 1. 2000/- 2. 3760/- | 08.05.2025 |
| 4. | 2025_UAD_418443_1 दिनांक 23.04.2025 | वार्ड क्र.11 में जेल रोड से राममणि पटेल के घर तक WBM रोड निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 1. 30 दिवस 2. 216844/- | 1. 2000/- 2. 2170/- | 08.05.2025 |
| 5. | 2025_UAD_418444_1 दिनांक 23.04.2025 | वार्ड क्र.02 में सदन केवट के घर से नर्वदा कोल तक PCC रोड निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 1. 30 दिवस 2. 155587/- | 1. 1000/- 2. 3112/- | 30.05.2025 |
| 6. | 2025_UAD_418445_1 दिनांक 23.04.2025 | वार्ड क्र.02 में कैलाश चौरसिया के घर से बाबूलाल केवट के घर तक WBM रोड निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 1. 30 दिवस 2. 152292/- | 1. 1000/- 2. 3046/- | 30.05.2025 |
| 7. | 2025_UAD_418446_1 दिनांक 23.04.2025 | वार्ड क्र.02 में संघ कार्यालय से शीतला के घर तक PCC रोड निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 1. 30 दिवस 2. 514508/- | 1. 2000/- 2. 5145/- | 30.05.2025 |
| 8. | 2025_UAD_418447_1 दिनांक 23.04.2025 | वार्ड क्र.08 में रामलखन साकेत से रामजियावन तक RCC नाली निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 1. 30 दिवस 2. 101109/- | 1. 1000/- 2. 2000/- | 30.05.2025 |
| 9. | 2025_UAD_418448_1 दिनांक 23.04.2025 | वार्ड क्र.08 में सोनी के घर से बरांव रोड तक RCC नाली निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 1. 30 दिवस 2. 756371/- | 1. 2000/- 2. 7565/- | 30.05.2025 |
| 10. | 2025_UAD_418449_1 दिनांक 23.04.2025 | वार्ड क्र.11 में इन्द्रलाल प्रजापति से सौखीलाल प्रजापति के घर तक WBM रोड निर्माण कार्य (तृतीय आमंत्रण) | 1. 30 दिवस 2. 96097/- | 1. 1000/- 2. 2000/- | 30.05.2025 |
| 11. | 2025_UAD_418450_1 दिनांक 23.04.2025 | वार्ड क्र.02 में बृजमोहन से छठीलाल साकेत के घर तक RCC नाली निर्माण कार्य (तृतीय आमंत्रण) | 1. 30 दिवस 2. 403286/- | 1. 2000/- 2. 4035/- | 30.05.2025 |
| 12. | 2025_UAD_418451_1 दिनांक 23.04.2025 | वार्ड क्र.02 में ठाकुरदीन साकेत से रामलाल साकेत के घर तक पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य (चतुर्थ आमंत्रण) | 1. 30 दिवस 2. 111585/- | 1. 1000/- 2. 2240/- | 30.05.2025 |
| 13. | 2025_UAD_418452_1 दिनांक 23.04.2025 | वार्ड क्र.02 में रामावतार कोल से पंचम साकेत के घर तक RCC नाली निर्माण कार्य (चतुर्थ आमंत्रण) | 1. 30 दिवस 2. 438610/- | 1. 2000/- 2. 4390/- | 30.05.2025 |

**नोटः**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद मऊगंज**
**जिला-मऊगंज ( म.प्र. )**



**प्लाट बेचना है**

मेन रोड में कमर्शियल प्लाट 35×60=2100 वर्गफिट प्रार्थना हॉस्पिटल के सामने, रीवा हॉस्पिटल के आगे, PTS से नया बस स्टैंड मेन रोड में स्थित, एवं 50×100 का प्लाट लैंडमार्क के पास स्थित, संपर्क सूत्रः- 6265855274, 7000797858
RN GMSir (22/4)



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग सिगरौली (म.प्र.)**
निविदा आमत्रण ई-टेन्डरिंग
म.प्र.शासन

निविदा सूचना क्रमांक 03/ई-टेन्डरिंग/2025-26 सिंगरौली, दिनांक 18.04.2025

निम्नलिखित कार्यो की निविदा ऑनलाईन के माध्यम से पंजीकृत संविदाकारों एवं कम्पनियों पूर्ण पंजीकरण मापदण्ड से आमंत्रित किये जाते है।

| स.क्र | जिला | ऑनलाईन टेंडर क्रमांक | निविदा आमंत्रण का काल | कार्य का नाम | पी.ए.सी. (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सिगरौली | 2025_PWDRB_417699 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग बैढ़न अंतर्गत कुड़िया नाला गोदाम से सुहिरा पहुंच मार्ग लंबाई 3.35 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 285.98 | 285980 | 15000 | 09 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। निविदा मुख्य अभियंता कार्यालय रीवा में खोली जावेगी। |
| 2 | सिगरौली | 2025_PWDRB_417700 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग देवसर अंतर्गत गोपद नदी से करदा पहुंच मार्ग लंबाई 3.25 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 219.83 | 219830 | 15000 | 06 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। निविदा मुख्य अभियंता कार्यालय रीवा में खोली जावेगी। |
| 3 | सिगरौली | 2025_PWDRB_417701 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग देवसर अंतर्गत कोल्हुआ से तिनगुड़ी पहुंच मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 216.13 | 216130 | 15000 | 06 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। निविदा मुख्य अभियंता कार्यालय रीवा में खोली जावेगी। |
| 4 | सिगरौली | 2025_PWDRB_417702 | चतुर्थ आमंत्रण | उपसंभाग बैढ़न अंतर्गत छतौली से बुधरिया टोला मार्ग लं. 3.00 कि.मी., रौंदी से बेतरिया मार्ग लं. 1.00 कि.मी. कुल लम्बाई 4.00 कि.मी. में बी.टी. रेन्युवल का कार्य। | 28.17 | 50000 | 5000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। निविदा मुख्य अभियंता कार्यालय रीवा में खोली जावेगी। |
| 5 | सिगरौली | 2025_PWDRB_417704 | चतुर्थ आमंत्रण | उपसंभाग बैढ़न अंतर्गत मयार नदी भमौरा से गहिडार पहुंच मार्ग लं. 2.70 कि.मी. में बी.टी. रेन्युवल का कार्य। | 22.59 | 45180 | 5000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। निविदा मुख्य अभियंता कार्यालय रीवा में खोली जावेगी। |
| | | | | योग- | 772.70 | | | | |

1. ऑनलाईन पोर्टल https:mpetenders.gov.in/nicgep/app के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाईन बिड संबमिशन की प्रारम्भिक तिथि दिनांक 25.04.2025 से अंतिम तिथि दिनांक 14.05.2025 सांय 17:30 तक निर्धारित है। निविदा दिनांक 16.05.2025 को खोली जावेगी।
2. निविदा संबंधी दस्तावेज केवल आनलाईन ही मान्य किये जायेंगे।
3. निविदा से संबंधित संशोधित समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेबसाईट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आंमत्रण सूचना व अन्य जानकारियाँ उपरोक्त बेबसाईट पर देखा जा सकता है।

G-11870/25

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग**
**संभाग सिंगरौली (म0प्र0)**



**म0प्र0 गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)**

**भवन लीज नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बोदाबाग हाउसिंग बोर्ड कालोनी रीवा में आवंटित एल.आई.जी. भवन क्रमांक 34 श्रीमती अरूणा दीक्षित पति स्व. श्री महेश्वरी प्रसाद दीक्षित (एम.पी. दीक्षित) को आवंटित है। जिनकी मृत्यु दिनांक 15.08.2022 को हो गई है, एवं अनुबंध के नामजदगी में श्री आशीष कुमार दीक्षित पिता स्व. श्री महेश्वरी प्रसाद दीक्षित (एम.पी. दीक्षित) का नाम दर्ज है। उक्त भवन के लीज नामान्तरण हेतु श्री आशीष कुमार दीक्षित पिता स्व. श्री महेश्वरी प्रसाद दीक्षित (एम.पी. दीक्षित) के द्वारा इस कार्यालय में दिनांक 22.04.2025 को ऑनलाइन आवेदन पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर एल.आई.जी. भवन क्रमांक 34 बोदाबाग हाउसिंग बोर्ड कालोनी का लीज / भवन नामान्तरण अपने नाम किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उक्त भवन स्थानांतरण में यदि मृतक के परिवार के किसी अन्य सदस्य को कोई आपत्ति हो अथवा इसमें किसी प्रकार का स्वामित्व रखता हो तो या मूल आवंटी द्वारा उक्त भवन को किसी अन्य व्यक्ति / संस्था को रहन, दान, विक्रय आदि किया गया हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर ठोस प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समय व्यतीत हो जाने के बाद कोई आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नही किया जावेगा एवं भवन का लीज नामान्तरण श्री आशीष कुमार दीक्षित पिता स्व. श्री महेश्वरी प्रसाद दीक्षित (एम.पी. दीक्षित) के नाम पर कर दिया जावेगा।

RN- 82062

(दीपेश रत्नाकर)
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)








**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

**आवश्यकता है**

आफिस कार्य हेतु महिलाओं एवं युवतियों की योग्यता 10वीं , 12वीं मान्य सैलरी 5000 कमीशन के साथ 10,000-15000 महीना कमाए। शीघ्र संपर्क करें। 8827300943, 8349969546
RN 82059 (24/4)

# नोटिस में देरी किए जाने को लेकर अहिरवार समाज संघ ने दिया ज्ञापन



**जागरण बैढ़न।** अहिरवार समाज संघ की महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष श्रीमती रीता वर्मा के नेतृत्व में निगाही परियोजना द्वारा नोटिस दिए जा रहे देरी को लेकर ज्ञापन दिया गया निगाही परियोजना द्वारा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं ओबीसी के लोगो का शोषण किया जा रहा है खदान बिल्कुल घर के पास हो जाने के बाद भी लोगों को नोटिस मुवावजा नहीं दिया जा रहा है जबकि ब्लास्टिंग से कई घर गिर गए हैं एवं कुछ लोग घायल हो गए हैं जो जिला अस्पताल में उनकी दवाई चल रही है अक्टूबर 24 से नोटिस बाटी जा रही है लेकिन इन 7 महीना के अंदर नोटिस नहीं बट चुका है शोषण किया जा रहा है जबकि धारा 09 एक साथ लगा सभी को नोटिस एक बार मिलनी चाहिए लेकिन शासन प्रशासन एवं कंपनी की मिली भगत से 50.100 लोगों को नोटिस बाटी जा रही है वह भी तीन.तीन चार.चार महीने के अंतराल में ऐसे में कई वर्ष लग जाएंगे नोटिस बाटने में कई मौते हो जाएंगी कई घर गिर जाएंगे कंपनी द्वारा देरी होने पर ब्याज देने की बात कही गई है निगाही के बगल में ही एनसीएल गोरबी बी द्वारा नापी के 1साल के अंदर ही नोटिस एवं मुवावजा का भुगतान एक साथ कर दिया गया है लेकिन निगाही द्वारा नापी के 3वर्ष बाद भी नहीं किया जा रहा है 31 मार्च 24 के बाद मिलने वाले नोटिस में पूर्व में कितना मुवावजा बना था उस पर कितना ब्याज बना है अंकित होना चाहिए तथा कितने दिन में मुआवजा वितरण करेगी इसकी भी जानकारी दी जाए और जब तक मुआवजा एवं नोटिस नहीं मिल पा रहा है तब तक खदान का काम बंद कर दिया जाए आगर ब्लास्टिंग एवं काम बंद नही किया जाता है तो कई घर एवं घर मे दबकर कई जाने चली जायेगी ज्ञापन अपर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया अहिरवार समाज संघ संभागीय प्रभारी इन्द्रेश कुमार वर्मा सभी प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष एव पदाधिकारी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## जलगंगाअभियान के तहत ग्राम पंचायत निवास में स्थित चौखड़ा तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ

**जागरण बैढ़न।** जल गंगा संवर्धन अभियान अपने कल के लिए आज से जल संरक्षण करने का एक अभिनव प्रयास है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के द्वारा पूरे प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून के बीच जल गंगा संवर्धन अभियान चलाकर जल संचयन सरचनओं जिन में ताबाल बाबड़ियो नदियो की साफ सफाई कर उनको नया स्वरूप दिया जा रहा है वही नवीन जल संचयन संरचनाओं का निर्माण भी कराया जा रहा है। इसके साथ आम लोगो को रूफ वाटर हर्वेस्टिंग हैन्डो पम्पो के समीप सोकपिट आदि का निर्माण कराने हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है। सिंगरौली जिलें में कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के नेतृत्व में जल गंगा सर्वधन अभियान चालाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आजजल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नवांकुर संस्था राजा भैया बहुउद्देशीय विकास समिति निगरी द्वारा सेक्टर निवास अन्तर्गत ग्राम पंचायत निवास में चौखड़ा तालाब का जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन व रैली निकाल कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एवं नोडल अधिकारी कृषि विस्तार देवसर के द्वारा उपस्थित जनों को जल संरक्षण को लेकर बरसात का पानी संचयन हेतु शपथ दिलाई गई।

## सिंगरौली महोत्सव एवं नगर गौरव दिवस के तैयारियों की बैठक आयोजित

**जागरण बैढ़न।** कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के उपस्थिति में मई में आयोजित होने वाले सिंगरौली महोंत्सव एवं नगर गौरव दिवस के आयोजन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा निर्देश दिए गए कि सिंगरौली महोंत्सव एवं नगर गौरव दिवस का आयोजन गरिमामय एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाना है। यह आयोजन 24 मई से लेकर 27 मई तक आयोजित होगा जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा आयोजन के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। तथा कलेक्टर ने आयोजन के सफल क्रियान्वन हेतु बैठक के दौरान समितियों का गठन कर जिलाधिकारियों को दायित्व सौपा गया है। साथ ही इस आशय के भी निर्देश दिए गए है कि अधिकारी सौपे गये दायित्वों समय पर पूर्ण कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम सृजन बर्मा नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की सौरभ मिश्रा देवेन्द्र द्विवेदी जिला पंचायत के अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एन.के जैन जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर जिला आबकारी अधिकारी खेम राज श्याम जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह प्राचार्य अंग्रणी महाविद्यालय एमयू सिद्दीकी नगर निगम के उपायुक्त आरपी बैस लोक सेवा प्रबंधक रमेश पटेल सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## एंबुलेंस न मिलने से अधेड़ की हुई मौत

**जागरण ब्यौहारी।** सिविल अस्पताल में सरवाही कला के निवासी श्रीनिवास सिंह नेटी को भर्ती कराया गया था जहां उनकी हालत गंभीर होने लगी जिससे उनको रीवा रेफर किया गया लेकिन 3 घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंची 3 घंटे तक एंबुलेंस ना पहुंचने के बाद प्राइवेट गाड़ी से रीवा लाया जा रहा था जहां उनके रास्ते में ही मौत हो गई इस संबंध में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अजय सिंह पेंड्रो द्वारा ज्ञापन सोपा गया है कि एंबुलेंस व्यवस्था को शीघ्र सुधार कराया जाए।

## पहलगाम आतंकी हमला : बाणसागर के नागरिकों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, हिंदू पर्यटकों की सुरक्षा की उठी मांग

**बाणसागर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले, जिसमें धर्म पूछ-पूछ कर 28 निर्दोष हिंदू पर्यटकों की हत्या कर दी गई, को लेकर आज बाणसागर परिक्षेत्र के नागरिकों में तीव्र आक्रोश देखा गया। इस क्रूर कांड के विरोध में आज ही स्थानीय नागरिकों ने एकत्र होकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में नागरिकों ने हमले की घोर निंदा करते हुए मांग की है कि आतंकियों को तुरंत पकड़कर कठोरतम दंड दिया जाए। साथ ही, हिंदू पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार से ठोस और प्रभावी सुरक्षा उपाय लागू करने की अपील की गई है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि धर्म के आधार पर की गई हत्याएं न केवल मानवता का अपमान हैं, बल्कि देश की एकता और सांप्रदायिक सौहार्द को भी चुनौती देती हैं। नागरिकों ने यह भी अनुरोध किया कि शहीद पर्यटकों के परिजनों को सम्मानजनक सहायता और मुआवजा प्रदान किया जाए।

ज्ञापन आज ही संबंधित अधिकारियों के माध्यम से राष्ट्रपति कार्यालय को भेजा गया, जिसमें बाणसागर क्षेत्र के नागरिकों की पीड़ा, चिंता और राष्ट्र के प्रति उनकी एकजुटता स्पष्ट झलकती है।

## बनाए गए कंट्रोल रूम

**जागरण मंडला।** 30 अप्रैल अक्षय तृतीया व अन्य विवाह मुहूर्तों में बाल विवाह की रोकथाम हेतु जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम कार्यालय वन स्टॉप सेंटर जिला मण्डला दूरभाष 07642-252699, प्रभारी अधिकारी श्रीमती मधुलिका उपाध्याय प्रभारी प्रशासक मो.नं. 9131670364 है। साथ ही कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना मण्डला श्री अनूप कुमार नामदेव, परियोजना अधिकारी मो.नं. 9977094310, कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना नैनपुर श्रीमती रेखा सैयाम, परियोजना अधिकारी मो.नं. 8103890508, कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना मवई श्री ओमकार सिंह मसराम, परियोजना अधिकारी मो.नं. 8959888724, कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना बिछिया श्री विनोद वाह्ने, परियोजना अधिकारी मो.नं. 7999913778, कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना घुघरी श्री श्याम सिंह ठाकुर परियोजना अधिकारी मो.नं. 6260610481, संपर्क कर सकते हैं।

## परियोजना कार्यालय में आयोजित की गई रंगोली प्रतियोगिता

**जागरण ब्यौहारी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज लारोकर के मार्गदर्षन में पोषण पखवाड़ा अंतर्गत परियोजना कार्यालय ब्यौहारी में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत आजीविका मिषन एवं महिला बाल विकास के अधिकारी / कर्मचारी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थी। रंगोली प्रतियोगिता अंतर्गत किषोरी बालिकाएं प्रतिभागी थी। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान पर कु. षिवानी प्रजापति थी। कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य रूप से आजिविका मिषन से श्री वृंदावन राठौर एवं श्री मैथली शरण त्रिवेदी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्र्म के समापन में परियोजना अधिकारी श्रीमती रोषनी गौतम द्वारा पोषण पखवाड़ा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही वार्ड क्रमांक 5 में श्रीअन्न एवं स्थानीय स्तर पर पोषक तत्वों से भरपूर अनाजों एवं सब्जियों से बने व्यंजनों का प्रदर्षन किया गया।




## आज हमारी जीवनशैली में तकनीकी ज्ञान का होना बहुत जरूरी है : संपतिया उइके



**जागरण मंडला।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि आधुनिक युग में तकनीकि ज्ञान का होना बहुत जरूरी है। जिस प्रकार से हमारे शरीर को ऑक्सीजन की जरूरत होती है, उसी प्रकार से अब हमारी जीवनशैली के लिए तकनीकि ज्ञान का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लगातार तकनीकि और कौशल विकास के क्षेत्रों को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत देश में इन क्षेत्रों में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके बुधवार को जिला योजना भवन में आयोजित प्रोजेक्ट स्वाध्याय कॉडिंग फॉर ऑल के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर नगरपालिका मंडला अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट सहित विभागीय अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि भारत देश में अधिकांश नागरिक सोशल मीडिया से जुड़े हैं। अपने रोजाना की दिनचर्या में स्मार्ट फोन का उपयोग करते हैं हम तकनीकि ज्ञान के माध्यम से इन क्षेत्रों में भी रोजगार प्राप्त कर सकते हैं इसलिए आधुनिक युग में तकनीकि ज्ञान सीखना बहुत जरूरी है।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा प्रारंभ किया गया प्रोजेक्ट स्वाध्याय कोडिंग फॉर ऑल विद्यार्थियों के तकनीकि ज्ञान के लिए एक शानदार पहल है। इससे विद्यार्थियों में तकनीकि ज्ञान बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट स्वाध्याय में कक्षा 9वी से कक्षा 12वी तक के छात्र-छात्राएं घर बैठे मोबाईल के माध्यम से निःशुल्क कोडिंग का प्रशिक्षण प्रदान कर सकेंगे। इसमें बेहतर कार्य करने वाले विद्यार्थियों को उनकी योग्यता के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए कॉन्क्लेव समिट का आयोजन कर रहे हैं। प्रोजेक्ट स्वाध्याय में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को भी इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि प्रोजेक्ट स्वाध्याय जिले में विद्यार्थियों को तकनीकि ज्ञान सीखने के लिए महत्वपूर्ण पहल है। इससे विद्यार्थी कम आयु में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मंडला जिले में प्रोजेक्ट स्वाध्याय का शुभारंभ होने से विद्यार्थियों को तकनीकि ज्ञान सीखने में मदद मिलेगा। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने प्रोजेक्ट स्वाध्याय के लिए जिला प्रशासन की इस पहल की जमकर प्रशंसा की।

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने बताया कि प्रोजेक्ट स्वाध्याय कोडिंग फॉर ऑल में जिले के शासकीय स्कूलों के कक्षा 9वी से कक्षा 12वी तक के विद्यार्थियों को घर बैठे मोबाईल के माध्यम से कोडिंग सीखाया जायेगा। इसमें विद्यार्थी कोड योगी के माध्यम से ऑनलाईन मोबाईल के द्वारा पंजीयन कराकर टेलीग्राम ऐप के जरिए सरल तरीके से 3 से 6 माह में कोडिंग सीख सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट स्वाध्याय के अंतर्गत जिले के 208 स्कूलों में नोडल शिक्षक का कोड योगी अंतर्गत पंजीयन कराया जाना है। इसमें जिले के 50 हजार 335 विद्यार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर ने कहा कि प्रोजेक्ट स्वाध्याय के माध्यम से जिले के विद्यार्थियों को आईटी के क्षेत्र में जाने का अवसर मिलेगा। विद्यार्थियों को कम उम्र में रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी निःशुल्क मोबाईल कोडिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रदेश को आईटी हब बनाने में अपनी सहभागिता दर्ज करेंगे।

## आजीविका पुस्तकालय का उद्घाटन सम्पन्न



### ज्ञान दान उज्जवल भविष्य की ओर एक कदम

**जागरण डिंडोरी।** मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन डिंडोरी अंतर्गत जिले में संचालित सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र औरई रोड में ज्ञानदान अभियान एवं आजीविका पुस्तकालय का शुभारंभ 22 अप्रैल 2025 को किया गया। ज्ञानदान अभियान अंतर्गत समुदाय के लोगों को स्वेच्छा से यूपीएससी, एसएससी बैंकिंग, रेलवे और राज्य सरकार की परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों के दान हेतु प्रेरित किया जावेगा। यह पुस्तकालय ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों और युवाओं को शिक्षा सामग्री उपलब्ध करना, विशेष रूप से स्वयं सहायता समूह परिवारों के लिए ज्ञान साझा करने व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करेगी। कोई भी व्यक्ति प्रतियोगिता परीक्षाओं की पुस्तकें दान कर सकते है, श्री रूदेश परस्ते जिला पंचायत डिण्डोरी ने कहा कि सम्पूर्ण जिले की महिलायें उन्नति प्रशिक्षण केन्द्र डिण्डौरी मे आती है निश्चित ही क्षेत्र मे रहने वाले युवाओं का भविष्य इस केन्द्र के माध्यम से उज्जवल होगा। आजीविका ज्ञान केन्द्र की स्थापना के समय जयश्री नारायणडीह, कुसुम धुमकेती, अंजला धुमकेती, करिश्मा मसराम बिजौरा, पूजा राजपूत डिण्डौरी, मेघा नन्देहा पुस्तकों का दान किया, इस आजीविका पुस्तकालय का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष माननीय श्री रूदेश परस्ते जी द्वारा फीता काट कर किया गया। कार्यक्रम में आजीविका समूह की दीदी स्कूल कॉलेज के बच्चे ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक श्री जे एस पट्टा जिला प्रबंधक, श्रीमती निशा रानी पड़वार, श्री केशव प्रजापति, श्री टी के दास, श्री राम कुमार परस्ते, श्री संजीव रंजन, सुश्री नानबाई धुर्वे व सीएलएफ अध्यक्ष सुश्री सुहागवती मालवे, सुश्री मीना बनवासी, सचिव सुश्री सम्पतिया धुर्वे, शारदा धुर्वे एवं समूह की दीदीयां उपस्थित रहें।

## कलेक्टर ने किया बिछिया एसडीएम कोर्ट का निरीक्षण



**जागरण मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा बिछिया विकासखंड भ्रमण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय बिछिया पहुँचे। उन्होंने बिछिया एसडीएम कोर्ट का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कोर्ट में लम्बित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकसेवा से संबंधित आवेदन लोकसेवा के माध्यम से ही ऑनलाईन प्राप्त करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## एसडीएम शहपुरा की नई पहल : ई-केवाईसी में उत्कृष्ट विक्रेताओं को सम्मान

**जागरण डिंडोरी।** एसडीएम शहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्मा ने शहपुरा व मेंहदवानी ब्लॉक की उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं की बैठक ली। समीक्षा में पाया गया कि दोनों ब्लॉकों में लगभग 81त्न उपभोक्ताओं की ईकेवाईसी पूर्ण हो चुकी है। 90त्न से अधिक ईकेवाईसी करने वाले 14 विक्रेताओं को टब और चटाई देकर सम्मानित किया गया। इससे अब राशन वितरण के दौरान अनाज फर्श पर गिरने की बजाय साफ-सफाई से बड़े टबों में होगा। सभी विक्रेताओं को 30 अप्रैल 2025 तक शत-प्रतिशत ईकेवाईसी पूर्ण करने के निर्देश। वृद्ध व असमर्थ उपभोक्ताओं की घर-घर जाकर ई-केवाईसी करने के निर्देश। 'मेरा ईकेवाईसी ऐप' से प्रक्रिया को आसान बनाया गया है। मृत, विवाह, डुप्लीकेट उपभोक्ताओं की पहचान कर सूची से हटाने की कार्यवाही। पात्र उपभोक्ता 30 अप्रैल तक ईकेवाईसी अवश्य करवा लें, ताकि आगामी स्मार्ट पीडीएस व्यवस्था में बिना बाधा राशन प्राप्त हो सके।



संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# अमेरिकी शिक्षा व्यवस्था पर मंडरा रहा संकट

अमेरिका में जबसे डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता संभाली है, उनका हर कदम विवादों में घिर जाता है। अभी हावर्ड विश्वविद्यालय का अनुदान रोकने पर विवाद थमा भी न था कि विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के एक हजार से अधिक अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों का वीजा रद्द किए जाने को लेकर नया विवाद छिड़ गया है। इन विद्यार्थियों में हावर्ड, स्टैनफोर्ड , मैरीलैंड और ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी जैसे सार्वजनिक संस्थानों के विद्यार्थी भी शामिल हैं। बहुत सारे विद्यार्थियों का कहना है कि उन्हें गलत तरीके से बाहर निकाला जा रहा है।

उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्रालय की इस कार्रवाई को अदालतों में चुनौती दी है। अमेरिकी विदेश विभाग के इस कदम से उन विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। उन्हें बीच में अपनी पढ़ाई छूटने का भय सताने लगा है। इन विद्यार्थियों में सबसे अधिक संख्या भारतीयों की है, उसके बाद चीनी विद्यार्थियों की संख्या है। शैक्षणिक संस्थानों का कहना है कि कुछ विद्यार्थियों के खिलाफ यातायात उल्लंघन जैसे पुराने मामलों के आधार पर कार्रवाई की गई है, जबकि कुछ विद्यार्थियों ने फिलिस्तीन के समर्थन में हुए आंदोलन में हिस्सा लिया था।

पहले ही ट्रंप प्रशासन की सख्ती और कटौती के कारण मार्च से अब तक विद्यार्थी वीजा में करीब तीस फीसद की कमी आई है। मगर अब वहां पढ़ने गए विद्यार्थियों के खिलाफ पुराने मामले तलाश कर उन्हें बाहर करने का अभियान चलेगा, तो स्वाभाविक रूप से उनमें भय और अनिश्चितता का वातावरण बनेगा। ट्रंप प्रशासन की नई नीतियों के कारण बाहरी विद्यार्थियों का प्रवेश

> भारत आदि देशों से बहुत सारे विद्यार्थी इसलिए अमेरिकी विश्वविद्यालयों और संस्थानों में दाखिला लेते हैं कि वहां पढ़ाई का स्तर बहुत अच्छा है और वहां से डिग्रियां लेकर उन्हें बेहतर नौकरियों के अवसर खुल जाते हैं।

काफी कम हो जाएगा। जाहिर है, इससे वहां के संस्थानों पर भी असर पड़ेगा। ऐसा नहीं कि अमेरिकी शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने गए दूसरे देशों के विद्यार्थी पहले किसी गफलत में या किन्हीं अन्य कारणों से कानूनों का उल्लंघन नहीं कर बैठते थे, पर तब उन्हें इस तरह निर्वासन की धमकी कभी नहीं झेलनी पड़ी। अब जिस तरह उन्हें देश छोड़ने को कहा जा रहा है, उससे ट्रंप प्रशासन की राजनीति ही जाहिर होती है। समान शुल्क संबंधी नीति के चलते ट्रंप अभी गंभीर विवादों में घिरे हुए हैं, जिसे लेकर खुद अमेरिकी लोग सड़कों पर उतर चुके हैं।

दुनिया में शायद ही ऐसा कोई शासक हो, जिसे इस तरह अपने हर फैसले पर विरोध का सामना करना पड़ा हो। मगर ट्रंप अब भी शायद थोड़ा ठहर कर विचार करने और फिर आगे बढ़ने के सिद्धांत पर अमल करते नजर नहीं आ रहे। लोकतंत्र में जब भी एक व्यक्ति के मनमाने फैसले सब पर थोपे जाने लगते हैं, तो इसी तरह विवाद पैदा होते हैं।

# कर्ज लेकर घी न पिएं, ऋण पुनर्गठन पर मंथन जरूरी

अर्थव्यवस्था



> कुछ दशक पहले तक बचत भारतीयों की ताकत मानी जाती थी, लेकिन अब इसमें कमी आ रही है। तिस पर संकट यह भी है कि भौतिक सुविधाओं के लिए ऋण लेने और उधार लेकर कर्ज चुकाने की बढ़ती प्रवृत्ति से ऋण-आधारित अर्थव्यवस्था बन जाने का संकट भी खड़ा हुआ है।

**नारायण कृष्णमूर्ति**

एक समय था, जब भारतीय परिवारों को बचतकर्ता के रूप में जाना जाता था। यह कुछ दशक पहले की बात है, जब ब्याज दरें अधिक थीं और मुद्रास्फीति कम थी, इसलिए उच्च रिटर्न प्राप्त करने के लिए बैंक में पैसा जमा रखना समझदारी मानी जाती थी।

जोखिम से बचने वाले कई भारतीयों के लिए शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव की चिंता किए बिना अपने पैसे को निवेश करने का यह शानदार तरीका था।

हालांकि, हाल के वर्षों में यह प्रवृत्ति उलट गई है और रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, सकल घरेलू बचत में वित्त वर्ष 2024 में 18.1 फीसदी की गिरावट आई है, जो वित्त वर्ष 2023 में 18.6 फीसदी थी।

इसके अलावा, इस महीने की शुरुआत में रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती के बाद, बैंकों ने बचत बैंक शेष राशि के साथ-साथ एफडी पर अपनी आधार ब्याज दरों में संशोधन किया है। कई बैंकों ने बचत खातों पर ब्याज दरों में कटौती की है, जो तीन फीसदी से नीचे 2.75 फीसदी हो गई है।

एक साल तक की एफडी दरें 3.25 फीसदी से शुरू होती हैं। यह पांच फीसदी की मुद्रास्फीति दर से काफी कम है, जिसका मतलब है कि बैंक में पैसा अपनी कीमत भी नहीं बचा पा रहा है। एक विचारधारा यह भी है कि बचत दर में कमी का कारण कम ब्याज दरें हैं, जिसके कारण लोग बचत खाते से पैसा निकालकर निवेश की ओर रुख कर रहे हैं।

जोखिम भरे शेयर बाजारों की ओर रुख का एक संकेत म्यूचुअल फंड और शेयर बाजारों में मासिक निवेश में लगातार वृद्धि है। रिजर्व बैंक की दिसंबर, 2024 के लिए वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के अनुसार, भारत का घरेलू ऋण जीडीपी का 42.9 फीसदी रहा है और इसमें बताया गया है कि हाल के वर्षों में उधारकर्ताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। व्यक्तिगत ऋण, क्रेडिट कार्ड बकाया और उपभोक्ता टिकाऊ ऋण में वृद्धि बढ़ रही है। खाद्य वितरण से लेकर उच्च श्रेणी के उपभोक्ता सामान तक पर 'अभी खरीदें बाद में भुगतान करें' (बीएनपीएल) योजनाएं आज हमारे जीवन की वास्तविकता हैं।

गोल्ड लोन और निजी साहूकारों, जैसे गैर-बैंकिंग चैनलों से उधारी में भी वृद्धि हुई है। ये सभी ऋण उपभोग के लिए हैं, न कि संपत्ति निर्माण के लिए, जैसे कि गृह ऋण या शिक्षा ऋण। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि घरेलू बचत पर और अधिक असर पड़ा है और महामारी के वर्षों के बाद बचत में गिरावट आई है।

अब, यदि आप आंकड़ों को गहराई से खंगालें, तो यह दर्शाता है कि उधार में वृद्धि भी अधिक लोगों द्वारा उधार लेने से संबंधित है, न कि उन्हीं लोगों द्वारा अधिक पैसे उधार लेने से। इसे दो तरीकों से देखा जा सकता है-पहला, अधिक लोगों को अपने उपभोग के लिए पैसे की आवश्यकता है।

दूसरा, जैसे-जैसे लोगों की आर्थिक स्थिति बेहतर होती है, वे उधार लेकर अपनी आकांक्षाओं और जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होते हैं। चाहे जिस तरह से भी देखें, उधारी बढ़ गई है, बचत पर ब्याज दर कम हो गई है और कुल मिलाकर घरेलू बचत दर भी कम हो गई है। औसत परिवार के लिए इसका क्या मतलब है? औसत परिवारों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है-उनकी बचत बहुत ज्यादा नहीं है और उनकी बचत का मूल्य मुद्रास्फीति से मेल नहीं खाता है। उनके ऊपर कर्ज है, जो बढ़ता जा रहा है, जिससे उन्हें मौजूदा ऋणों को चुकाने के लिए ज्यादा उधार लेना पड़ रहा है।

आसान उपभोक्ता वित्त और भुगतान का उपयोग भी खर्च करने के मामले में वित्तीय विवेक को कम कर रहा है। विवेकाधीन और गैर-विवेकाधीन वस्तुओं पर खर्च करने पर बहुत कम नियंत्रण है, जिससे वित्तीय स्थिति कठिन हो जाती है। जो लोग बचत से हटकर शेयर बाजार में निवेश करने लगे हैं, उनके लिए अनिश्चितता तथा शेयर बाजार की अस्थिरता चिंता का विषय है।

शेयर बाजार में निवेश करने वाले कई नए निवेशक अल्पकालिक निवेश मानसिकता के शिकार हो रहे हैं, जिसमें बाजार में तेजी के दौरान प्रवेश करने और बाजार में गिरावट आने पर बाहर निकलने के सभी जरूरी गुण हैं।

बढ़ते खर्चों और अर्थव्यवस्था में समग्र बदलाव को देखते हुए, जहां लोगों पर केवल आय पर नहीं, बल्कि खर्च पर भी कर लगाया जा रहा है; वेतनभोगी और गिग इकनॉमी कर्मचारियों के लिए भविष्य के लिए बचत करने की बहुत कम गुंजाइश है। हम एक ऐसे युग में प्रवेश कर रहे हैं, जहां हम एक ऋण-चालित अर्थव्यवस्था बन जाएंगे, जहां ऋण की आसान उपलब्धता लोगों को रोजमर्रा के घरेलू सामान के साथ-साथ उच्च लागत वाली वस्तुओं और सेवाओं के लिए भी ऋण लेने को प्रेरित करेगी।

ऋण तब तक बुरा नहीं है, जब तक कोई इसे समय पर चुकाने में सक्षम है और उधार संपत्ति बनाने या महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए है। जैसे ही कोई असहनीय कर्ज में फंस जाता है, यह समस्या बन जाती है। इन दिनों कई ऐसे संगठन हैं, जो आपको कर्ज से बाहर निकलने में मदद करने के लिए उभरे हैं और लोगों को उनके कर्ज का प्रबंधन करने में भी मदद कर रहे हैं, खासकर तब, जब इसे प्रबंधित करना चुनौतीपूर्ण हो रहा हो।

ऋण प्रबंधन की बात करें, तो एक पुरानी और परखी हुई सलाह यह है कि सबसे पहले अपने सभी ऋणों की सूची बनाएं और इसे ऋण की अवधि और ऋण पर ब्याज दर के साथ चिह्नित करें। सबसे पहले आपको उच्च ब्याज वाले ऋणों का भुगतान करना शुरू करना चाहिए, जैसे कि क्रेडिट कार्ड और व्यक्तिगत ऋण। आप दोस्तों और रिश्तेदारों से कर्ज लेने पर विचार कर सकते हैं, ताकि कम समय में उच्च ब्याज वाले ऋणों को चुकाया जा सके, बशर्ते कि उनके पास बाद में इन उधारदाताओं को चुकाने के लिए कुछ अनुशासन हो। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अगर कर्ज चुकाना बहुत मुश्किल हो रहा है, तो अपनी कुछ संपत्तियां बेचना या फिर अपने ऋणदाताओं के साथ संभव हो, तो ऋण पुनर्गठन पर चर्चा करना कोई बुरा कदम नहीं है। विवेकाधीन और गैर-विवेकाधीन वस्तुओं पर खर्च करने पर बहुत कम नियंत्रण है, जिससे वित्तीय स्थिति कठिन हो जाती है।

किसी भी परिस्थिति में मौजूदा ऋण चुकाने के लिए कर्ज न बढ़ाएं, क्योंकि यह एक ऋण जाल है, जहां आप अपनी सारी आय या एक महत्वपूर्ण हिस्सा कर्ज चुकाने में लगा देंगे। इन अनिश्चित समय से निपटने के लिए अपने घरेलू खर्चों और बचत क्षमता के बारे में कुछ कठोर निर्णय लेने के लिए तैयार रहें तथा इस पर सतर्क रहें कि पैसा कहां से आ रहा है और कहां जा रहा है।

# ऊर्जा की खपत में व्यक्तिगत स्तर पर अनुशासन जरूरी

ऊर्जा खपत



> आज के जीवन में ऊर्जा एक अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है. पिछले तीन दशकों में ऊर्जा खपत में भारी वृद्धि हुई है और हमने अपनी सुविधाओं की पूर्ति के लिए ऐसे संयंत्रों पर निर्भरता बढ़ा दी है जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं। वहीं दूसरी ओर व्यक्तिगत स्तर पर ऊर्जा की खपत में भी अनुशासन लाना होगा।

**डॉ अनिल प्रकाश जोशी**

समाधान की दिशा में यदि हमें ठोस कदम उठाने हैं, तो हमें वैकल्पिक ऊर्जा का अधिकतम उपयोग करना होगा। अब जब संयुक्त राष्ट्र के पास पृथ्वी के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने के लिए बहुत अधिक विकल्प नहीं बचे हैं, तो वह एक और उपाय के रूप में दुनिया को यह संदेश देने की कोशिश कर रहा है कि हमें अपनी ऊर्जा निर्भरता को वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की ओर मोड़ना चाहिए। यह बात काफी हद तक सत्य भी है कि पृथ्वी के तापमान में हुई वृद्धि के पीछे यदि कोई बड़ा कारण है, तो वह बढ़ती ऊर्जा खपत ही है। वर्तमान में दुनियाभर में कई बैठकों और सम्मेलनों का आयोजन हो रहा है, पर वे अक्सर 'ढाक के तीन पात' ही साबित होते हैं। हर वर्ष आयोजित होने वाले कॉप (सीओपी) सम्मेलनों में अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

संयुक्त राष्ट्र के पास अब केवल यही रास्ता बचा है कि वह पृथ्वी दिवस, जल दिवस, वन संरक्षण दिवस जैसे अवसरों पर दुनिया के लोगों को पर्यावरणीय संकट की गंभीरता से अवगत कराये और उन्हें वैकल्पिक ऊर्जा की दिशा में प्रेरित करे। आज यदि दुनिया के सामने सबसे बड़ी कोई चुनौती है, तो वह यही है कि हमारी ऊर्जा खपत निरंतर बढ़ रही है और इस खपत का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा आज भी कोयले जैसे प्रदूषणकारी स्रोतों से प्राप्त होता है। हालांकि अन्य वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का योगदान धीरे-धीरे बढ़ रहा है, पर मौजूदा चुनौतियों और बढ़ती जनसंख्या की आवश्यकताओं के सामने यह अब भी अपर्याप्त प्रतीत होता है। हमारे देश में भी इस दिशा में गंभीर प्रयास किये जा रहे हैं, परंतु विकास कार्यों और औद्योगिक विस्तार के कारण ऊर्जा की मांग एवं खपत स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी ही। जब तक हमारी ऊर्जा का प्रमुख स्रोत कोयला रहेगा, तब तक कार्बन डाइऑक्साइड पर नियंत्रण संभव नहीं हो पायेगा। यह गैस हमारे जीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुकी है। फिर भी, यदि हम अपने ऊर्जा स्रोतों को वैकल्पिक ऊर्जा की ओर स्थानांतरित करने में सफल हो पाते हैं, तो इस संकट पर कुछ हद तक नियंत्रण अवश्य पा सकते हैं।


भारत में वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में गंभीरता से काम हो रहा है। विशेष रूप से प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया सोलर मिशन इस दिशा में एक प्रभावशाली पहल रहा है। वर्तमान में भारत की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता लगभग 463 गीगावाट है, जिसमें से 201.45 गीगावाट हमें वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त हो रहा है। यह जानना संतोषजनक है कि भारत ने अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को बड़े स्तर पर वैकल्पिक स्रोतों पर स्थानांतरित करने का प्रयास किया है। भारत न केवल विकासशील देशों में सबसे बड़ा उपभोक्ता है, बल्कि अब एक बड़ा उत्पादक भी बन चुका है। वर्तमान में हमारी वैकल्पिक ऊर्जा की कुल संभावित क्षमता लगभग 452.69 गीगावाट है और यदि हम इसका अधिकतम उपयोग कर सकें, तो कोयले पर हमारी निर्भरता को कम किया जा सकता है। भारत में वैकल्पिक ऊर्जा के सात प्रमुख स्रोत हैं- पवन ऊर्जा, भूतापीय ऊर्जा, जल ऊर्जा, सौर ऊर्जा, महासागरीय ऊर्जा, जैव ऊर्जा और हाइड्रोजन ऊर्जा। भारत के कुछ प्रमुख राज्यों- राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु और महाराष्ट्र- ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। वहीं दक्षिण भारत में पवन ऊर्जा ने भी निरंतर विद्युत उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

भारत की कुल ऊर्जा आवश्यकताएं वर्तमान में 1.14 गीगाटन तेल समतुल्य (जीटीओइ) हैं और 2020 में प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत लगभग आठ टन थी, जो एशिया के औसत के करीब मानी जाती है. हाल ही में हमारी ऊर्जा आवश्यकता में लगभग 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। यदि हम अपनी प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत देखें, तो यह 1.35 किलोवाट है, जो पूर्व की तुलना में 45.8 प्रतिशत अधिक है। हमारी ऊर्जा निर्भरता अब परमाणु, जल, पवन और सौर जैसे अन्य स्रोतों की ओर भी निरंतर बढ़ रही है, और इसमें तकनीक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गयी है।

आज के जीवन में ऊर्जा एक अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है। पिछले तीन दशकों में ऊर्जा खपत में भारी वृद्धि हुई है और हमने अपनी सुविधाओं की पूर्ति के लिए ऐसे संयंत्रों पर निर्भरता बढ़ा दी है जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं। समाधान की दिशा में यदि हमें ठोस कदम उठाने हैं, तो एक ओर जहां हमें वैकल्पिक ऊर्जा का अधिकतम उपयोग करना होगा, वहीं दूसरी ओर व्यक्तिगत स्तर पर ऊर्जा की खपत में भी अनुशासन लाना होगा। यही वह मार्ग है जिससे हम पृथ्वी की बिगड़ती परिस्थितियों को नियंत्रित करने में एक सार्थक कदम आगे बढ़ा सकते हैं, और इस प्रयास में हम सभी की सहभागिता अनिवार्य होगी।

प्रसंगवश

# एकता और भाईचारे की भावना जगाने की आवश्यकता



मोहन भागवत ने समाज से जाति भेदभाव को खत्म करने की अपील की है। पिछले दिनों दलित दूल्हे के साथ हुई हिंसा की घटनाएं चिंताजनक हैं। राष्ट्रीय आयोग के पास भी इस संबंध में 47 हजार से ज्यादा शिकायतें दर्ज हुईं हैं। जाहिर है कि भारत को एकता और भाईचारे की भावना जगाने की आवश्यकता है।

संघ प्रमुख मोहन भागवत का 'एक मंदिर, एक कुआं और एक श्मशान' की अपील करना बताता है कि हिंदू समाज में जाति का दंश अब भी कितना गहरा है। जातीय पहचान को सम्मान से जोड़कर देखा जाता है और इसकी वजह से बदलाव बहुत धीमा है। ऐसे में भागवत का बयान स्वागत योग्य है।

**दलितों पर अत्याचार-**

सामाजिक रूढ़ियों के अलावा राजनीतिक वजहों ने भी देश में जाति को कभी मरने नहीं दिया। यही वजह है कि आज भी दलित दूल्हे का घोड़ी चढ़कर जाना कई लोगों को रास नहीं आता। आगरा की एक घटना सामने है, जहां आरोप है कि दलित दूल्हे को पीटा गया। पिछले साल एमपी के दमोह में बग्घी पर बैठने पर दलित दूल्हे के साथ मारपीट की गई थी। यहां तक कि मंदिर भी भेदभाव से अछूते नहीं। पिछले ही महीने पश्चिम बंगाल के गिधाग्राम स्थित एक शिव मंदिर में दलित समुदाय को सदियों बाद प्रवेश मिला, तो तमाम लोग नाराज हो गए। सबसे बड़ी समस्या है कि देश में जाति से जुड़े भेदभावों को एक बड़ा तबका अब भी गलत नहीं मानता। उसकी नजर में यह स्वाभाविक व्यवहार है।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने पिछले साल अक्टूबर में एक आरटीआई के तहत पूछे गए सवाल के जवाब में बताया था कि चार साल के भीतर उसके पास 47 हजार से ज्यादा शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें दलितों के खिलाफ अत्याचार, भूमि विवाद और सरकारी नौकरियों से संबंधित मुद्दे प्रमुख रहे।

**सकारात्मक पहल-**

इस तरह की घटनाएं जाहिर करती हैं कि समरसता का सपना अभी दूर है। इन हालात में अगर संघ, समाज में गहरे पैठ बना चुके विभाजन को खत्म करने की अपील और सामूहिक पहचान पर जोर देता है तो इसे सकारात्मक रूप में लेना चाहिए।

संघ प्रमुख ने त्योहारों को साथ मिलकर मनाने और सभी को अपने घरों पर आमंत्रित करने के लिए कहा है। पर्व-त्योहार वैसे भी लोगों को करीब लाते हैं। इन मौकों का इस्तेमाल भेदभाव के खिलाफ किया जाए, तो परिवर्तन आ सकता है।

> मोहन भागवत ने 'एक मंदिर, एक कुआं और एक श्मशान' की अपील की है। यह अपील हिंदू समाज में जातिवाद की गहरी जड़ों को दर्शाती है। दलितों पर अत्याचार की घटनाएं सामने आती रहती हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को हजारों शिकायतें मिली हैं। संघ समाज में विभाजन को खत्म करने की अपील करता है।

**सामूहिक प्रयास की जरूरत-** भागवत ने कहा है कि शांति और समृद्धि के मामले में दुनिया भारत की तरफ देख रही है। स्वयंसेवकों को हर घर में एकता और भाईचारे की भावना जगाने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। समाज खुद नहीं बदल सकता।

सबसे बड़ी समस्या है कि देश में जाति से जुड़े भेदभावों को एक बड़ा तबका अब भी गलत नहीं मानता। उसकी नजर में यह स्वाभाविक व्यवहार है।

वाकई ऐसा ही है, जातियों के खांचों को तोड़ने और समाज को बदलने के लिए लगातार व सामूहिक प्रयास की जरूरत है। इसमें किसी तरह के राजनीतिक या वैचारिक मतभेद को आड़े नहीं आने देना चाहिए। भारत इस समय दुनिया में एक नया मुकाम हासिल करने की तरफ बढ़ रहा है, लेकिन यह तभी संभव है जब जातियों के नाम पर एक-दूसरे से लड़ने के बजाय मिलकर काम किया जाए।

## ॥गीता॥



**श्लोक : अलसस्य कुतो विद्या अविद्यस्य कुतो धनम।**
**अधनस्य कुतो मित्रममित्रस्य कुतः सुखम॥**

**भावार्थ :** आलसी इन्सान को विद्या कहाँ, विद्याविहीन को धन कहाँ, धन विहीन को मित्र कहाँ और मित्रविहीन को सुख कहाँ।

जीवन दर्शन

# भक्ति का प्रारंभिक स्वरूप है भगवान से मदद मांगना

जब भी बुरा वक्त आता है, तो हम ईश्वर से मदद मांगते हैं लेकिन कई बार जब उनसे मदद नहीं मिलती तो हम या तो निराश हो जाते हैं या फिर सोचते हैं कि ईश्वर है ही नहीं। लेकिन क्या कभी आपने ये सोचा है कि क्या परमेश्वर इतनी आसानी से आपकी हर छोटी-छोटी पुकार को सुन लेते हैं या मदद करने का उनका खुद का अपना समय और तरीका है। भगवान से मदद की आस रखना मनुष्य का प्राकृतिक स्वभाव है, लेकिन मदद न मिलने पर निराश होना भी स्वाभाविक है।

भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि अनन्य भक्तों को कुछ मांगने की आवश्यकता नहीं होती, वे उनकी इच्छाओं का ध्यान रखते हैं। द्रौपदी के चीरहरण के समय भगवान श्रीकृष्ण ने तब मदद की जब उन्होंने खुद को पूरी तरह से भगवान के हवाले कर दिया। आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद महाराज का मानना है कि छोटी-छोटी बातों में भी भगवान से मदद मांगना भक्ति का प्रारंभिक स्वरूप है। मुसीबत में भगवान् से मदद की आस या



उम्मीद लगाना मनुष्य का प्राकृतिक स्वभाव है लेकिन मदद न मिलने पर निराश हो जाना भी उसका एक स्वभाव है। लोग अक्सर ऐसी स्थिति में भगवान की सत्ता मानने से भी इनकार कर देते हैं लेकिन क्या उनका ऐसा सोचना सही है? भगवद्गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं- अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम अर्थात जो मेरे विषय में एकनिष्ठ भाव से चिंतन करते हैं, मैं उनकी इच्छा और रक्षा का भार स्वयं ले लेता हूँ। इस श्लोक के जरिये श्रीकृष्ण खुद कहते हैं कि मेरे अनन्य भक्तों को कुछ मांगने की ज़रूरत नहीं। मैं जानता हूँ उन्हें क्या चाहिए  जब इंसान दुनिया से थककर, मन से, आत्मा से, रोकर परमात्मा को पुकारता है, तो वो कभी चुप नहीं रहते।

चीरहरण के समय जबतक द्रौपदी अपनी मदद के लिए कोशिश करती रही, श्रीकृष्ण मदद के लिए नहीं आये क्योंकि भगवान् भी कहीं न कहीं चाहते हैं कि मनुष्य अपनी मदद स्वयं करे। जब सारे दरवाजे बंद हो गए, द्रौपदी ने खुद को माधव के हवाले कर दिया, तब श्रीकृष्ण उनकी मदद के लिए आये। जब तक हम खुद को सब कुछ संभाल लेंगे मानते हैं, परमात्मा दूरी से देखते हैं, लेकिन जैसे ही अहंकार झुकता है और आत्मा विनम्र होती है, तो परम कृपा बरसती है। जब मनुष्य को दुनिया से निराशा मिलती है, जब कोई नहीं सुनता, कोई नहीं समझता, तब ईश्वर का द्वार खुलता है।भगवान् को पुकारने के लिए केवल प्रार्थना काफी नहीं, बल्कि कर्म, श्रद्धा और धैर्य भी जरूरी है।

**प्रेमानंद महाराज**

## संक्षिप्त खबरें

### सबस्टेशनों का नियंत्रण भी संभव : तोमर

**विसं भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रदेश में क्रियाशील एकस्ट्रा हाइटेंशन सबस्टेशनों की निगरानी (मॉनिटरिंग) के साथ अब इनका रिमोट से नियंत्रण (कंट्रोल) और संचालन का ऑपरेशन संभव हो सकेगा। इसके लिये एम.पी. ट्रांसको ने अपनी पुरानी स्काडा प्रणाली का केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की गाइड लाइन्स के अनुसार उन्नयन करते हुये अत्याधुनिक तकनीक से लैस नई स्काडा प्रणाली (स्काडा सिस्टम) स्थापित कर क्रियाशील कर लिया है। विगत दिवस इसका संचालन नयागांव जबलपुर स्थित नये नियंत्रण कक्ष से प्रारंभ हुआ।

### युवाओं का चयन गर्व का विषय

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संघ लोक आयोग के घोषित परिणामों में प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं का चयन गर्व का विषय है। यह परिणाम बताते हैं कि युवाओं ने शासकीय सेवा के माध्यम से राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प लिया है। डॉ. यादव ने कहा कि सोमवार को सिविल सेवा दिवस मनाया गया। सिविल सेवकों की जन कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वर्तमान में अधिकारी वर्ग ने श्रेष्ठ सेवाएं प्रदान करते हुए सार्थक भूमिका का निर्वहन किया है, जिसके कारण भारत की एक विशेष पहचान बनी है। प्रदेश के युवाओं ने अच्छा अवसर पाया है। यूपीएससी के रिजल्ट में प्रदेश के युवाओं ने शासकीय सेवा के माध्यम से देश की सेवा करने का संकल्प लिया है। डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की है कि सभी चयनित युवा राष्ट्र सेवा के लिए बेहतर से बेहतर कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिविल सेवा परीक्षा 2024 में चयनित होने वाले देशभर के सभी प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### पीएचक्यू ने किए 22 आरक्षकों के ट्रांसफर

मुख्य संवाददाता, भोपाल। पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने मंगलवार को 22 पुलिस आरक्षकों के तबादले किए हैं। ये सभी ट्रांसफर आरक्षकों की मांग पर किए गए हैं, इसलिए इन तबादलों का खर्च आरक्षक खुद उठाएंगे। पीएचक्यू द्वारा जारी ट्रांसफर आदेश के मुताबिक इन आरक्षकों के यूनिट प्रमुखों को निर्देश दिया गया है कि इन सभी को सरकारी नीति के अनुसार समय सीमा में रिलीव किया जाए ताकि ये अपनी नई पदस्थापना स्थल पर ज्वाइनिंग दे सकें।

### अखिल भारतीय सेवाओं के अफसरों का बढ़ा महंगाई भत्ता

**भोपाल।** अखिल भारतीय सेवाओं (आईपीएस, आईएएस और आईएफएस) के अफसरों का महंगाई भत्ता बढ़ा दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसके लिए सभी विभागों को आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के अनुसार अब एमपी में पदस्थ अखिल भारतीय सेवाओं के अफसरों को उनके मूल वेतन के 53 के बजाय 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाएगा। महंगाई भत्ते की नई दर 1 जनवरी 2025 से लागू मानी जाएगी।

### प्लांट से 203 दिन बाद बायो गैस बिकना शुरू

**जागरण, ग्वालियर।** 203 दिन बाद गेल इंडिया लिमिटेड ने लाल टिपारा गौशाला स्थित नगर निगम के बायो सीएनजी प्लांट से बायो गैस खरीदना शुरू कर दिया है। नगर निगम और गेल इंडिया लिमिटेड में हुए अनुबंध के तहत यह प्रक्रिया शुरू हो गई। यहां पर सुबह गेल कंपनी और निगम के अधिकारी पहुंचे। पहले अधिकारियों ने गौशाला की जिम्मेदारी संभाल रहे स्वामी ऋषभ देवानंद से चर्चा की। इसके बाद प्लांट का पूजन किया। जिसके बाद बायो गैस भरने का काम शुरू हुआ। इसके लिए गेल इंडिया ने गैस किट वाले वाहनों को लाल टिपारा पहुंचाया।

# कांग्रेस की अहम बैठक से कई वरिष्ठ नेता गायब

## संविधान बचाओ रैली निकालेगी कांग्रेस, घर-घर पहुंचे कार्यकर्ता

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस ने पीसीसी में मंगलवार को पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक की, जिसमें प्रदेश में 25 से 30 अप्रैल के संविधान बचाव रैली आयोजित करने का निर्णय लिया। इसमें तय किया गया कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को बताएगें कि किस तरह से संविधान को बदला जा रहा है। हालांकि इस महत्वपूर्ण बैठक से पूर्व सीएम कमलनाथ सहित दूसरे बड़े नेता नदारत रहे। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की मौजूदगी में हुए राजनीतिक मामलों की कमेटी में भाजपा और उसकी सरकार के खिलाफ मुहिम चलाने का निर्णय लिया गया, जिसकी शुरुआत संविधान बचाओ रैली से की जाएगी। ये रैली 24 से 30 अप्रैल के बीच आयोजित होगी। इस बीच ग्वालियर में 28 अप्रैल को बड़ी रैली का आयोजन किया जाएगा।

### गुटबाजी के लगने लगे आरोप

इस बैठक को लेकर चर्चाए भी शुरु हो गई है। जिसमें पीसीसी में फिर गुटबाजी का आरोप लगाए जा रहे है। बताया गया है कि इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, उनके बेटे नकुलनाथ, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह व डॉ गोविंद सिंह, मीनाक्षी नटराजन, विवेक तनखा शामिल नहीं हुए। हालांकि बैठक में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव पहुंचे हैं।



### घर-घर संपर्क अभियान

इस अभियान का तीसरा चरण 20 से 30 मई के मध्य चलेगा। जिसमें कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संवाद स्थापित करेंगे। विशेष रूप से महँगाई, बेरोजगारी, संविधानिक अधिकारों के हनन जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। अभियान साहित्य वितरित कर, सोशल मीडिया के माध्यम से भी संवाद को सशक्त किया जाएगा।

**ये बोले नेता:** इन बैठकों को लेकर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि संविधान पर हो रहे हमलों को रोकने और जनता को उसके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए यह अभियान निर्णायक साबित होगा। इधर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने प्रत्येक हर कार्यकर्ता से इस आंदोलन को अपनी जिम्मेदारी मानने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता और हर गाँव, हर वार्ड तक संविधान का संदेश लेकर जाए। उन्होंने कहा कि बैठक संगठन को नई ऊर्जा देने, कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने एवं जनसंपर्क को जमीनी स्तर पर सशक्त करने की दिशा में एक अहम पहल सिद्ध हुई है।

### एग्जीक्यूटिव कमेटी की भी हुई बैठक

बैठक में भी संविधान बचाओ अभियान को लेकर चर्चा हुई। बैठक में कांग्रेस संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, जनसमस्याओं को प्राथमिकता देने, एवं आगामी आंदोलनों एवं अभियानों को लेकर रणनीतिक चर्चा की गई।

### तीन चरण में होगी रैलियां

जिला स्तर पर : प्रदेश में 3 से 10 मई के मध्य जिला स्तर पर संविधान बचाओ रैली निकाली जाएगी। जिसमें मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियाँ ,बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, कृषि संकट, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की बदहाली आदि मुद्दों को उजागर किया जाएगा। युवाओं, किसानों, मजदूरों और दलित समुदायों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। विधानसभा क्षेत्र स्तर पर रैली:इसके उपरांत 11 से 17 मई के मध्य सभी विधानसभा क्षेत्र स्तर पर संविधान बचाओ रैलियाँ निकाली जाएगी,जिसमें विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के विधायक, पूर्व जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता जनजागरण करेंगे।

# राहुल पर बयान को लेकर कांग्रेस का पलटवार

## बीफ खाने वाले गांधी है राहुल: विजयवर्गीय

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंगलवार को राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि वह गांधी जो गाय की सेवा करते थे और यह गांधी जो बीफ खाते हैं। दरअसल विजयवर्गीय छत्तीसगढ़ के रायपुर प्रवास पर थे,जहां उन्होंने राहुल गांधी को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि कौन से गांधी की बात कर रहे हैं। जो ठीक तरीके से हिंदी में गांधी भी नहीं लिखा पाते। एक गांधी जिन्होंने देश के गरीबों की व्यथा को समझा या फिर वो गांधी जो छुट्टी मनाने थाईलैंड जाते हैं। वह गांधी की सेवा करते थे और यह गांधी जो बीफ खाते हैं। इस पर आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने विजयवर्गीय पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने जनता के लिए 4 हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा की है। जो देश की जनता के लिए तपस्या थी। गांधी परिवार के सदस्यों ने देश के लिए कुर्बानी दी। उन्होंने विजयवर्गीय के बीफ वाले बयान पर कहा कि नार्थ ईस्ट में बीफ को क्यों बंद नहीं किया जाता है। हिंदी पट्टी में कुछ नार्थ ईस्ट में भाजपा की कुछ और रणनीति है। आज देश बीफ एक्सपोर्ट के मामले में देश में नबंर बन है।





### दक्षिण के अपने नेताओं को देखे : सज्जन

इधर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि विजयवर्गीय को दक्षिण में अपनी पार्टी के नेताओं के देखना चाहिए,जो बीफ खाते हैं। उन्होंने भाजपा नेता निशिकांत दुबे पर संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका का अपमान कर रहे हैं। गलती खुद करते हैं,जिससे दंगे भड़कते हैं और आरोप सुप्रीम कोर्ट पर लगा रहे हैं।

# विधायक बोले नेतागिरी मत दिखाना

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भाजपा के एक विधायक ने अपने क्षेत्र के ग्रामीण को धमकी देने का ऑडियो वायरल हुआ है। ग्रामीण द्वारा विकास कार्य नहीं होने की बात की,तो कालापीपल विधायक ने कहा कि नेतागिरी मत करना मेरे से।



ये विधायक कालापानी के घनश्याम चंद्रवंशी है, जिनका वायरल ऑडियो चर्चा में है। हालांकि इस ऑडियो की दैनिक जागरण पुष्टि नहीं करता है। दरअसल विधायक के फेसबुक पोस्ट पर उनके ही क्षेत्र में आने वाले तिलावद निवासी हरिओम पटेल ने विकास कार्यो को लेकर नाराजगी जताई तो उन्हें नागवार गुजरी और उन्होंने सीधे मोबाइल कॉल कर हरिओम को अपनी पोस्ट हटा लेने को कहा । वर्तालाप के दौरान विधायक ने हरिओम से कहा कि नेतागिरी मत करना मेरे से,10 लाख का टीनसेड दिया है और क्या खजाना दे दूं। इस पर पटेल ने कहा कि कुछ काम तो हुआ नहीं फिर। दरअसल हरिओम ने फेसबुक में कमेंट करते हुए लिखा कि विधायक जी आपने हमारे गांव तिलावद के लिए कुछ नहीं किया,जबकि गांववासियों ने आपको भरपूर वोट दिए थे। हरिओम का यह कमेंट विधायक को पसंद नहीं आया इसके बाद विधायक ने हरिओम को मोबाइल कॉल किया था। हरिओम ने बताया कि उनके पास अवंतिपुर बड़ोदिया के एसआई टीएस डवोलिया ने उन्हें मामले को सुलझाने के लिए फोन किया। जिनके द्वारा बाद में विधायक को मोबाइल दे दिया। जिसके बाद विधायक ने उनके साथ गाली गलौज की और धमकी दी। अब इस मामले में हरिओम पटेल ने विधायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की बात कही है।

# ग्वालियर में आरआई व हरदा में सीएमओ घूस लेते गिरफ्तार

## लोकायुक्त पुलिस ने दोनों को रंगे हाथ पकड़ा, प्रकरण दर्ज

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार को दो घूसखोर अफसरों को रिश्वत लेते रंगे हाथ ट्रैप किया। पहला मामला ग्वालियर का है, जहां घाटीगांव तहसील के मोहना सर्किल में पदस्थ राजस्व निरीक्षक (आरआई) दिलीप नागर को तीस हजार की घूस लेते लोकायुक्त पुलिस की ग्वालियर यूनिट ने धर दबोचा। दूसरी कार्रवाई हरदा जिले की खिरकिया में की गई। यहां नगर परिषद में पदस्थ प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) आत्माराम सांवरे को पांच हजार की घूस लेते हुए भोपाल यूनिट ने पकड़ा। दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।



दिलीप नागर



अत्माराम सांवरे

### मकान बनाने की परमिशन देने के लिए दफ़्तर में ही घूस ले रहा था सीएमओ

इधर मंगलवार को लोकायुक्त पुलिस की भोपाल यूनिट ने हरदा जिले के खिरकिया में नगर परिषद के प्रभारी सीएमओ आत्माराम सांवरे को दफ़्तर में ही पांच हजार की रिश्वत लेते पकड़ लिया। सांवरे ने हरदा निवासी भगवानदास सेन को मकान बनाने की मंजूरी जारी करने के नाम पर पांच हजार की घूस माँगी थी। सीएमओ ने अपनी डिमांड पूरी न होने पर मकान निर्माण की अनुमति जारी करने में लगातार अड़ंगा लगा रहा था। जब सेन को लगातार कई चक्कर काटने के बाद भी परमिशन नहीं मिली तो उसने सीधे सीएमओ से इसके बारे में पूछा। सीएमओ ने पांच हजार रुपए देने पर मकान निर्माण अनुमति जारी करने की बात कही। सेन ने इसकी शिकायत एसपी लोकायुक्त भोपाल को की, जिसके बाद प्लान बनाकर सीएमओ को घूस लेते हुए गिरफ्तार किया गया।

### जमीन से कब्जा हटाने के लिए मांगे थे 50 हजार

लोकायुक्त पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरीदाबाद के सेक्टर 11 के निवासी प्रवीण सिंह ने घाटीगांव तहसील के ग्राम ददोरी में 42 बीघा जमीन खरीदी थी। इस पर बदामी कुशवाहा एवं शिव प्रताप कुशवाहा का कब्जा था। खेती की इस जमीन से कब्जा हटाने के लिए तहसीलदार घाटीगांव चार बार पहले भी आदेश जारी कर चुके थे। तहसीलदार ने इसके लिए गठित दल का प्रभारी मोहना सर्किल के आरआई दिलीप नागर को बनाया था। प्रवीण को जमीन कब्जा मुक्त कर दिलवाने के एवज में दिलीप नागर 50 हजार की रिश्वत माँग रहा था। बाद में दोनों के बीच सौदा 35 हजार पर तय हुआ, जिसमें से 5 हजार रुपए दिलीप पहले ही ले चुका था। मंगलवार को आरआई ने बाकी के 30 हजार रुपए लेकर प्रवीण को ग्वालियर के गिरवाई इलाके के बेलदार का पूरा स्थित अपने मकान पर बुलाया। इस दौरान जैसे ही आरोपी ने रुपए लिए, वैसे ही लोकायुक्त पुलिस की टीम ने उसे पकड़ लिया।

# इंदौर में 27 को लगेगा टेक्नोलॉजी का मेला, गूगल और माइक्रोसॉफ्ट समेत कई दिग्गज होंगे शामिल

## टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव के जरिए जीआईएस के इरादों को निवेश में बदलने की तैयारी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** 24 और 25 फरवरी को भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट (जीआईएस) के बाद प्रदेश सरकार 27 अप्रैल को इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में मध्य प्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन करने जा रही है। इस टेक समिट में जीआईएस 2025 के दौरान की निवेश घोषणाओं को जमीनी स्तर पर गति प्रदान की जाएगी। इसमें भारत समेत दुनिया भर की प्रमुख टेक कंपनियां और इंडस्ट्रीज एसोसिएशन भी शामिल होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खुद टेक इंडस्ट्री के निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा करने के साथ ही आईटी सेक्टर के लिए राच्य सरकार की तरफ से दी जाने वाली नई सुविधाओं की भी जानकारी देंगे।

### आईटी पार्क में 11 हजार करोड़ निवेश और 15 हजार रोजगार की उम्मीद

कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री ग्वालियर में बनने वाले टेलीकॉम मेन्युफेक्चरिंग जोन (टीएमजेड) और इंदौर में नए आईटी पार्क की सौगात भी देंगे। इससे इंदौर में लगभग एक हजार करोड़ का निवेश और 15 हजार युवाओं को रोजगार मिल सकेगा। ग्वालियर के 10 हजार करोड़ के निवेश से टीएमजेड पार्क में टेलीकॉम सेक्टर से जुड़ी कंपनियां अपने उपकरणों, सिम कार्ड, चिप, मोबाइल डिवाइस भी बना सकेंगी।




### ये आईटी कंपनियां आ रही हैं इंदौर

गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, सीमेंस ईडीए, एएनएसआर, थोलोंस, योट्टा इंफ्रास्ट्र.र, कंट्रोल एस, रैकबैंक, नेटलिंक, इंफोबीन्स, डेटा इंजीनियस ग्लोबल, केयनेस टेक्नोलॉजी, एचएलबीए टेक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), पंचशील रियलिटी, एंबर एंटरप्राइजेज, केदारा कैपिटल, बोस्टन इंडिया, प्राइमस पार्टनर्स, द वीएलएसआई सोसाइटी ऑफ इंडिया और कर्नाटक डिजिटल इकोनॉमी मिशन (केडीईएम), इम्पेटस टेक्नोलॉजीज, अपॉइंटी, यश टेक्नोलॉजीज, फिक्की एवीजीसी कमेटी, क्रेजी एनिमेशन स्टूडियो, पर्पल टर्टल, एबीआई, कायरा एनिमेशन और सेंटर फॉर एंटरटेनमेंट आर्ट्स।

### कॉन्क्लेव में यह होगा खास

- आयोजन के दौरान ही सरकार सेमीकंडक्टर, ड्रोन और एनिमेशन जैसी फील्ड के लिए नई नीतियां भी घोषित करेगी, जिससे इन सेक्टर्स से जुड़े निवेशकों को भी फायदा मिले।
- प्रदेश में भोपाल और इंदौर के अलावा नए टेक्नोलॉजी पार्क, ट्रेनिंग सेंटर और स्टार्टअप हब बनाने की भी घोषणा होगी।
- बड़ी कंपनियों के अधिकारी और अफसर मिलकर आईटी सेक्टर का रोडमैप बनाएंगे।
- मुख्यमंत्री खुद बड़ी कंपनियों के सीईओ के साथ आमने सामने बैठकर समस्याओं को सुनेंगे और निवेश को आसान बनाएंगे।
- एक नया ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू होगा, जहां आईटी सेक्टर के निवेशकों को सारी जानकारी एक ही जगह मिलेगी।
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग जीआईएस के बाद निवेश को लेकर किए गए काम और भविष्य की योजनाओं की जानकारी देगा।
- टेक डेस्टिनेशन एमपी नाम की फिल्म का होगा प्रदर्शन, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में किए गए काम बताए जाएंगे।
- आईटी इंडस्ट्री और अन्य भागीदारों के अलावा आईआईएम, आईआईटी, आईआईआईटीआई भी होंगे शामिल।
- इन्क्यूबेशन हब, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट फैसिलिटीज और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर नोड्स का उद्घाटन।

# मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजित करने के निर्देश



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में इस वर्ष मनरेगा के तहत 15 करोड़ मानव दिवस सृजित किए जाएंगे। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को लक्ष्य थमाए गए है। अधिकारियों से कहा गया है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 5 करोड़ मानव दिवस सृजित कर जरुरतमंदों को काम उपलब्ध कराया जाए। यह निर्देश मंगलवार को मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद की कार्यकारिणी समिति की छठवीं बैठक में दिए गए। बैठक में पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अरेरा हिल्स स्थित विकास भवन में हुई इस बैठक में मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मनरेगा में क्वालिटी मॉनिटरिंग के लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा अपनाई जा रही प्रक्रिया का ही पालन किया जाए। एक जिले में एक लैब ही संचालित की जाए। जिन जगहों पर पहले उन्नत लैब हैं, उन्हें अपग्रेड कर संभाग स्तर की लैब बनाएं। इस तरीके से बजट का सदुपयोग होगा और कई अन्य जन-सरोकार से जुड़ी पहल के लिए कार्य किया जा सकेगा। बैठक में बैठक में अधिकारियों ने बताया कि अब तक करीब 42 लाख रोजगार दिवस सृजित किए जा चुके हैं। मंत्री पटेल ने ग्राम रोजगार सहायक की सेवा शर्तों, कार्यरत अमले को अतिरिक्त प्रभार दिये जाने, संविदा अधिकारी/कर्मचारियों की नवीन सेवा शर्तों, स्टेट क्वालिटी मॉनीटर्स का इमपैनलमेंट और विधि परामर्शदाता की सेवाएं लेने के संबंध में समीक्षा की। इस मौके पर परिवर्तन के पथप्रदर्शक'' पुस्तक का विमोचन किया। यह वर्ष 2021 से 2024 तक ग्रामीण उत्थान में मनरेगा की सफलताओं पर आधारित है। इस दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पटेल की अध्यक्षता में राज्य आजीविका फोरम सोसायटी की शासी निकाय की बैठक भी हुई।

**संवाद** | कैबिनेट से पहले मंत्री परिषद् के सदस्यों से की मुख्यमंत्री ने अनौपचारिक चर्चा

# पेयजल पर अपना ध्यान केन्द्रित करें प्रभारी मंत्री: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि ग्रीष्मकाल में कहीं भी किसी भी बसाहट में नागरिकों को पेयजल के लिए परेशान नहीं होना पड़े। इसके लिए प्रभारी मंत्री अपना पूरा ध्यान केन्द्रित करें। उन्होंने कहा कि प्रभारी मंत्री अपने जिलों के प्रवास के दौरान कम से कम दो घंटे बैठे और पेयजल को लेकर समीक्षा करें,यदि कहीं कमी हो तो उन्हें मार्गदर्शन दें। सीएम मंगलवार को कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्री परिषद से सीधे संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मंत्रीगण अपने प्रभार के जिलों और अपने गृह जिले में भी पेयजल की आवश्यकतानुसार समुचित आपूर्ति के लिए स्वस्फूर्त प्रयास करें। पीने के पानी की आपूर्ति बाधित न हो। किसी को भी पेयजल के लिए कठिनाई न होने पाए।

### 12 हजार करोड़ रूपए के निवेश की संभावना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर में टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन (टीएमजेड) की स्थापना के लिए राज्य सरकार ने सैद्धांतिक सहमति दे दी है। निवेशकों द्वारा सहमति देने पर ग्वालियर में जल्द ही टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन की स्थापना की जाएगी। इसके लिए हम केंद्रीय दूरसंचार मंत्रालय को हर जरूरी सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि इस टीएमजेड में बड़े निवेशकों द्वारा निवेश करने की रूचि व्यक्त की गई है। इस प्रयोजन के लिए पहले चरण में ग्वालियर आईटी पार्क की 70 एकड़ तथा दूसरे चरण में साडा ग्वालियर की 300 एकड़ भूमि आवंटित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना में लगभग 12 हजार करोड़ रूपए के निवेश की संभावना है। इससे 5 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।



### टेक-आईटी कॉन्क्लेव 27 अप्रैल को इंदौर में

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 27 अप्रैल को इंदौर में एमपी टेक कॉन्क्लेव होने जा रही है। इस कॉन्क्लेव के लिए अब तक 500 से अधिक टेक कंपनियों ने इंदौर आने में रुचि दर्शाई है। उन्होंने आशा जताई कि आईटी कॉन्क्लेव में राज्य सरकार को अपेक्षा के अनुरूप निवेश प्रस्ताव प्राप्त होंगे।

### सीएम की अनौपचारिक बैठक

मुख्यमंत्री ने मंदसौर स्थित गांधीसागर अभयारण्य में चीतों की शिफ्टिंग को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह अभयारण्य प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है। मध्यप्रदेश में चीतों के आवास एवं विचरण के लिए सर्वाधिक अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। कूनो नेशनल पार्क से राज्य में दूसरे स्थान पर चीतों को ले जाकर पुनर्वास करना वन्य-प्राणी संरक्षण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। गांधी सागर अभयारण्य में छोड़े गए चीते पावक और प्रभाष को यहाँ की आबो-हवा और नया परिवेश पसंद आया हैं।

### 50.18 लाख मीट्रिक टन से अधिक हुआ गेंहू उपार्जन

डॉ. यादव ने मंत्रियों को अवगत कराया कि प्रदेश में गेंहू उपार्जन कार्य तेजी से जारी है। उन्होंने कहा कि जब से सरकार ने गेहूं की उपार्जन दर 2600 रुपए प्रति क्विंटल (समर्थन मूल्य 2,425 रूपए तथा बोनस राशि 175 रुपए प्रति क्विंटल) घोषित की है, तब से अब तक 50 लाख 18 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन हो चुका है। अब तक करीब 5.50 लाख से अधिक पंजीकृत किसानों से गेहूं उपार्जन किया जा चुका है।डॉ. यादव ने कहा कि हमने 10 हजार 562 करोड़ रुपए से अधिक उपार्जन राशि किसानों के खातों में हस्तांतरित कर दी है। उन्होंने कहा कि गेहूं उपार्जन के मामले में हम जल्द ही पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों से भी आगे होंगे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

**सिंधु जल समझौता रोका...**
गया, जब बैसरन घाटी में बड़ी तादाद में पर्यटक मौजूद थे। दिल्ली की बैठक से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने श्रीनगर पुलिस मुख्यालय में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शाह बैसरन घाटी पहुंचे। यहां उन्होंने हमले के पीड़ितों से बातचीत की और अधिकारियों से जानकारी ली। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए जब शाह श्रीनगर के पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे तो वहां का पूरा माहौल गमगीन था। मृतकों को श्रद्धांजलि देने के बाद शाह ने मृतकों के परिजनों से भी मुलाकात की। उधर, बुधवार को ही श्रीनगर में सीएम उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में राज्य प्रशासन की बैठक हुई, जिसमें फैसला लिया गया कि आतंकवाद से निपटने के लिए केंद्र सरकार जो भी कदम उठाएगी, राज्य सरकार उसमें सहयोग करेगी।

**मंडीदीप में गेल के ...**
स्थिति नियंत्रण में है। रिसाव को नियंत्रित कर लिया गया है। किसी तरह के नुकसान की आशंका नहीं है। गेल के इस प्लांट में उद्योग और घरों में इस्तेमाल होने वाली पाइप्ड नेचुरल गैस तैयार की जाती है।

**अब होगा सेफ्टी ऑडिट:** कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने बताया कि प्रशासन को सुबह करीब पांच बजे गैस रिसाव की जानकारी मिली। अब रिसाव रोक दिया गया है। पूरे क्षेत्र को सैनिटाइज कराया गया है। अब स्थिति नियंत्रण में है। हम प्लांट का सेफ्टी ऑडिट करा रहे हैं। भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए सेफ्टी एसओपी तैयार करेंगे।

**सौहार्दपूर्ण ढंग से ...**
जिसमें केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान को तन्खा द्वारा दायर आपराधिक मानहानि मामले में मध्य प्रदेश की एक ट्रायल कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी से छूट दी गई थी। इससे पहले 11 नवंबर को, चौहान, वी डी शर्मा और भूपेंद्र सिंह को राहत देते हुए, शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में तन्खा द्वारा दायर मानहानि मामले में उनके खिलाफ जमानती वारंट के निष्पादन पर रोक लगा दी थी। शीर्ष अदालत चौहान की अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के 25 अक्टूबर के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उनके खिलाफ मानहानि मामले को रद्द करने से इनकार किया गया था। तन्खा ने ट्रायल कोर्ट में अपनी शिकायत में कहा था कि 2021 में राज्य में पंचायत चुनावों से पहले उनके खिलाफ अपमानजनक बयान दिए गए थे। 20 जनवरी, 2024 को, जबलपुर की एक विशेष अदालत ने तन्खा की ओर से दायर याचिका पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 500 (मानहानि के लिए सजा) के तहत जांच करने का फैसला किया और आरोपियों को समन जारी किया था।

**शादी से पहले भाजपा ...**
बजे निकले थे। 10 बजे उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट की। जैसे ही दोस्तों और रिश्तेदारों ने पोस्ट देखी वे नर्मदा नदी के कसरावद पुल पर पहुंच गए। यहां उन्हें महेंद्र की बाइक खड़ी मिली। बाइक के पास ही महेंद्र की चप्पलें पड़ी थीं। महेंद्र सांसद सुमेर सिंह के दोस्त भी हैं। दोनों ने एबीवीपी में साथ-साथ लंबे समय तक काम किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार 26 को होगा



**वेटिकन सिटी, जेएनएन।** कैथोलिक चर्च के सर्वोच्च धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन के बाद, वेटिकन ने उनके अंतिम संस्कार की तारीख का ऐलान कर दिया है। अंतिम संस्कार 26 अप्रैल शनिवार सुबह 10 बजे वेटिकन सिटी में होगा। इस पूरे कार्यक्रम की बागडोर कार्डिनल कॉलेज के डीन कार्डिनल जियोवानी बत्तिस्ता रे संभालेंगे। पिछले कुछ वक्त से बीमार चल रहे पोप फ्रांसिस का सोमवार को निधन हो गया। पोप के अंतिम संस्कार से लेकर कॉन्क्लेव की तैयारियों तक हर जिम्मेदारी कैमरलेंगो फैरल के हाथ में है। पोप फ्रांसिस के निधन के बाद अब अगला पोप कौन होगा, इस पर दुनियाभर की नजरें टिकी हैं। फिलीपींस के कार्डिनल लुइस टैगल सबसे मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं, जबकि इटली के पिएत्रो पारोलिन वेटिकन में अनुभव के चलते चर्चा में हैं। घाना के पीटर टर्कसन सामाजिक न्याय के पक्षधर हैं और अफ्रीकी पोप बनने की दौड़ में हैं। हंगरी के पीटर एर्डो और इटली के एंजेलो स्कोला परंपरावादी चेहरों के रूप में उभर रहे हैं। अब देखना है कि अगला पोप कौन होगा।

### सुंदरगढ़ में नाबालिग से सामूहिक बलात्कार

**भुवनेश्वर, जेएनएन।** सुंदरगढ़ जिले के तलसारा इलाके में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद घर लौट रही नाबालिग लड़की के साथ बदमाशों ने कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया। रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार रात को अपने रिश्तेदारों के साथ घर लौट रही नाबालिग लड़की की मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद एसयूवी सवार तीन बदमाश उसे जबरन जंगल में ले गए और उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। घटना के बाद मोटरसाइकिल सवार उसके रिश्तेदार भाग गए, जबकि आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने तलसारा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज होने के बाद घटना की जांच शुरू कर दी है।

### फंदे से लटका मिला आईआईटी छात्र का शव

**कोलकाता, जेएनएन।** खड़गपुर शहर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) परिसर में मौजूद छात्रावास के एक कमरे से पुलिस ने एक छात्र का शव बरामद किया है। शव फंदे से लटकता हुआ मिला। मृत छात्र का नाम अनिकेत वालेकर (22) बताया गया है। वह महाराष्ट्र का निवासी और खड़गपुर आइआइटी में ओशन इंजीनियरिंग एंड नेवल आर्किटेक्चर विभाग में चतुर्थ वर्ष का छात्र था। वह खड़गपुर आईआईटी परिसर में मौजूद जगदीश चंद्र बोस छात्रावास में सी -214 नंबर कमरे में रहता था। उसका शव उसके कमरे में पंखे से लटकता हुआ पाया गया। उसकी मौत की खबर उसके परिजनों को दी गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। खबर लिखे जाने तक छात्र की मौत का कारण मालूम न हो सका था। प्राथमिक जांच के बाद पुलिस का कहना है कि छात्र ने आत्महत्या की है। मामले की जांच की जा रही है।

### जेएनयू की इलेक्शन कमेटी ने मांगी सुरक्षा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जेएनयू छात्र संघ चुनाव की देखरेख कर रही इलेक्शन कमेटी ने अपनी सुरक्षा को खतरा बताते हुए पुलिस सुरक्षा की मांग की है। इलेक्शन कमेटी के सदस्यों ने कहा, 'हमारी जान को खतरा है।' उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उचित सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई तो चुनाव रद्द किए जा सकते हैं। हालांकि, विश्वविद्यालय के सूत्रों ने दावा किया कि उन्हें पैनल से ऐसा कोई संदेश नहीं मिला। इलेक्शन कमेटी ने कैंपस में सुरक्षा-व्यवस्था में गंभीर कमी और शत्रुतापूर्ण माहौल को पूरी चुनाव प्रक्रिया रोकने का कारण बताया है। इसने कहा कि जब तक पर्याप्त सुरक्षा मुहैया नहीं कराई जाती, चुनाव प्रक्रिया फिर से शुरू नहीं होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन को लिखे पत्र में समिति ने आरोप लगाया कि जेएनयू की वर्तमान सुरक्षा-व्यवस्था अपर्याप्त है। दरअसल, नामांकन प्रक्रिया के दौरान हुए कई बार हंगामे के बाद चुनाव प्रक्रिया को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है। मतदान के दिन तक सिर्फ चार दिन बचे हैं, ऐसे में गतिरोध से पूरी चुनाव प्रक्रिया पटरी से उतरने का खतरा है। अगर गतिरोध जारी रहा तो 23 अप्रैल को होने वाली बहुप्रतीक्षित अध्यक्ष पद के लिए होने वाली डिबेट भी रद्द होने का खतरा है। इस साल कुल 7,906 छात्र मतदाता हैं। इलेक्शन कमेटी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, रजिस्टर्ड मतदाताओं में से 57 फीसदी पुरुष और 43 फीसदी महिलाएं हैं।

## वक्फ कानून के बाद भाजपा का अगला मिशन 'वन नेशन, वन इलेक्शन'!

# 2026 से शुरू हो जाएगी तैयारी, 2029 में कराए जाएंगे पूरे देश में एक साथ चुनाव

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वक्फ कानून के बाद भाजपा का अगला बड़ा एजेंडा 'वन नेशन, वन इलेक्शन' है। पार्टी ने इसके लिए न केवल विधायी रणनीति बनाई है, बल्कि 2029 से इसे लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाने का मन भी बना लिया है। मंगलवार को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा हुई और तय किया गया कि 2026 से जागरुकता अभियान शुरू कर 2029 में पूरे लोकसभा और अधिकतम विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएं।

जेपीसी के अध्यक्ष पीपी चौधरी की अगुआई में हुई बैठक में सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों के कई पूर्व न्यायाधीशों, विधि विशेषज्ञों और सांसदों ने हिस्सा लिया। बैठक में साफ हुआ कि सरकार इसे महज विचार तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि 2029 से पहले विधेयक पारित कर संवैधानिक और कानूनी ढांचा भी तैयार कर लेना चाहती है।

### टास्क फोर्स ने दिया था 2034 का रोडमैप

केंद्र सरकार ने एक उच्चस्तरीय टास्क फोर्स पहले ही गठित कर दी थी। इसकी रिपोर्ट सार्वजनिक हो चुकी है। रिपोर्ट में 2034 को लक्ष्य वर्ष बताया गया है, जब पहली बार लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं। इसमें सुझाव दिया गया कि 2029 से चरणबद्ध तरीके से राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल समायोजित किया जाए ताकि 2034 में एक साथ चुनाव संभव हो सके। इस समय सीमा पर जेपीसी में बातचीत हुई और सरकार के सांसदों ने 2026 से शुरू कर इसे 2029 में इसे अंतिम स्वरूप देने की तैयारी की है।


2029 में आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ कराए जाएंगे। यह 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का पहला ट्रायल रन माना जा रहा है। इसके बाद 2029 से 2034 के बीच अन्य राज्यों के चुनावों को समायोजित करते हुए इस प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। बैठक में तय हुआ कि सरकार इस विषय पर देशभर में जन संवाद और जागरुकता अभियान चलाएगी। इसके तहत पांच प्रमुख क्षेत्रों में जन समर्थन जुटाया जाएगा। पहला, चुनाव खर्च में भारी कमी, दूसरा शासन और नीति-निर्माण में स्थायित्व, तीसरा केंद्र-राज्य संबंधों में समन्वय, चौथा मतदाता सहभागिता में वृद्धि और पांचवां आर्थिक असर शामिल है। जेपीसी सभी राज्यों का दौरा करेगी। इसकी शुरुआत 17 मई को महाराष्ट्र से होगी। इसके बाद उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़ और पंजाब का दौरा किया जाएगा।

### बांसुरी के बैग पर विवाद





भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज जेपीसी की बैठक में जो बैग लेकर पहुंचीं उस पर विवाद हो गया है। बांसुरी के बैग पर लिखा था 'नेशनल हेराल्ड की लूट।' इससे कांग्रेस पर भाजपा के लंबे समय से चले आ रहे हमले को हवा दे दी है। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने इस पर तीखा पलटवार किया है। दीक्षित ने कहा कि नेशनल हेराल्ड का मामला 'बिल्कुल साफ-सुथरा और सुलझा हुआ है।'

## एशिया के सबसे बड़े गार्डन में सबसे अधिक आमद



| | |
|---|---|
| 08.25 | लाख पर्यटक पहुंचे ट्यूलिप गार्डन में |
| 3000 | विदेशी पर्यटक भी हैं शामिल |
| 17.00 | लाख ट्यूलिप खिले गार्डन में |
| 00.74 | किस्मों में 2 नई किस्में भी शामिल |
| 450 | कनाल में फैला है ट्यूलिप गार्डन |
| 26 | मार्च को खुला 24 अप्रैल को होगा बंद |
| 09 | लाख पर्यटक पहुंचेंगे अगले 2 दिन में |

## टाइगर की हत्या के लिए मिले 2 लाख, फैलाई अफवाह, केस दर्ज



**मुंबई, जेएनएन।** टाइगर श्रॉफ को मारने के लिए झूठी खबर फैलाने वाले शख्स के खिलाफ खार पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोपी की पहचान मनीष कुमार सुजिंदर सिंह के रूप में हुई है। उसने मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर बताया कि सिक्योरिटी कंपनी ट्रिग के कुछ लोग टाइगर श्रॉफ की हत्या करने जा रहे हैं। उसने टाइगर श्रॉफ की जान को खतरे को लेकर झूठी खबर फैलाई गई थी, जिसका अब भंडाफोड़ हो गया है। उसका कहना था कि टाइगर को मारने के लिए 2 लाख रुपए दिए गए थे। आरोपी मूल रूप से पंजाब का रहने वाला है। मनीष ने मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर बताया कि सिक्योरिटी कंपनी ट्रिग के कुछ लोग अभिनेता टाइगर श्रॉफ की हत्या करने जा रहे हैं। इतना ही नहीं, आरोपी मनीष कुमार ने कंट्रोल रूम को बताया कि उसने टाइगर की हत्या के लिए उन्हें हथियार और दो लाख की सुपारी भी दी थी। इस धमकी भरे फोन कॉल के बाद सुरक्षा व्यवस्था हरकत में आ गई। हालांकि, जांच में पता चला कि मनीष ने कंट्रोल रूम को गलत सूचना दी थी। खार पुलिस ने इस मामले में मनीष कुमार सुजिंदर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## वक्फ कानून के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन

# हक पर हमला: ओवैसी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में सोमवार को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित 'वक्फ बचाओ सम्मेलन' में वक्फ अधिनियम 2025 के खिलाफ तीव्र विरोध दर्ज किया गया। सम्मेलन में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी, मुस्लिम उलेमा, और विभिन्न क्षेत्रों से आए सामाजिक-राजनीतिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन ने एक बार फिर वक्फ संपत्तियों की हिफाजत और मुस्लिम समुदाय के संवैधानिक अधिकारों की बहस को केंद्र में ला दिया।

सम्मेलन में असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, 'यह कानून किसी हाल में मंजूर नहीं है। यह मुसलमानों के धार्मिक और सामाजिक अधिकारों पर खुला हमला है। सरकार जानबूझकर वक्फ संपत्तियों को निशाना बना रही है।' उन्होंने लोगों से शांति और लोकतांत्रिक तरीकों से संघर्ष को आगे बढ़ाने की अपील की। महाराष्ट्र से आए मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य रफीउद्दीन अशरफी ने आक्रोश से भरा भाषण देते हुए कहा, 'हमने सर पर कफन बांध लिया है। वक्फ कानून वापस लो।' बोर्ड के महासचिव मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दी ने वक्फ एक्ट को 'काला कानून' करार देते हुए कहा कि यह संशोधन न केवल असंवैधानिक है, बल्कि यह मुस्लिम समुदाय को आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर करने की कोशिश है। सम्मेलन के दौरान तालकटोरा स्टेडियम के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल तैनात रहा और किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। हालांकि मंच से कुछ विवादास्पद बयान जरूर आए, लेकिन आयोजकों ने संयम बरतने की अपील की।

यह सम्मेलन वक्फ कानून से जुड़ी बहस को केवल कानूनी दायरे में नहीं, बल्कि भारतीय समाज की सामूहिक चेतना और इतिहास की साझा समझ से भी जोड़ता है। एक ओर जहां इसमें गुस्सा और चिंता झलकती है, वहीं दूसरी ओर संवाद और एकजुटता का भी संदेश साफ दिखा। दिल्ली के अलावा कर्नाटक के बेल्लारी में भी मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बेल्लारी ग्रामीण के विधायक नागेंद्र ने कहा, 'केंद्र जिस वक्फ अधिनियम को लागू करना चाहती है, वह संविधान पर हमला है।'




### सरकार का पलटवार विपक्ष फैला रहा भ्रम

वहीं, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस सम्मेलन को विपक्ष द्वारा 'भ्रम फैलाने की साजिश' बताया। उन्होंने कहा, 'यह कानून पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए लाया गया है, न कि किसी समुदाय को निशाना बनाने के लिए।'

## सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति शासन की मांग पर जताई नाराजगी, याचिका खारिज

**नई दिल्ली/कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा सर्वोच्च अदालत से राज्य की सड़कों तक बहस और सियासत का मुद्दा बन चुकी है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद राष्ट्रपति शासन लागू करने और अर्धसैनिक बलों की स्थायी तैनाती की मांग को लेकर दायर याचिका पर कोई आदेश देने से इनकार कर दिया। जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस ए.जी. मसीह की पीठ ने तल्ख टिप्पणी करते हुए पूछा, 'क्या आप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति को आदेश दें?' कोर्ट ने कहा कि ऐसा करना न्यायपालिका की मर्यादा और संविधान की सीमाओं का उल्लंघन होगा। बेंच ने याचिकाकर्ता से यह भी पूछा कि अगर केवल मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर याचिकाएं दाखिल की जाएंगी, तो न्यायिक प्रक्रिया का क्या होगा। एक अन्य पीठ ने इस याचिका पर भी स्पष्ट किया कि लोगों के पलायन के दावे कितने विश्वसनीय हैं, इसका कोई स्वतंत्र प्रमाण नहीं है। इस मामले में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 'भाजपा पूरे देश में एक रणनीति के तहत धार्मिक उन्माद फैलाकर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है।' उधर, एसआईटी इस मामले में चार और संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अब तक कुल 21 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस बीच, ममता बनर्जी ने हिंसा ग्रस्त इलाकों में जाने का ऐलान किया है।

# हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने किया ट्रंप के खिलाफ मुकदमा

## 2.2 अरब डॉलर की फंडिंग रोकने के अमेरिकी सरकार के फैसले को बताया गैरकानूनी




**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के बीच लड़ाई तेज हो गई है। प्रतिष्ठित हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ झुकने से इनकार करते हुए अरबों डॉलर की फंडिंग रोकने के खिलाफ संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया है। हार्वर्ड ने फंडिंग रोक जाने को संस्थान के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया है।

इसके पहले ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड की 2.2 अरब डॉलर से अधिक की फंडिंग रोक दी थी, क्योंकि संस्थान ने परिसर में सक्रियता को सीमित करने की ट्रंप प्रशासन की मांगों को मानने से इनकार कर दिया था। विश्वविद्यालय ने अपने एक्स हैंडल पर बयान में फंडिंग पर रोक को गैरकानूनी और सरकार के अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया है। बयान में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष एलन गार्बर के हवाले से कहा गया है कि कुछ समय पहले हमने फंडिंग पर रोक के खिलाफ मुकदमा दायर किया है, क्योंकि यह गैरकानूनी है और सरकार के अधिकार क्षेत्र के बाहर है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने मैसाच्यूसेट्स संघीय अदालत में अपना मुकदमा दायर किया है। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति के निशाने पर आए कई अन्य विश्वविद्यालयों का भी नाम लिया गया है। मुकदमे के अनुसार, 'यह मामला हार्वर्ड में शैक्षणिक निर्णय लेने पर नियंत्रण पाने के लिए संघीय निधि को रोकने के लिए सरकार के प्रयासों से जुड़ा है। सरकार की कार्रवाई न केवल प्रथम (संविधान) संशोधन, बल्कि संघीय कानूनों और विनियमों का भी उल्लंघन करती है।' कई विश्वविद्यालयों ने विरोध-प्रदर्शनों के दबाव में कठोर कदम उठाए थे, लेकिन अब वे प्रशासन की 'विचारों की स्वतंत्रता पर हमले' के खिलाफ खड़े हैं।

### 100 से ज्यादा अमेरिकी विश्वविद्यालयों की खुली चिट्ठी

अमेरिका के 100 से अधिक प्रमुख विश्वविद्यालयों और कॉलेजों ने ट्रंप के खिलाफ साझा पत्र जारी कर उनकी 'राजनीतिक दखलंदाजी' की तीखी आलोचना की है। इनमें प्रिंसटन और ब्राउन जैसे आइवी लीग संस्थान भी शामिल हैं। पत्र में कहा गया है, 'हम अमेरिकी उच्च शिक्षा में अभूतपूर्व सरकारी हस्तक्षेप और राजनीतिक दबाव के खिलाफ एकजुट स्वर में बोलते हैं। हम सुधार के लिए तैयार हैं, लेकिन किसी भी जबरदस्ती को खारिज करते हैं।' ट्रंप प्रशासन ने इन विश्वविद्यालयों पर 'यहूदी-विरोध' को सहन करने का आरोप लगाया है।

## यूरोप से लौटे नायडू ने की शाह से मुलाकात

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की सोमवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और तीन अन्य केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की। यूरोप यात्रा से लौटने के तुरंत बाद इन उच्चस्तरीय बैठकों ने स्पष्ट कर दिया है कि नायडू अब आंध्र प्रदेश के लिए एक नई राजनीतिक और आर्थिक रणनीति पर काम शुरू कर चुके हैं। आज की चार बैठकों में क्रमशः जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और सबसे अहम, गृह मंत्री अमित शाह के साथ नायडू की मुलाकात रही। यह सिलसिला ऐसे समय में शुरू हुआ है जब वे अमरावती को 'मेगा सिटी' बनाने के लिए एक बार फिर सक्रिय हो चुके हैं।

### प्रदेश के लिए नई राजनीतिक, आर्थिक रणनीति पर काम शुरू

उनका फोकस ताड़ेपल्ली, गुंटूर, मंगलगिरी और विजयवाड़ा को मिलाकर एक विस्तारित राजधानी क्षेत्र तैयार करना है। सूत्रों के मुताबिक, नायडू इस क्षेत्र में एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए लगभग 30,000 एकड़ भूमि अधिग्रहण की योजना पर केंद्र से सहयोग की अपेक्षा कर रहे हैं। ऐसे में वाणिज्य, जल संसाधन और आंतरिक सुरक्षा जैसे मंत्रालयों से सहयोग जरूरी हो जाता है। लेकिन सवाल सिर्फ बुनियादी ढांचे तक सीमित नहीं है। ये बैठकें एक बड़े राजनीतिक समीकरण का हिस्सा भी हो सकती हैं। आम चुनावों के बाद केंद्र में बदले समीकरण और भाजपा के साथ गठबंधन की संभावनाओं के चलते नायडू का यह दौरा महत्वपूर्ण संकेत दे रहा है।

इस मुलाकात को तेलुगु देशम पार्टी की उस रणनीति से जोड़कर भी देखा जा सकता है, जिसमें नायडू राज्य की राजधानी के सवाल पर अपनी खोई राजनीतिक जमीन फिर से मजबूत करना चाहते हैं। अमरावती को फिर से केंद्र में लाने की कोशिश उनके दीर्घकालिक विजन और भाजपा के शहरीकरण एजेंडे से मेल खाती है। कुल मिलाकर, नायडू की दिल्ली यात्रा न सिर्फ विकास की नई पटकथा का संकेत देती है, बल्कि संभावित राजनीतिक समीकरणों की बुनियाद भी बन सकती है। अब देखना यह होगा कि केंद्र की इन बैठकों से आंध्र को कितना और कैसे लाभ मिलता है।

## पेगासस रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग, कोर्ट ने टाली सुनवाई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पेगासस मामले में दायर याचिकाओं पर सुनवाई टल गई है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील श्याम दीवान ने रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग की। इस पर कोर्ट ने कहा कि मामले में आज सुनवाई संभव नहीं है। यह मामला पत्रकारों, न्यायाधीशों, कार्यकर्ताओं और अन्य व्यक्तियों की निगरानी के लिए पेगासस स्पाइवेयर के कथित उपयोग से संबंधित है इससे पहले केंद्र के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई अप्रैल में करने का अनुरोध किया था। इसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने मामले की 22 अप्रैल को सुनवाई की। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने अक्टूबर 2021 में जांच के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किया था, जिसकी अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस आर. वी रवींद्रन ने की थी। समिति ने रिपोर्ट में कहा कि कुछ मोबाइल उपकरणों में मैलवेयर की उपस्थिति पाई, लेकिन निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि यह पेगासस स्पाइवेयर था या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि लोकतांत्रिक देश में व्यक्तियों पर अंधाधुंध जासूसी की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## आईएसआई मार्क हेलमेट लगाने चलाया जागरुकता अभियान





**भोपाल।** भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल द्वारा आयोजित मानक क्लब (बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय,भोपाल) के सदस्यों ने पुलिस विभाग के सहयोग से व बी आई एस भोपाल शाखा कार्यालय के मार्गदर्शन में दुपहिया सवारियों के लिए आई एस आई मार्क वाले हेलमेट के उपयोग हेतु नुक्कड़ नाटक एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मोहम्मद रिजवान, निदेशक एवं प्रमुख, भारतीय मानक ब्यूरो, भोपाल ने विक्रम सिंह रघुवंशी, उप पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) को पुष्प गुच्छ एवं दुपहिया वाहन धारकों के लिए हेलमेट (गुणवत्ता जनरल) आदेश, 2020 की प्रति देकर किया। मोहम्मद रिज़वान ने बी आई एस केयर ऐप की उपयोगिता के बारे में श्री विक्रम सिंह रघुवंशी उप पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) को बताया। संदर्भित विषय के संबंध में बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय के छात्रों/कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को भारतीय मानक द्वारा बने आई एस आई मार्क हेलमेट की विशेषता बताई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा एक रैली का भी आयोजन किया गया तथा ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से हेलमेट धारक दुपहिया चालकों को पुष्प देकर सम्मान भी किया गया और उन्हें बी आई एस एप्प केयर ऐप्लिकेशन और आईएसआई मार्क्ड हेलमेट की गुणवत्ता के बारे में भी बताया गया और आईएसआई मार्क्ड हेलमेट के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बी आई एस, भोपाल के अधिकारी, पुलिस अधिकारी एवं पुलिस बल, एनजीओ तथा मानक क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। बीआईएस की इस पहल को स्थानीय लोगों से भरपूर सराहना मिली।

## एआई चिबी ट्रेंड: सोशल मीडिया पर छाया चिबी कलाकारी पर आधारित मिनी-मी ट्रेंड

# अब खुद को बनाइए जेब में समाने वाला सुपरस्टार!

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हाल के हफ्तों में सोशल मीडिया पर 'एआई एक्शन फिगर' ट्रेंड छा रहा है। इसमें लोग खुद को कलेक्टर्स टॉय में बदलते नजर आए, नामप्लेट और एक्सेसरीज के साथ। अब इसी का नया अवतार सामने आया है- एआई चिबी फिगर ट्रेंड। यह नया ट्रेंड जापानी शैली की 'चिबी' कलाकारी पर आधारित है, जहां पात्रों को छोटे कद, बड़े सिर और प्यारे एक्सप्रेशन्स के साथ दिखाया जाता है। इन फिगर्स को देखकर लगता है जैसे ऐनिमे और टॉय वर्ल्ड का दिलचस्प मेल हो रहा हो। यह ट्रेंड आपको एक जेब में समाने वाली खिलौने जैसी आकृति में बदल देता है—जैसे आप कोई मिनी एक्शन हीरो हों। इसका क्रेज इतना है कि इंस्टाग्राम और टिकटॉक पर #ChibiMe और #AIFigure ट्रेंड कर रहे हैं।





### खुद का एआई फिगर बना सकते हैं आप

इसके लिए जरूरी चीजें चाहिए। जैसे- एक फुल-लेंथ फोटो (सामने से ली गई और क्लियर), चैट जीपीटी या किसी एआई इमेज टूल तक पहुंच, थोड़ा स्टाइल और बहुत सारा इमैजिनेशन! इसके लिए अपनी एक साफ फुल-लेंथ फोटो चुनें। और चैट जीपीटी को बताएं कि आप कौन सी स्टाइल चाहते हैं (जैसे- 'मुझे एनीमे-स्टाइल चिबी टॉय में बदलो—बड़े सिर, चमकती आंखें, नीला जैकेट और कैमरा एक्सेसरी के साथ।') एआई टूल्स (जैसे डेल–ई या मिडजर्नी) आपकी फोटो को उस विवरण में बदल देंगे।

### लग रही है देरी

बहुत ज्यादा लोगों के एक साथ फोटो बनाने से कुछ देरी की शिकायतें भी यूजर्स ने की हैं। पहले यह कुछ सेकेंड में ही बन जाती थी लेकिन अब कुछ मिनिट लग रहे हैं। हालांकि आप इमेज आने के बाद देख लें कि सब सही है या नहीं। जरूरत हो तो बदलाव भी किए जा सकते हैं।

### क्यों हो रहा है इतना पॉपुलर?

**क्यूटनेस ओवरलोड:** हर कोई खुद का प्यारा वर्जन देखना चाहता है।
**सोशल मीडिया फ्रेंडली:** ये फिगर्स आपकी प्रोफाइल को अलग बनाते हैं।
**क्रिएटिविटी की उड़ान:** लोग अपने प्रोफेशन या शौक के अनुसार चिबी डिजाइन बनवा रहे हैं।
इसमें यह ध्यान रखना जरूरी है कि चेहरा और हेयरस्टाइल असली फोटो से मिलता-जुलता हो। साथ ही वही कपड़े और एक्सेसरीज हों और पोज थीम के हिसाब से हो।

### भाजपा नेता की बहू ने फांसी लगाई

**जागरण, उज्जैन।** भाजपा नेता चरण सिंह गिल की बहू ने देर रात फांसी लगाकर जान दे दी। देवास गेट थाना क्षेत्र के दूधतलाई गुरुद्वारा क्षेत्र में रहने वाले भाजपा नेता गिल की 25 वर्षीय बहू कमलजीत ने घर में दुपट्टे से फांसी लगा ली। पति गोविंद सिंह की नींद खुली तो उन्होंने पत्नी को फंदे पर लटका देखा। परिवार के सदस्यों की मदद से उन्होंने तुरंत कमलजीत को नीचे उतारा और चरक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दरअसल एक साल पहले ही इंदौर निवासी कमलजीत का विवाह गोविंद सिंह से हुआ था। विवाह के बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद की स्थिति बनी रहती थी। मंगलवार को पुलिस ने मृतका का पीएम कराया।

# पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों को मिल रहा है नया जीवन





**जागरण, पन्ना ।** पन्ना जिले में चिन्हांकित कुपोषित श्रेणी के गरीब परिवारों के नौनिहाल बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्रों के माध्यम से नया जीवन मिल रहा है। कलेक्टर सुरेश कुमार की पहल पर पन्ना जिले को कुपोषणमुक्त बनाने के उद्देश्य से जिले के छः स्थानों में संचालित एनआरसी में कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों के पोषण एवं उपचार की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इन केन्द्रों में यूनीसेफ एवं राज्य शासन की गाइडलाइन मुताबिक पोषण आहार व उपचार सहित प्रति दिवस की मजदूरी राशि भी महिलाओं को प्रदान की जाती है। जिला मुख्यालय पर जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्र पन्ना में उपचाररत एक बच्ची की मां रोशनी नामदेव ने बताया कि बच्ची का जन्म के बाद वजन कम था। यहां भर्ती करने पर बेटी के वजन में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई। साथ ही केन्द्र की फीडिंग डिमांस्ट्रेटर एवं पोषण प्रशिक्षक रश्मि त्रिपाठी के द्वारा बच्ची के ग्रोथ के बारे में आवश्यक सलाह भी दी गई। नियमित रूप से ड्यूटीरत अन्य स्टॉफ द्वारा भी समय.समय पर आवश्यक जांच कर बेहतर पोषण व उपचार इत्यादि के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र की सरीफा ने बताया कि जन्म के बाद बेटे का वजन बहुत कम होने तथा निर्धारत समय पर बच्चे के स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर बच्चे को अतिकुपोषित श्रेणी में चिन्हित कर एनआरसी में उपचार की सलाह दी गई। भर्ती के बाद बच्चे की हालत में बहुत अच्छे से एवं तेजी के साथ सुधार हो रहा है। वजन बढ़ने के साथ ही अन्य क्रियाकलाप भी ठीक है। उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्र में साफसफाई भोजनए नाश्ता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की सराहना की। वर्तमान में जिले में जिला चिकित्सालय सहित अजयगढ़ए गुनौरए अमानगंजए पवई और शाहनगर में पोषण पुनर्वास केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं।

## यूपीएससी परीक्षा में चयनित टीकमगढ़ पुलिस परिवार के सिद्धार्थ कौशल को किया सम्मानित



**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले की प्रतिभाओं के सम्मान एवं प्रोत्साहन हेतु प्रतिभा सम्मान योजना चलाई जा रही है । इसी तारतम्य में आज दिनांक 23.04.2025 को पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रतिभा सम्मान अभियान अन्तर्गत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें टीकमगढ़ पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ राजेश कौशल के पुत्र सिद्धार्थ कौशल का यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में चयन होने पर सम्मानित किया गया उपरोक्त कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सिद्धार्थ कौशल को उनके द्वारा अर्जित उपलब्धि पर प्रमाण पत्र एवं पुलिस मोमेंटो देकर सम्मानित करते हुए बधाई दी एवं मुंह मीठा कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गई । पुलिस अधीक्षक द्वारा सिद्धार्थ से उनकी सफलता के सफ़र पर चर्चा करते हुए उनसे उनकी परीक्षा की तैयारी योजना के संबंध में चर्चा की गई । कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा चयनित प्रतिभागी सिद्धार्थ एवं उनके पिता की दूरभाष से पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन प्रमोद वर्मा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार से बात कराई जिसमें उनके द्वारा सिद्धार्थ एवं उनके पिता को उपलब्धि पर बधाई दी गई । उपरोक्त कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम उप पुलिस अधीक्षक दिलीप पांडे रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल मुख्य लिपिक किशनदयाल कुशवाहा स्टेनो रत्नेश तिवारी उप निरीक्षक मयंक नगायच सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पुलिस अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए ।

## विभागीय जांच पोर्टल के संबंध में प्रशिक्षण 24 अप्रैल से 5 मई तक

**पन्ना ।** शासन के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों में विभागीय जांच प्रकरणों के निष्पादन की प्रक्रिया अब पोर्टल के माध्यम से संपादित की जाएगी। इसके लिए कलेक्टेट स्थित ई.दक्ष केन्द्र में 24 अप्रैल से 5 मई तक विभागवार अधिकारियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है। कलेक्टर सुरेश कुमार ने निर्धारित प्रशिक्षण दिवसों में विभाग प्रमुखों को एक सहयोगी के साथ प्रशिक्षण में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। प्रथम दिवस जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला पेंशन अधिकारी जिला कोषालय अधिकारी जिला आबकारी अधिकारी जिला संयोजक जिला जनसंपर्क अधिकारी जिला आपूर्ति अधिकारी ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण तथा जनपद पंचायत पन्ना के अधिकारियों का प्रशिक्षण होगा।

## मध्य प्रदेश हीरा खनन परियोजना में हिंदी की अवहेलना

**पन्ना ।** नेशनल मिनिरल डेवलपमेंट लिमिटेड की हीरा खनन परियोजना ;छ्वद्ध जो जिले के मझगवां में स्थित है परियोजना में राजभाषा नियम 1976 का 8A स्पष्ट रूप से यह अनिवार्य करता है की अधिकारी कर्मचारी हिंदी में दक्ष है तो 100: मूल कार्य हिंदी में ही किया जाना चाहिए परंतु रिपोर्ट्स के अनुसार वहां प्रयास सभी कार्यालय आदेश टेंडर अनुबंध संचार और नोटिस केवल अंग्रेजी में जारी किए जाते हैं राजभाषा प्रकोष्ठ को छोड़कर अधिकांश अनुभागो में हिंदी का औपचारिक प्रयोग तक नहीं किया जा रहा है कर्मचारियों को चार्ज सीट जैसी संवैधानिक रूप से अनिवार्य द्विभाषित प्रक्रिया भी केवल अंग्रेजी में सौपी जा रही है। यह न केवल राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3ध्3 का उल्घंन है बल्कि राष्ट्रपति के राजभाषा आदेश पैरा 2ए3 व 2ए4 तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों की अव्हेलना है परियोजना में केवल हिंदी दिवस को मनाकर अपने कर्तव्यों को पूर्ण समझा जाता है अपेक्षा है कि परियोजना के केंद्र के अधिकारी विशेष ध्यान देने का कष्ट करेंगे।

## जन भागीदारी से निर्मित बस स्टैंड दुकानों का निरीक्षण

**पन्ना ।** सिमरिया बस स्टैंड की जन भागीदारी की दुकानों का एसडीएम समीक्षा जैन ने किया निरीक्षण जन भागीदारी की दुकानों को सुचारू रूप से चलाया जाए दिए आवश्यक दिशा निर्देशसिमरिया बस स्टैंड में जन भागीदारी की दुकानों के आसपास बस स्टैंड के चारों तरफ जन भागीदारी की दुकानें हैं। सिमरिया बस स्टैंड की साफसफाई व सिमरिया शौचालय की साफसफाई को लेकर सिमरिया में पानी की किल्लत को लेकर अचानक एसडीएम समीक्षा जैन ने बस स्टैंड में आकर सभी को आवश्यक निर्देश दिए तहसीलदार सुमित तिवारी एसडीएम समीक्षा जैन ने जन भागीदारी की दुकानों में साफसफाई से लेकर दुकानों की मेंटेनेंस को लेकर एवं दुकानदारों के द्वारा लापरवाही समय पर भुगतान न करने पर दुकान किराए पर देने पर एसडीएम ने कहा इसमें कार्रवाई की जाएगी सभी कर्मचारियों की वेतन जल्द से जल्द उपलब्ध की जाएगी गौर तलब है जन भागीदारी की 87 दुकाने हैं ।

## एमपी आरडीसी के जनरल मैनेजर ने किया निरीक्षण

**पन्ना ।** कलेक्टर एएमपी आरडीसी के जनरल मैनेजर पवई एसडीएम सिमरिया तहसीलदार सरकारी महकमे के द्वारा किया गया सिमरिया में निरीक्षण सिमरिया से हटा का रोड बहुत खराब है सिमरिया वासियों में उत्सुकता थी सिमरिया में कहां से रोड निकल जाएगा आज इसी संदर्भ में कलेक्टर द्वारा एमपी आरडीसी के जी एम द्वारा सिमरिया पुरानी बस्ती से निरीक्षण करते हुए हटा रोड से प्रशासनिक अधिकारियों का काफिला रेस्ट हाउस पहुंचा पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने बताया रोड का निर्माण सिमरिया तरफसे हटा की और किया जाएगा रोड निर्माण में रोड के दोनों तरफपर्याप्त चौड़ाई चाहिए रोड में जितने भी अतिक्रमण है उन्हें हटाया जाएगा रोड के साथ नाली का भी निर्माण किया जाएगा रोड का निर्माण एमपी आरडीसी के द्वारा किया जाएगा एमपी आरडीसी के जी एम मैं बताया कि रोड निर्माण का कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पवई में पानी चौपाल का आयोजन



**जागरण, पन्ना ।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बुधवार को पवई विकासखण्ड में पानी चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसानों को कम पानी में ड्रिप मिनी एवं पोर्टेबल स्प्रिंकलर विधि के जरिए उत्पादन बढ़ाने की जानकारी दी गई। साथ ही विभागीय पोर्टल के माध्यम से अधिकाधिक पंजीयन कराकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करने का आग्रह भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि कृष्ण प्रताप सिंह ने कृषकों को पानी के समुचित उपयोग की सलाह प्रदान कर स्प्रिंकलर पद्धति से खेती करने पर जोर दिया। निधि पटेरिया द्वारा किसानों को उद्यानिकी योजनाओं के लाभ की सलाह दी गई। विभाग के सहायक संचालक पीण्केण् श्रीवास्तव ने आत्मनिर्भर भारत के तहत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में स्वयं उद्यमी बनकर उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

## दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए मजदूरी की नवीन दरें निर्धारित



**पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने श्रमायुक्त मण्प्रण् शासन इन्दौर की गत 28 मार्च को जारी अधिसूचना के परिपालन में शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए एक अप्रैल 2025 से मासिक एवं दैनिक वेतन की नवीन दरें निर्धारित की हैं। इसमें परिवर्तनशील महंगाई भत्ता भी शामिल है। अब निर्धारित वेतन दर अनुसार अकुशल श्रेणी के कर्मचारियों को 12 हजार 125 रूपए प्रतिमाह एवं राउण्ड अप कर 404 रूपए दैनिक दर निर्धारित की गई है। इसी तरह अर्द्धकुशल कर्मचारियों के लिए 13 हजार 121 रूपए प्रतिमाह एवं 437 रूपए दैनिक दरए कुशल कर्मचारियों के लिए 14 हजार 844 रूपए प्रतिमाह एवं 495 रूपए दैनिक दर तथा उच्च कुशल कर्मचारियों के लिए प्रतिमाह 16 हजार 469 रूपए एवं 549 रूपए दैनिक दर का निर्धारण किया गया है।

## कानून अनुसार संचालित होती है चुनाव प्रक्रियाः भारत निर्वाचन आयोग

**जागरण, पन्ना ।** सभी भारतीय चुनाव कानून के अनुसार संचालित होते हैं। देश में जिस पैमाने और सटीकता के साथ चुनावों का संचालन होता हैए पूरी दुनिया में उसकी व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है। निर्वाचक नामावली तैयार करनेए मतदान और मतगणना आदि सहित हरेक चुनावी प्रक्रिया मतदान केंद्र से लेकर निर्वाचन क्षेत्र स्तर तक राजनीतिक दलों एवं उम्मीदवारों द्वारा औपचारिक रूप से नियुक्त अधिकृत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सरकारी कर्मचारियों द्वारा निष्पादित की जाती है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपरोक्त जानकारी के साथ इस संबंध में अवगत कराया गया है कि किसी के भी द्वारा फैलाई गई कोई भी गलत सूचना न केवल कानून के प्रति अनादर का द्योतक हैए बल्कि इससे उनके स्वयं के राजनीतिक दल द्वारा नियुक्त हजारों प्रतिनिधियों का भी अपमान होता है और साथ ही यह उन लाखों चुनाव कर्मचारियों को हतोत्साहित करती हैए जो चुनावों के दौरान बिना थके और पारदर्शी तरीके से काम करते हैं। मतदाताओं द्वारा दिए गए किसी भी प्रतिकूल फैसले के बादए यह कहकर निर्वाचन आयोग को बदनाम करने की कोशिश करना कि यह पहले से कॉम्प्रोमाइज्ड थाए यह पूर्णतः हास्यास्पद है आयोग द्वारा बताया गया है कि गत महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान केन्द्र पर पहुंचे 6ए40ए87ए588 मतदाताओं ने मतदान किया। औसतन प्रति घंटे लगभग 58 लाख वोट डाले गए। इन औसत के अनुसारए अंतिम दो घंटों में लगभग 116 लाख मतदाताओं द्वारा मतदान किया जा सकता है। इसलिएए दो घंटों में निर्वाचकों द्वारा 65 लाख वोट डालना प्रति घंटे के मतदान रुझानों के औसत से बहुत कम है।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने दी ओरछा को एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात



**टीकमगढ़।** विश्व प्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटन नगरी ओरछा में कई दशकों से एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही थी स्थानीय लोगों की मांग पर भाजपा नेता विकास यादव ने 12 नवंबर 2024 को दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया से संचार भवन नई दिल्ली में मुलाकात कर ओरछा से निकलने वाली 11107ध्11108 ग्वालियर बनारस बुंदेलखंड एक्सप्रेस एवं 19665ध्19666 खजुराहो उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों के ओरछा रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज कराए जाने की मांग की थीए जिसपर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल ओरछा के रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज कराने के लिए रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा था। श्री सिंधिया के पत्र पर कार्यवाही करते हुए रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक ;कोचिंगद्ध विवेक कुमार सिन्हा ने ओरछा रेलवे स्टेशन पर 11107ध्11108 ग्वालियर बनारस बुंदेलखंड एक्सप्रेस एवं 19665ध्19666 खजुराहो उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के स्टॉपेज के आदेश जारी कर दिए हैं। केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा ओरछा को एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात दिलाने पर भाजपा नेता विकास यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के प्रति समस्त ओरछावासियों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि ओरछा स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज होने से यहां आने वाले देसी व विदेशी पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र में रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा।

## आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी गई श्रद्धांजलि



**टीकमगढ़ ।** आज स्थानीय अस्पताल चौराहे पर जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में जान गवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि आज शाम अस्पताल चौराहे पर महिला मोर्चा व सावरकर मंडल द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत की मुख्य उपस्थिति में मोमबत्ती जलाकर मौन रूप में जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी गईए जिसमें महिला मोर्चा व सावरकर मंडल अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव के अलावा वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत ने कहा कि यह हमला बहुत ही दुखद है और हमें विश्वास है कि इसमें शामिल आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा जाएगाए इस श्रद्धांजलि के माध्यम से हम सब हमले में जान गंवाने वाले परिवारों के साथ है। वरिष्ठ नेता विवेक चतुर्वेदी ने कहा कि यह आतंकी हमला बहुत ही निंदनीय है ए आतंकवादियों को इसका करारा जवाब दिया जाएगा। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष अमित नुनाए जिला उपाध्यक्ष रोहित खटीकए अभिषेक खरे रानूए अश्वनी चढारए इंजी अभय प्रताप सिंह यादव ;युवा मोर्चा अध्यक्षद्धए सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्माए प्रतेंद्र सिंधईए विकास यादवएरविंद्र श्रीवास्तवए अंशुल व्यासए जीतू सेनए मुन्ना लाल साहूए मुन्नी लाल यादवएमहेश साहूए पंकज प्रजापतिए शक्ति सिंह रायएसूरज कड़ाए अरविंद खटीकए ज्ञानेंद्र सिंह चीकू यादव एविनय सेन ए गोविंद प्रजापतिए शिवम रिछारियाएअजय सिंह गौरएअंकित तिवारीए हिमांशु तिवारीए अशोक मेडी रायएमनोहर अहिरवारए पूनम परमार एसंध्या सोनी एमीरा खरे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पन्ना पुलिस ने संतोषी माता मंदिर मे हुयी चोरी का किया पर्दाफाश

### मामले में 01 आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया मशरूका कीमती करीब 11400 रूपये का जब्त

**जागरण, पन्ना ।** पुलिस अधीक्षक पन्ना सांई कृष्ण एस थोटा के द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रो में हो रही चोरियो पर नियंत्रण करने हेतु निर्देशित किया गया था । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशनए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना सिंह व एसडीओपी पन्ना श्री एसण्पीण् सिंह बघेल पन्ना के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर इंचार्ज थाना प्रभारी उप निरीक्षक मनोरमा देवी मौर्य के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया है । इसी तारतम्य दिनांक 20ए04ए25 को फरियादी बल्दाऊ तिवारी पिता कुलदीप तिवारी उम्र 37 साल निवासी हाल रानीगंज मोहल्ला पन्ना के द्वारा रिपोर्ट की गयी कि वह रोजाना की तरह मंदिर की पूजा कर दरवाजे बंद करके कमरे में सोने चला गया था जब सुबह वापस 06.00 बजे आकर देखा तो मंदिर के ताले टूटे थे मंदिर मे लगे घंण्टे एवं मुकुट कलशे एवं अन्य सामान कोई अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया है । फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपण्क्रण् 366.25 धारा 331;4 305,305; का कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया । मामले को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस टीम की गठन किया गया एवं साईवर सेल पन्ना की मदद से आरोपी की तलाश की गयी एवं शहर मे लगे व घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीव्ही फुटेज देखे गये एवं मुखबिर तंत्र मामूर किये जाकर आरोपी की तलाश की गयी जो संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को दस्तयाब किया जाकर पूछताछ की गयी जिसके द्वारा घटना घटित किया जाना स्वीकार किया गया । पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया मशरूका जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जो माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है ।

विकाश आदिवासी पिता रामबक्श आदिवासी उम्र 19 साल निवासी रानीगंज मोहल्ला पन्ना, एक अदद पीतल का घण्टा कीमती 5000ध.रूपयेए एक पीतल का छोटा घण्टा कीमती 2000ध.रूपयेए स्टील के कलसा 06 नग कीमती 1200ध.रूपयेए एक पीतल का कलसा कीमती 1000ध.रूपये ए एक पीतल का लोटा कीमती 200ध.रूपयेए स्टील के 05 नग थाली सेट कीमती 1000ध.रूपयेए एक चाँदी का मुकुट छोटा कीमती 1000ध.रूपये कुल मशरूका 11400ध.रूपये,. उक्त संपूर्ण कार्यवाही में चौकी प्रभारी सिविल लाइन उनि शक्ति पाण्डेयए उनि मनोरमा मौर्यए सउनि सुभाषचन्द्रए सउनि रामकृष्ण पाण्डेयए प्रण्आरण् बृषकेतू रावत ए सत्येन्द्र बागरीए आरण् अभिषेक यादवए संदीप पटेलए चन्द्रपाल प्रजापतिए सत्यनारायण अग्निहोत्रीए की महत्वपूर्ण भूमिका रही । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है ।

## उत्खनि पट्टा जारी करने के संबंध में सुनवाई आज

**पन्ना।** संचालक भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल द्वारा पन्ना जिले की गुनौर तहसील में उत्खनि पट्टा जारी करने के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पत्रों का निराकरण 24 अप्रैल को संचालनालय में सुबह 11 बजे किया जाएगा। गुनौर तहसील के ग्राम बरहाकला की शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 1190ध्1 रकबा 4ए50 हेण् क्षेत्रफल खनिज पत्थर ;गिट्टी निर्माणद्ध के लिए उत्खनि पट्टा आवेदन पत्र के संबंध में सुनवाई के लिए संबंधित व्यक्तियों को उपस्थित रहने हेतु सूचित किया गया है अन्यथा प्रकरण में नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।उप संचालक खनिज प्रशासन पन्ना ने बताया कि गुरूवार को पेशी में मेसर्स मां शारदा स्टोन क्रेशर के प्रोपराइटर अभिषेक अस्थाना निवासी अमौधा जिला सतनाए उर्मिला चौधरी निवासी नचनौरा तहसील गुनौरए गेंदा आदिवासी निवासी बरहाकला तहसील गुनौरए मेसर्स एलान्स इण्डस्ट्रीज 249 लोटस सिटी पन्ना रोड सतनाए रितु बरूआ निवासी करबला रोड अल्का रूडियों जशपुर छत्तीसगढ़ तथा सुधा अस्थाना निवासी विराट नगर कालोनी तहसील रघुराजनगर जिला सतना को पेशी में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## खेल प्रशिक्षण शिविर के संबंध में बैठक 26 को

**पन्ना।** खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार इस वर्ष भी एक माह तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर संचालित किया जाना है। इस संबंध में शनिवारए 26 अप्रैल को दोपहर 12 बजे कलेक्टेऋ सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है।

## एक घर में 11 एवं अधिक संख्या में दर्ज मतदाताओं का होगा भौतिक सत्यापन

**पन्ना ।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले की नगर पालिकाओं एवं पंचायतों की मतदाता सूची में एक ही घर में 11 अथवा अधिक संख्या में दर्ज मतदाताओं का नगरीय निकाय एवं विकासखण्डवार भौतिक सत्यापन किया जाना है। जिससे नगर पालिकाओं और पंचायतों की मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध एवं स्वच्छ बनाया जा सके। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र द्वारा समस्त नगरीय निकाय एवं पंचायत के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्राथमिकता के साथ कार्य पूर्ण कराने और आगामी 29 अप्रैल तक सत्यापन एवं जांच रिपार्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पवई नगर में यातायात सुधार को लेकर सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू



**जागरण, पवई ।** पवई नगर में लगातार बिगड़ती यातायात व्यवस्था और जाम की समस्या को देखते हुए प्रशासन ने सक्रिय कदम उठाए हैं। करही चौराहाए जो नगर का एक प्रमुख व्यस्त इलाका हैए वहां सबसे अधिक जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। पन्ना कलेक्टर के निर्देश पर बुधवार को एसडीएम समीक्षा जैनए तहसीलदार प्रीति पंथी एवं राजस्व विभाग की टीम ने नगर की मुख्य सड़क के चौड़ीकरण के लिए सीमांकन की प्रक्रिया प्रारंभ की। पुराने नक्शों के आधार पर सड़क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण को हटाने की योजना हैए जिससे सड़क का विस्तार हो सके और यातायात सुचारू रूप से संचालित हो। यह चौड़ीकरण का कार्य इटौरी पेट्रोल पंप बायपास से लेकर नवीन अस्पताल भवन कटनी रोड बायपास तक किया जाएगा। इस प्रक्रिया में नायब तहसीलदार कल्दा राकेश श्रीवास्तवए नायब तहसीलदार शिवम गौतम सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। प्रशासन का यह प्रयास नगरवासियों के लिए राहत की उम्मीद लेकर आया है और इससे आने वाले समय में यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिल सकता है।

## जल गंगा संवर्धन अभियानः ग्राम सिमरा खुर्द में जनसहयोग से किया बोरी बंधान कार्य



**पन्ना ।** जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान से जन सामान्य में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी है। इसके साथ ही लोग जल संरक्षण को लेकर संवेदनशील भी हुए हैं। अभियान के तहत जारी गतिविधियों में आम नागरिक बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। स्थानीयजन जागरूकता रैलियों एवं सभाओं में भी सहभागिता कर रहे हैं। जन अभियान परिषद पन्ना की भी इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका है। इस क्रम में आज ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों द्वारा सिमराखुर्द गांव में बोरी बंधान का कार्य किया गया। जल संवर्धन के प्रति अधिक से अधिक ग्रामवासियों को प्रेरित करने क़ी शपथ भी दिलाई गई।

## मनमानी उगाही कर सब्जी बेचने वालों को कर रहे परेशान, तहसीलदार से की शिकायत



**दिगौड़ा ।** जनपद पंचायत जतारा की ग्राम पंचायत दिगौड़ा के हाट बाजार में बैठकी लेने वाले ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से सब्जी विक्रेताओं से उगाही की जा रही है और परेशान किया जा रहा हैए जिसको लेकर सब्जी बेचने वाले लोगों ने तहसीलदार को आवेदन सौंपकर शिकायत की गई। सब्जी विक्रेता राकेशए भज्जूए महेशए बलरामए जुद्दीए दिलीपए अनिलए महेंद्रए हरिरामए सुरेश सहित अन्य सब्जी विक्रेताओं ने दिगौड़ा तहसीलदार पलक कुमार जैन को 21 अप्रैल को आवेदन दिया गया। इन सब्जी विक्रेताओं ने बताया है कि ग्राम पंचायत दिगौड़ा में साप्ताहिक बाजार की बैठकी उगाने वाले ठेकेदार द्वारा सब्जी वालों से जबरन 40 से 50 रुपए लिए जा रहे हैं एवं ठेकेदार द्वारा सब्जी बेचने वाले लोगों को परेशान किया जा रहा है। ठेकेदार पैसों के अभाव में सब्जी विक्रेताओं के तराजू एवं बांट उठाकर ले जाते हैं। साथ ही बाजार बैठकी के रुपए देने पर ठेकेदार द्वारा सब्जी विक्रेताओं को कोई भी रसीद नहीं दी जाती है। इसके अलावा त्यौहारों के समय पर ठेकेदार द्वारा सब्जी विक्रेताओं से दुगनी यानी ?80 की उगाही की जाती है। सब्जी विक्रेताओं ने तहसीलदार से मांग की है कि बैठकी उगाने वाले ठेकेदार द्वारा सब्जी विक्रेताओं से निर्धारित राशि ली जाए और उनको परेशान न किया जाए।

## शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित




**जागरण, पन्ना ।** भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में आज घरेलू प्रेशर कुकर विषय पर टेक्निकल क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। संस्था में गठित बीआईएस क्लब के सदस्यों द्वारा उन्हें प्रदाय किए गए तकनीकी प्रश्न पत्र को एक घंटे में हल किया गया। बीआईएस क्लब मानक मित्रों द्वारा हल किए गए प्रश्न पत्र तथा उत्तरों का परीक्षण पश्चात अव्वल प्रतिभागियों क्रमशः मिलन हलदार एवं अलफ़िया अंजुम खानए मोहित त्रिपाठीए आकाश सेन तथा उन्नति सेन को संस्था प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी द्वारा नकद पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन संस्था के मेंटर उत्कर्ष कुमार श्रीवास्तव ने किया। समन्वयक संस्था की अतिथि व्याख्याता शिवांगी जैन एवं हरगोविंद कुर्मी रहे। कार्यक्रम में वर्षा त्रिपाठी व्याख्याताए राकेश द्विवेदीए हरीश पाठकए देवब्रत चतुर्वेदीए मूलचंद सिंहए शिवम चौबे तथा समस्त संस्था स्टॉफएवं छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।

## जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में जान गांवने वाले लोगों को दी गई श्रद्धांजलि



**जागरण, टीकमगढ़।** आज स्थानीय गांधी चौराहे पर जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में जान गवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। सभी लोगों ने कैंडल जलाकर मरने वालों को श्रद्धांजलि दी पार्थ सिंह ने बताया आज हम सब लोग यहां गांधी चौराहे पर उपस्थित हुए हैं मन बहुत दुखी है देश के लिए बहुत बड़ी क्षति हुई है मोमबत्ती जलाकर मौन रूप में जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी गईए कहा कि यह हमला बहुत ही दुखद है और हमें विश्वास है कि इसमें शामिल आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा जाएगाए इस श्रद्धांजलि के माध्यम से हम सब हमले में जान गंवाने वाले परिवारों के साथ है। इस श्रद्धांजलि सभा में इसराइल खान सहित कई लोग शामिल रहे ।

# पृथ्वी दिवस के मौके पर अदाणी फाउंडेशन द्वारा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित






## हरित पृथ्वी बनाने एवं सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन अदाणी फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता के कराए जा रहे कई कार्यक्रम

**जागरण बैढ़न।** पृथ्वी दिवस के मौके पर अदाणी फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए जहां पृथ्वी को सुंदर बनाने और इसका संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया वहीं लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए जागरूक किया गया । सरई तहसील अंतर्गत भलैया टोला स्थित शासकीय मध्य विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने चित्र बनाकर पर्यावरण बचाने का सन्देश दिया। इसके साथ ही अध्यापकों द्वारा ग्लोबल वार्मिंग को दूर करने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों को पृथ्वी दिवस के महत्व के बारे में बताना बहुत आवश्यक है क्योंकि आने वाले वर्षों में वे हमारी विरासत और हमारे ग्रह के रखवाले होंगे। इस साल पृथ्वी दिवस का थीम है हमारी धरती हमारी शक्ति। इस थीम के जरिए दुनिया भर के लोग संगठनों और सरकारों को यह संदेश दिया जा रहा है कि उन्हें पारंपरिक क्षय होने वाले ऊर्जा स्रोतों की जगह पुन प्रयोग किए जाने योग्य ऊर्जा स्रोतों को अपनाना चाहिए। ड्राइंग प्रतियोगिता में आठवीं कक्षा की यशोदा शर्मा सातवीं कक्षा की अनीता पनिका और छठी कक्षा की सुमन वैश्य क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन की टीम द्वारा झलरी गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में काफी संख्या में धिरौली एवं सुलियरी प्रोजेक्ट के आसपास स्थानीय स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने रंगोली बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सभी ने संकल्प लिया कि पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करना बहुत जरुरी है। अदाणी फाउंडेशन निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के अन्तर्गत रजमिलान गांव स्थित एंग्लो कोलंबियन स्कूल में श्विश्व पृथ्वी दिवसश् कार्यक्रम के तहत जागरूकता का एक व्यापक अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में माडा के थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा विद्यालय डायरेक्टर कल्पना शुक्ला अदाणी फाउंडेशन के मनोज प्रभाकर संतोष कुमार एवं राकेश कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों एवं बच्चों को पृथ्वी की महत्ता एवं उस पर मौजूद अवयवों की उपयोगिता के संदर्भ में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों ने अपनी रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की जिसमें विद्यालय के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ऐसे ही बंधौरा स्थित महान एनर्जेन लिमिटेड के आसपास के गांवों में संचालित 20 शासकीय एवं गैर शासकीय स्कूलों में भी आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण के महत्व को समझाया गया। स्थानीय लोगों ने इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पृथ्वी की देखभाल का संकल्प लिया। पिछले कुछ महीनों में अदाणी फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता के ऐसे कई आयोजन कराए गए हैं जिससे लोग पर्यावरण के अनुकूल व्यवहार करने के लिए प्रेरित हो सकें। पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली के विषयों पर ग्रामीण महिलाओं को जागरूक किया गया। क्षेत्र में जैव विविधता संरक्षण के महत्व और प्लास्टिक प्रदूषण के विनाशकारी परिणामों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने और एक स्थायी जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रम पूरे वर्ष स्थानीय विद्यालयों पंचायती संस्थानों स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों एवं ग्रामीण बाजारों जैसे सार्वजानिक स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। अदाणी फाउंडेशन की यह पहल पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और हरित पर्यावरण प्राप्त हो सकेगा। हर साल 22 अप्रैल को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट कर पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना सहयोग देने के लिए प्रेरित करना हैए जिससे इस ग्रह को नुकसान पहुंचाने वाली मानव गतिविधियों को कम किया जा सके। धरती को हरा भरा बनाए रखने और मानव जीवन को बचाए रखने के लिए के लिए पेड़.पौधे ही एकमात्र विकल्प है। इसके लिए सभी को एकजुट होकर पर्यावरण का संरक्षण करना होगा।

# विश्व वसुन्धरा दिवस पर सरस्वती विन्ध्यनगर के पर्यावरण विभाग ने बेजुबानों को प्यास बुझाने का उठाया बीड़ा



**जागरण विन्ध्यनगर।** चिलचिलाती धूप और बढ़ती गर्मी के इस दौर में मानव ही नहीं अपितु पशु.पक्षी भी अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी की तलाश करते नजर आ रहे हैं। ऐसे वक्त में विद्यालय की पर्यावरण प्रभारी वरिष्ठ आचार्या श्रीमती चित्रा भारती ने प्राचार्य मुद्रिका प्रसाद दुबे के मार्ग दर्शन में जगह.जगह पर पानी से भरे सकोरे रखवाए जिससे पक्षियों की प्यास बुझाई जा सके। इस कार्य के लिए भैया.बहनों को प्रेरित किया कि वे जहॉ रहते हैं वहॉ पशुओं के लिए पानी से भरे नाद एवं पक्षियों के लिए आस.पास पानी युक्त सकोरे रखें। ज्ञात हो कि श्रीमती चित्रा भारती अत्यंत पर्यावरण प्रेमी पशु.पक्षी संबंर्धन में लगाव रखती हैं। यह कार्य वे विगत कई वर्षों से स्वयं भी करती आ रही हैं और सबको इस कार्य के लिए प्रेरित भी करती रही है।

# तहसीलदार ने अवैध रूप से संचालित आधार कार्ड सेंटर पर किया छापामार कार्यवाही

**जागरण चितरंगी ।** चितरंगी मुख्यालय जहाँ अवैध रूप से संचालित आधार कार्ड सेंटर एक नीजी दुकान जो राधे कम्प्यूटर संचालित था उक्त दुकान का मालिक राधेश्याम यादव है नीचे दुकान में चलने वाला आधार कार्ड सेंटर का मूल स्थान यूनियन बैंक चितरंगी था लेकिन निर्धारित स्थान पर आधार कार्ड सेंटर संचालित न करके प्राइवेट स्थान मे संचालित थी कहीं ना कहीं ऐसी मनमानी सवालिया निशान खड़ा करती है। इतना ही नहीं उक्त सेंटर का आपरेटर राजेश कुमार जायसवाल जो कि सरई का रहने वाला है। कमाल की बात तो यह है कि आधार कार्ड मे हुई त्रुटि को सुधार करवाने हेतु दलालो और प्राइवेट संस्था के लोगो द्वारा प्रत्येक लोगों से 100 रुपए और 150 रुपए के काम का 500 से 1000 हजार तक कि वसूली कर आम जनमानस को परेशान कर रहे थे जिसकी सूचना लगते ही चितरंगी तहसीलदार ऋषिनारायण सिंह ने राजस्व टीम के साथ छापेमार कार्यवाही कर आधार कार्ड सेंटर से मशीन को जब्त किया।

# 16 स्वर्ण, 4 रजत और 6 कांस्य पदक के साथ चैम्पियनशिप शील्ड



## जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट में डी पॉल स्कूल रहा अव्वल

**जागरण विन्ध्यनगर।** निगाही स्टेडियम में जिला एथलेटिक्स मीट 25-26 आयोजित की गयी। इसमें परिक्षेत्र के स्कूलो के अंडर 14 व 16 आयुवर्ग के छात्र-छात्राओं ने स्वस्थ खेल भावना से भाग लिया। जानकारी के अनुसार इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं को सीधे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का सुनहरा मौका मिलेगा जो कि आंध्रप्रदेश के तिरूपति में 17 से 21 जून के मध्य आयोजित की जाएगी। डी पॉल स्कूल विंध्यनगर के 27 छात्रों ने अपने खेल प्रशिक्षक विल्सन के. जी.की अगुवाई में प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जीत की दावेदारी पेश की। जिसमें डी पॉल छात्रों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन देते हुए अंडर 14 बालक,बालिका वर्ग,अंडर 16 बालक,बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विजय हासिल की। छात्रों ने 16 स्वर्ण,4 रजत और 6 कांस्य पदक के साथ चैम्पियनशिप शील्ड प्राप्त कर स्कूल का मान बढ़ाया। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य फादर जोबी जोसेफ ने हौसला बढ़ाते हुए कहा कि छात्रों की यह जीत इस बात का उदाहरण है कि सतत परिश्रम , लगन और सही मार्गदर्षन हमें विजेता बनने से नहीं रोक सकता। भीषण गर्मी में भी छात्रों ने धैर्य रखते हुए बेहतरीन प्रदर्शन दिया इसके लिए सभी को बधाई दी और भविष्य में नये-नये कीर्तिमान स्थापित करने की कामना की।

# पहलगाम आतंकवादी हमले मे हताहत हुए पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि



**जागरण बैढ़न।** भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है साथ ही इस कायरतापूर्ण हमले मे दिवंगत हुए 28 पर्यटकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि धारा 370 और 35 हटने के बाद कश्मीर अपने पुराने रंग मे आ चुका था तथा विकास और पर्यटन की नई गाथा गढ रहा था किंतु पाकिस्तान परस्त कट्टरपंथियों ने इस विकास की गाथा में खलल डालने का काम किया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार आतंकवादियों यो पर्यटकों से उनका धर्म पूंछ कर गोली मारी वो उनकी कायरता और नपुंसकता का पैमाना बताने के लिए पर्याप्त है। निर्दोष पर्यटकों का भला क्या दोष हो सकता है कितने परिवार उजड़ गए, कितने बच्चे अनाथ हो गए कितनी महिलाएं विधवा हो गईं ये दूख कर मन रुग्ण हो जाता है। जिलाध्यक्ष ने कहा ये पाकिस्तान पोषित कट्टरपंथी सीधे सेना से मुकाबला नहीं कर सकते क्योंकि हमारे सेना के जवान इनकों मिनटों मे जन्नत पहुंचा देंगे इसलिए ये छद्म युद्ध लड़कर अपनी कुंठा निर्दोष पर्यटकों पर निकाल रहे हैं। ये कश्मीर में फिर से वही अशांति का माहौल बनाना चाहते हैं किंतु उन्हें ये नहीं पता है कि ये आज का भारत हैं और मोदी जी इस देश के प्रधानमंत्री हैं। भारत की सहनशीलता को उसकी कमजोरी समझने वाले लोगों को उनकी ही भाषा मे जवाब देने का समय आ गया हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री अरब का दौरा समेट कर भारत वापस लौट आये हैं और उच्च स्तरीय बैठकें कर रहे हैं और गृहमंत्री अमित शाह घाटी में डटे हुए हैं वो इस बात का संकेत है कि भारत इन आतंकियों और उनके पालकों को छोड़ने वाला नहीं। भारतीय सेना इतनी सक्षम है कि इन आतंकवादियों और उनके पनाहगारों को उनके ही मांद में घुसकर उनको खत्म कर सकती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जल्द ही कोई बड़ा निर्णय लेगी और आतंकवाद का खात्मा सुनिश्चित करेगी, इस संकट की इस घड़ी में हम सबको अपनी सरकार और सेना के मनोबल को बढाना चाहिए तथा कश्मीर और कश्मीर मे मारे गये पर्यटकों के प्रति अपनी संवेदना रखनी चाहिए।

# बाइक सवार दो युवकों को बस ने मारी ठोकर, बाइक सवार की मौके स्थल मौत

**जागरण सरई।** थाना अंतर्गत ग्राम झुंडिहवा में शासकीय माध्यमिक शाला के पास बरका सरई के मध्य झुंडिहवा छांदा में परिहार ट्रेवल्स की बस एमपी 53 पी 0623 ने बाइक सवार दो युवकों को बस पीछे से ठोकर मार दी। जिस बाइक में दो लोग सवार थे। बाइक सवार रणजीत बैगा उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी घाघी टोला साजापानी का मौके स्थल पर ही मौत हो गई वही दूसरा व्यक्ति छत्रपाल सिंह पिता गंगा सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी घाघीटोला साजापानी बुरी तरह से घायल हो गया है जिसे नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरई में भर्ती कराया गया है। जिसके चेहरे एवं सिर में ज्यादा चोट आई है। स्वास्थ्य विभाग घायल व्यक्ति को इलाज करने में जुटी हुई है। वहीं मृतक के शव को परिजनों ने उठाने से इंकार कर दिया है परिजनों द्वारा सर ई बरका मुख्य मार्ग पर चक्का जाम की गई है जहां सरई थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह भदौरिया अपने दल. बल के साथ घटनास्थल पर मौजूद हैं एवं सरई तहसीलदार चंद्रशेखर मिश्रा घटनास्थल पर मृतक के परिजनों को समझाने बुझाने में लगे हुए हैं।




### आईपीएल 2025 : गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग का मिल रहा फायदा, डेथ ओवर्स में पिछले साल की तरह नहीं बन रहे रन

# पिछले साल की तुलना में इस बार कम छक्के, रन रेट की भी गिरावट

जेएनएन, नई दिल्ली

आईपीएल-2025 में अब तक 74 में से 41 मैच पूरे हो चुके हैं। आईपीएल के 18वें सीजन की शुरुआत हुई तो, ऐसा लग रहा था कि इस बार कई बड़े रिकॉर्ड बनेंगे और कई रिकॉर्ड टूटेंगे। हुआ भी ऐसा, जब सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने पहले ही मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 286/6 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया, जो आईपीएल का दूसरा बड़ा स्कोर था। लेकिन जैसे जैसे लीग आगे बढ़ी वैसे-वैसे मैच स्लो होते चले गए। आईपीएल 2024 में आक्रामक बल्लेबाजी के नए-नए आयाम जोड़े गए थे। लेकिन क्या आईपीएल 2025 उन आयामों को प्राप्त कर पाया है? 40 मैचों के बाद आइए देखते हैं तुलनात्मक अध्ययन।



### डेथ ओवर का अंतर

इस साल पुरानी गेंद अधिक रिवर्स स्विंग हो रही है और कई बड़े हिटर्स और फिनिशर्स इस साल फॉर्म में नहीं हैं। इसके कारण इस साल का स्कोरिंग रेट भी पिछले साल की तुलना में लगभग 6 प्रतिशत कम हुआ है और पिछले साल के 209 की तुलना में इस साल सिर्फ 164 छक्के ही डेथ ओवरों के दौरान लग पाए हैं। हालांकि पावरप्ले रन रेट अब भी पिछले साल (9.34) की तुलना में इस साल (9.37) अधिक है, लेकिन यह बहुत मामूली अंतर है।

### इस साल डेथ ओवर में धोनी के सर्वाधिक रन

2024 में छह बल्लेबाजों ने डेथ ओवरों में 100 से अधिक रन बनाए थे। इसमें दिनेश कार्तिक (151 रन, 235.93 स्ट्राइक रेट), निकोलस पूरन (129 रन, 179.16 स्ट्राइक रेट), राहुल तेवतिया (122 रन, 187.69 स्ट्राइक रेट), टिम डेविड (110 रन, 196.42 स्ट्राइक रेट), ट्रिस्टन स्टब्स (110 रन, 297.29 स्ट्राइक रेट) और हेनरिक क्लासेन (107 रन, 254.76 स्ट्राइक रेट) शामिल हैं। इस सीजन सिर्फ एक बल्लेबाज एमएस धोनी ने 186.44 के स्ट्राइक रेट से 110 रन बनाए हैं, लेकिन इसमें अधिकतर मैच सीएसके पहले ही हार चुका था।

**29** मैचों के बाद 2024 की तुलना में इस सीजन नौ अधिक 200+ के स्कोर और 38 अधिक छक्के लगे थे, लेकिन 40 मैचों के बाद 200+ स्कोर के मामले में मसला बराबरी का हो गया है, वहीं अब तक पिछले सीजन के 712 की तुलना में इस सीजन सिर्फ 678 छक्के (31 छक्के कम) लग पाए हैं।

### 40 मैच तक 2024 और 25 की तुलना

| 2025 | | 2024 |
|---|---|---|
| 9.41 | रनरेट | 9.55 |
| 1203 | चौके | 1231 |
| 678 | छक्के | 712 |
| 21 | 200+स्कोर | 21 |

### इस सीजन गेंद अब भारी पड़ने लगी

बल्ले और गेंद की लड़ाई में पिछले कुछ मैचों से गेंद ने कमाल दिखाना शुरू किया है और 2025 सीजन का ओवरऑल रन रेट लगभग 1.5 प्रतिशत तक गिरा है। हालांकि 29 मैचों तक यह ओवरऑलर रन रेट पिछले साल की तुलना में 4 प्रतिशत अधिक था। लेकिन पिछले 10-11 मैचों में पांच प्रतिशत का अंतर दिखाता है कि इस सीजन गेंद अब भारी पड़ने लगी है, वहीं 2024 में 29 मैचों के बाद रन रेट में उछाल आया था। 29 मैचों के बाद चार टीमों- पंजाब किंग्स, लखनऊ सुपर जाएंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस का रन रेट इस साल 10 से ऊपर रहा था।

### अधिकतर मैदानों में स्कोरिंग रेट की गिरावट



बेंगलुरु और दिल्ली सहित सभी मैदानों में स्कोरिंग रेट की गिरावट आई है। बेंगलुरु में हुई छह पारियों में सर्वश्रेष्ठ स्कोर सिर्फ 170 है। वहीं पिछले साल 40 मैचों तक बेंगलुरु में हुए चार मैचों में दो बार 250+ का स्कोर बना था। दिल्ली में इस साल 9.79 के स्कोरिंग रेट से रन बने हैं, लेकिन पिछले साल यह आंकड़ा 11.48 का था, जिसमें चार पारियों में न्यूनतम स्कोर 199 का था। हालांकि अहमदाबाद में पिछले साल की 8.53 की तुलना में इस साल 10.17 की स्कोरिंग रेट से रन बने हैं। इस मैदान पर चार मैचों में 200+ स्कोर पांच बार बन चुके हैं।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 08 | 06 | 02 | 12 | 1.104 |
| दिल्ली | 08 | 06 | 02 | 12 | 0.657 |
| बेंगलुरु | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.472 |
| पंजाब | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.177 |
| लखनऊ | 09 | 05 | 04 | 10 | -0.054 |
| मुंबई | 08 | 04 | 04 | 08 | 0.483 |
| कोलकाता | 08 | 03 | 05 | 06 | 0.212 |
| राजस्थान | 08 | 02 | 06 | 04 | -0.633 |
| हैदराबाद | 07 | 02 | 05 | 04 | -1.217 |
| चेन्नई | 08 | 02 | 06 | 04 | -1.392 |

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 417 |
| निकोलस (लखनऊ) | 377 |
| जोश बटलर (गुजरात) | 356 |
| मिचेल मार्श (लखनऊ) | 344 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 16 |
| कुलदीप यादव(दिल्ली) | 12 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 12 |
| साई किशोर (गुजरात) | 12 |

### बाउंड्री मीटर




678 छक्के
1203 चौके
80 अर्धशतक

लखनऊ सुपर जाएंट्स के सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श के आईपीएल करियर में 1000 रन पूरे हो गए हैं। मार्श इतने रन बनाने के लिए 16 साल लगे हैं। मार्श का आईपीएल डेब्यू 2010 में हुआ था।

# घरेलू मैदान पर रिकॉर्ड में सुधार करने उतरेगा आरसीबी, सामना राजस्थान से

बेंगलुरु, जेएनएन

आईपीएल 2025 में गुरुवार के मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने घर बेंगलुरु में राजस्थान रॉयल्स (राजस्थान) का सामना करने उतरेगी। राजस्थान के लिए इस सीजन समस्याएं खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। टीम की स्थिति खराब है, तो इस मैच से कप्तान संजू सैमसन भी बाहर हो गए हैं। दूसरी ओर आरसीबी अभी तक घर पर तीन में से एक भी मैच नहीं जीत पाई है। आरसीबी पिछला मैच पंजाब किंग्स के खिलाफ उनके घर में जीतकर आ रही है। यह घर के बाहर इस सीजन उनकी लगातार पांचवीं जीत थी। हालांकि चिन्नास्वामी स्टेडियम में टीम ने इस सीजन तीनों मैच गंवाए हैं और उनके लिए यहां पर पहली जीत दर्ज करना चुनौती होगी। दूसरी ओर राजस्थान की हालत इस सीजन खराब चल रही है। राजस्थान आठ में से केवल दो ही मैच जीत पाई है और अभी तालिका में आठवें स्थान पर है। उनके लिए मुसीबत और बढ़ गई है कि उनके कप्तान सैमसन इस मैच से बाहर हो गए हैं। वह अपने होमबेस जयपुर में ही रहेंगे और मेडिकल स्टाफ की देखरेख में रहेंगे।



**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**

फिल सॉल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), रोमारियो शेफर्ड, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), कुणाल पंड्या, टिम डेविड, भुवनेश्वर कुमार, जॉश हेजलवुड, सुयश शर्मा, यश दयाल।

**राजस्थान रॉयल्स**

यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, शिमरॉन हेटमायर, नीतीश राणा, वानिंदु हसरंगा, जोफ्रा आर्चर, महीश तीक्षणा, संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे, कुमार कार्तिकेय।

### हेड टू हेड

- दोनों टीमों के बीच हुए अब तक 32 मुकाबलों में 16 में आरसीबी, जबकि 14 में राजस्थान को जीत मिली है, वहीं दो मुकाबलों का कोई परिणाम नहीं निकला है।
- बेंगलुरु में राजस्थान का पलड़ा भारी है, जिसमें राजस्थान ने चार, जबकि आरसीबी ने तीन मुकाबले जीते हैं, जबकि दो का कोई परिणाम नहीं आया है।
- पिछली बार इसी सीजन में जब दोनों टीमें जयपुर के मैदान में भिड़ी थी तो उन्हें आरसीबी ने नौ विकेट के बड़े अंतर से हराया था। राजस्थान का लक्ष्य उस हार का बदला लेने पर होगा, वहीं आरसीबी इस सीजन अपने घरेलू मैदान पर पहला मैच जीतने का प्रयास करेगी।

### विराट बनाम संदीप


विराट कोहली इस सीजन अच्छे फॉर्म में हैं और उन्होंने आठ पारियों में चार अर्धशतक लगाए हैं। हालांकि राजस्थान के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा उन पर लगाम लगाने की क्षमता रखते हैं, क्योंकि उन्होंने इस विश्व स्तरीय बल्लेबाज को आईपीएल में सर्वाधिक सात बार आउट किया है, जबकि कोहली उन पर सिर्फ 16.6 की औसत से रन बना पाते हैं। संदीप के बाद आशीष नेहरा ने छह, जबकि जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी ने कोहली को पांच बार आईपीएल में आउट किया है।

### भुवनेश्वर के खिलाफ आग उगलते हैं जायसवाल

भुवनेश्वर आईपीएल के लीजेंड हैं और तेज गेंदबाजों में उनके नाम सर्वाधिक 189 आईपीएल विकेट हैं। हालांकि यशस्वी जायसवाल जैसा युवा सलामी बल्लेबाज उनको हमेशा परेशान करता है। भुवनेश्वर आठ पारियों में जायसवाल को कभी नहीं आउट कर पाए हैं, जबकि जायसवाल उन पर 174 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। इस सीजन की शुरुआत जायसवाल के लिए कुछ खास नहीं गई थी।

## जिंबाब्वे ने चार साल बाद जीता टेस्ट बांग्लादेश को तीन विकेट से हराया

**सिलहट (बांग्लादेश), जेएनएन।** तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजुरबानी (72 रन पर छह विकेट) के छह विकेट और सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट (54) के अर्धशतक से जिंबाब्वे ने बुधवार को पहले क्रिकेट टेस्ट में बांग्लादेश को तीन विकेट से हरा दिया। ऑफ स्पिनर मेहदी हसन (50 रन पर पांच विकेट) ने मैच के चौथे दिन पांच विकेट चटकाकर बांग्लादेश को वापसी दिलाने की कोशिश की, लेकिन जिंबाब्वे ने 174 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट पर 174 रन बनाकर जीत दर्ज की, जो 2021 के बाद उसकी पहली टेस्ट जीत है। बांग्लादेश की टीम चौथे दिन दूसरी पारी में चार विकेट पर 194 रन से आगे खेलने उतरी और 61 रन जोड़कर अपने बाकी बचे छह विकेट भी गंवा दिए। मुजुरबानी ने जिंबाब्वे की ओर से सबसे तेज 50 टेस्ट विकेट चटकाने के रिकॉर्ड की बराबरी की और बांग्लादेश की दूसरी पारी को चौथे दिन जल्दी समेटने में अहम भूमिका निभाई। बांग्लादेश के 174 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिंबाब्वे को बेनेट और बेन कुरेन (44) ने पहले विकेट के लिए 95 रन जोड़कर शानदार शुरुआत दिलाई। मेहदी ने कुरेन को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। बाएं हाथ के स्पिनर ताइजुल इस्लाम (70 रन पर दो विकेट) ने निक वेल्स (10) को पगबाधा किया। बेनेट ने ताइजुल पर दो रन के साथ अर्धशतक पूरा किया। मेहदी ने सीन विलियम्स (09) और बेनेट को लगातार ओवरों में आउट करके बांग्लादेश की जीत की उम्मीद जगाई, लेकिन वेस्ले माधेवेरे ने कम होती रोशनी के बीच नाबाद 19 रन की पारी खेलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।



## पीसीबी ने मुझे नजरअंदाज कर दिया है : आमिर

**कराची, जेएनएन।** पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने कहा कि टी-20 विश्व कप 2024 के बाद उन्हें पाकिस्तान क्रिकेट ढांचे द्वारा दरकिनार और नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने पिछले साल के अंत में अपने संन्यास के पीछे का कारण संवाद की कमी बताया। आमिर और इमाद वसीम ने पिछले साल के टी-20 विश्व कप में खेलने के लिए संन्यास से वापसी की थी, लेकिन पाकिस्तान का प्रदर्शन काफी खराब रहा और 2009 का चैंपियन सुपर आठ चरण में जगह बनाने में भी विफल रहा।

## यूएस ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में खेलेंगे आंद्रे

**नेपल्स (अमेरिका), जेएनएन।** अपने जमाने के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी आंद्रे अगासी ने अपने आठ ग्रैंड स्लैम खिताबों में से दो यूएस ओपन में जीते और अब वह इसी नाम से एक अलग तरह की रैकेट स्पर्धा में खेलते हुए नजर आएंगे। अगासी ने फ्लशिंग मीडोज में अपना आखिरी मैच खेलने के बाद 2006 में पेशेवर टेनिस से संन्यास ले लिया था। वह अगले सप्ताह नेपल्स, फ्लोरिडा में यूएस ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में मिश्रित प्रो डिवीजन में किशोरी अन्ना लेह वाटर्स के साथ जोड़ी बनाकर प्रतिस्पर्धा करेंगे। अगासी अगले सप्ताह 55 वर्ष के हो जाएंगे। उन्होंने 1994 और 1999 में टेनिस यूएस ओपन जीता था। वह उन कुछ खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने टेनिस में चारों ग्रैंड स्लैम जीतपर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया। उन्हें 2011 में इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। यह पहला अवसर होगा, जबकि वह किसी पिकलबॉल चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

## ईसीबी द हंड्रेड में बीसीसीआई को थोड़ी हिस्सेदारी पेशकश करे: लंकाशर सीईओ

**लंदन, जेएनएन।** इंग्लैंड की काउंटी टीम लंकाशर के सीईओ डेनियल गिडनी ने कहा है कि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को भारतीय खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में आकर्षित करने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को द हंड्रेड में अल्पमत हिस्सेदारी की पेशकश करनी चाहिए। भले ही भारतीय पुरुष खिलाड़ियों को आईपीएल के बाहर खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाता है, लेकिन इस टी-20 लीग के मालिकों ने दुनिया भर में अपना विस्तार किया है और एसए20 (दक्षिण अफ्रीका), आईएलटी-20 (यूएई), कैरेबियाई प्रीमियर लीग (वेस्टइंडीज) और मेजर लीग क्रिकेट (यूएसए) में उनकी हिस्सेदारी है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार गिडनी का मानना है कि समान हित भारतीय खिलाड़ियों को द हंड्रेड में प्रतिस्पर्धा करने के लिए लाने का तरीका होगा। गिडनी ने कहा, मुझे लगता है कि यह संभव है। अगर मैं ईसीबी होता तो मैं शायद बीसीसीआई को पूरे टूर्नामेंट में अल्पमत भागीदार के रूप में लाने की बात करता। अगर आप ऐसा करते हैं तो आप समान हितों की बात कर रहे हैं। भारतीय पुरुष खिलाड़ी केवल आईपीएल में खेलते हैं।

## त्रिकोणीय सीरीज के लिए श्रीलंका की महिला वनडे टीम में कई बदलाव

**कोलंबो, जेएनएन।** श्रीलंका ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी त्रिकोणीय वनडे सीरीज के लिए बुधवार को 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें कई बदलाव किए गए हैं। मार्च में न्यूजीलैंड से 0-2 से सीरीज हारने के बाद से श्रीलंका ने अपनी टीम में आठ बदलाव किए हैं। अनुभवी चमारी अटापट्टू टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगी, जबकि तेज गेंदबाज मल्की मदारा को पहली बार वनडे में टीम में शामिल किया गया है। विशमी गुणरत्ने, नीलाक्षी सिल्वा, हासिनी परेरा, पियमी वाथसाला, देवमी विहंगा, इनोका राणावीरा और हंसिमा करुणारत्ने ने भी टीम में वापसी की है।

**श्रीलंका टीम :** चमारी अटापट्टू (कप्तान), विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षी सिल्वा, कविशा दिलहारी, अनुष्का संजीवनी, हसीनी परेरा, पियमी वाथसाला, मनुदी नानायक्कारा, देवमी विहंगा, इनोका राणावीरा, इनोशी फर्नांडो, हंसिमा करुणारत्ने, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा, सुगंधिका कुमारी, अचिनी कुलसुरिया।

### खेल एक नजर

## शहर की श्रेया एक्सीलेंस कैंप में करेंगी ट्रेनिंग

**भोपाल, खेप्र।** शहर की श्रेया दीक्षित का चयन एक्सीलेंस कैंप के लिए बीसीसीआई द्वारा गठित ऑल इंडिया विमेंस चयन समिति द्वारा किया गया है। अरेरा क्रिकेट अकादमी की खिलाड़ी श्रेया 25 अप्रैल से 21 मई तक अहमदाबाद में आयोजित कैंप में ट्रेनिंग प्राप्त करेंगी। श्रेया का चयन उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के कारण हुआ है। इस सत्र में मप्र अंडर-19 टीम की बतौर कप्तान श्रेया ने वनडे और टी-20 में शानदार प्रदर्शन किया। नेशनल टी-20 चैंपियनशिप के 5 मैचों में उन्होंने 3 अर्धशतक की बदौलत कुल 285 रन बनाए और राइट आर्म ऑफ स्पिन गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए। नेशनल वनडे चैंपियनशिप में दो अर्धशतक की बदौलत उन्होंने 204 रन बनाए और कुल 9 विकेट लिए। मध्यप्रदेश से केवल 2 प्लेयर्स को ही चयनित किया गया है, जिसमें इंदौर से प्रेरणा व्यास हैं। श्रेया के चयन पर बीडीसीए के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह, अकादमी के मुख्य कोच सुरेश चैनानी और सचिव हेमन्त कपूर ने बधाई दी।



## कराते : मप्र के मना-लोकेश करेंगे मलेशिया में देश का प्रतिनिधित्व

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के मना मंडलेकर और लोकेश प्रधान 14वीं साइलेंट नाइट कराते कप प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह चैंपियनशिप मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में 25 से 27 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता टिटिवांगसा स्टेडियम में आयोजित होगी, जिसमें दुनियाभर के शीर्ष कराटे खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। मप्र के टिमरनी से आने वाले मना और लोकेश तिनका सामाजिक संस्था से जुड़कर कराते का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वे कई प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पदक प्राप्त कर चुके हैं।





## भोपाल जेएन भाया टी-20 ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

**भोपाल, खेप्र।** भोपाल डिविजन ने बुधवार को जेएन भाया सीनियर मेंस इंटर डिविजनल टी-20 क्रिकेट ट्रॉफी-2025 में ग्वालियर को 39 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट में यह भोपाल की लगातार तीसरी जीत है। सेमीफाइनल में भोपाल का सामना इंदौर से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में जबलपुर और उज्जैन के बीच भिड़ंत होगी। ग्वालियर के कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भोपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 146 रन बनाए। पृथ्वीराज तोमर ने 39, रितिक टाडा ने 32, प्रारब्ध मिश्रा ने 24 और राहुल बाथम ने 22 रन का योगदान दिया। ग्वालियर के हर्षवर्धन ने चार, रितेश शाक्य ने तीन और अंकित कुशवाहा ने दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्वालियर की टीम 12 ओवर में 107 रन पर सिमट गई। पार्थ ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। भोपाल के प्रारब्ध ने चार विकेट झटके, जबकि तनिष्क को दो सफलता मिली।

## अली की घातक गेंदबाजी से जीती आरसीसी, यूसीसीए सेमीफाइनल में

**भोपाल, खेप्र।** आरसीसी क्रिकेट अकादमी ने छठवें साद अंसारी मेमोरियल अंडर-14 इंटर क्लब वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट में संजय गुप्ता अकादमी को हराया। वहीं यूसीसीए ने वीएस क्रिकेट अकादमी को 20 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ऑल सेंट्स क्रिकेट ग्रांउड पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी की टीम अर्णव भंडारी (103) के शतक के बावजूद 33 ओवर में 164 रन पर ऑलआउट हो गई। आरसीसी क्रिकेट अकादमी के मोहम्मद अली खान ने 4 विकेट झटके, जबकि मिनाल ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीसी ने 32.4 ओवर में 165 रन बनाकर मैच जीत लिया। विनम्र ने नाबाद 38 और साहिल ने नाबाद 27 रन का योगदान दिया। समर ने 28 रन बनाए। मोहम्मद अली को प्लेयर ऑफ द चुना गया। दिन के दूसरे मुकाबले में यूसीसीए ने निर्धारित 40 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 129 रन बनाए। जवाब में वीएस क्रिकेट अकादमी पांच विकेट खोकर 109 रन बना पाई।



## मप्र के पहलवानों ने जीते सात पदक



**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के पहलवानों ने राष्ट्रीय जूनियर बालक फ्री स्टाइल/ग्रीको रोमन एवं बालिका फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में सात पदक पर कब्जा जमाया। इसमें एक रजत और छह कांस्य पदक शामिल हैं। यह प्रतियोगिता राजस्थान के कोटा में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में 55 किग्रा भारवर्ग में हंसा बेन राठौर ने रजत पदक जीता। वहीं 53 किग्रा में माही सोनकर, 57 किग्रा में शिवानी शर्मा, 55 किग्रा में नीरज पटेल, 57 किग्रा में अभिषेक यादव, 70 किग्रा में रोहित प्रजापत और 72 किग्रा में महेश राठौर ने कांस्य पदक जीता। इन सभी खिलाड़ियों ने ओलंपियन जुंन अवॉर्डी पप्पू यादव पहलवान की देखरेख में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### झण्डा दिवस पर लक्ष्य से अधिक राशि संग्रहण करने पर राज्यपाल ने किया कलेक्टर का सम्मान

**सतना।** सतना कलेक्टर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस 7 दिसम्बर 2023 के लिए निर्धारित लक्ष्य राशि 7 लाख 16 हजार रूपये से अधिक 11 लाख 81 हजार 452 रूपये एकत्रित कराने पर 23 अप्रैल 2025 को राजभवन में आयोजित एएसएफ की 24वीं बैठक में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल द्वारा सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया गया।

### प्रभारी मंत्री आज विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे

**सतना।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 24 अप्रैल को दोपहर 2.30 बजे संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट भवन के सभाकक्ष में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक में नगर निगम के कार्यों की समीक्षा, नल जल योजना, जल जीवन मिशन, बाणसागर, नगरीय निकायों की पेयजल, जल गंगा संवर्धन अभियान, सतना-चित्रकूट सड़क स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा तथा नामकरण के प्रस्तावों पर चर्चा करेंगे।

# रीवा रोड में व्यापारिक भवनों के बेसमेंट को खाली कराकर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था कराओ

## सडक सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**जागरण सतना**

सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि सर्किट हाउस चौराहा से लेकर सेमरिया चौक के मध्य बने व्यवसायिक भवनों में निर्मित बेसमेंट को खाली कराया जाकर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था कराई जायेगी। अतिक्रमण हटाने का कार्य फोर्स के साथ किया जायेगा। जिससे सडकों पर खडे वाहनों से यातायात बाधित होने से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि सतना शहर के यातायात को सुगम और व्यवस्थित किया जाए। इस मौके पर प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, महापौर योगेश ताम्रकार, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, डीएसपी ट्रैफिक्र संजय खरे, एसडीएम राहुल सिलाडिया, जितेन्द्र वर्मा, एपी द्विवेदी, एलआर जांगडे, सुधीर बेक सहित विभागीय अधिकारी और सदस्य उमेश प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

बैठक में सांसद श्री सिंह ने कहा कि बस स्टैण्ड निगरानी समिति को एक्टिव करें। जिससे बस स्टैण्ड की सभी व्यवस्थायें समुचित रूप से संचालित हो। सूत्र सेवा बसों के संचालन में नियंत्रण/निगरानी रखें, सिटी बस निर्धारित स्थान पर ही रूकें। शहर में मिनी सिटी बसों, मिनी ट्रकों को निर्धारित भार क्षमता अनुसार संचालन करने, सडकों को मोटेरेवल बनाये रखने हेतु सुधार कार्य सतत जारी रखें। राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, सार्वजनिक जागरूकता अभियान चलाने तथा इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम के बारे में जानकारी दी। महापौर योगेश ताम्रकार ने शहर के मुख्य मार्गों में मनमानी तरीके से खडे वाहनों को हटाने के लिए प्रतिदिन संयुक्त अतिक्रमण दस्ते द्वारा कार्यवाही सतत जारी रखने का सुझाव दिया। जिससे शहर का यातायात बाधित नहीं होगा। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने बताया कि शहर में यातायात बाधित करने वाले सब्जी, फल ठेला वालों को निर्धारित स्थल पर ही लगाये जाने तथा अतिक्रमण को हटवाने के लिए नगर निगम, राजस्व विभाग, ट्रैफिक्र पुलिस संयुक्त रूप से प्रत्येक मंगलवार को अभियान चलाकर कार्यवाही करें। जिससे शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार आयेगा।



### बस स्टैण्ड की निगरानी समिति को किया जायेगा सक्रिय

आरटीओ संजय श्रीवास्तव ने बताया कि बस स्टैण्ड की व्यवस्था हेतु निगरानी समिति बनी है। जिससे सक्रिय कर बस स्टैण्ड में समुचित यातायात व्यवस्था की जायेगी। डीएसपी यातायात संजय खरे ने पूर्व की बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा यातायात व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। बस आनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सदस्य ने भी शहर की यातायात व्यवस्था सुदृढ करने के संबंध में अपने सुझाव दिये। डीएसपी ट्रैफिक्र ने बताया कि सतना से रीवा रोड और पन्ना रोड पर हैवी ट्राफिक्र रहता है और सर्किट हाउस चौक तथा सेमरिया चौक पर यातायात दबाव कम करने के उपाय जरूरी है। बैठक में सतना शहर में नो इंट्री पाइंट के पुर्ननिर्धारण पर भी चर्चा की गई। यूसीएल तिराहे से पाइंट हटाकर मंडी तिराहे के पास तक ले जाने पर विचार किया गया। निर्णय लिया गया कि पुराना मंडी गेट खोलकर रास्ता बनाया जाएगा। नो इंट्री में 16 टन के भार क्षमता वाहन के आधार को संशोधित कर कमर्शियल सेवाओं में लगे ट्रैक्टर-ट्राली और चार पहिया, छह पहिया, भार वाहक ट्रैकों को बाजार में नो इंट्री के दौरान प्रतिबंधित करने के संबंध में चर्चा की गई।

### स्थानक के अलावा बसे खडी हुई तो होगी कार्यवाही

प्राइवेट बसों के बस स्टैंड से संचालन और कहीं भी बसें रोककर सवारी लेने की परंपरा पर चर्चा के दौरान निर्णय लिया गया कि बस स्टैंड से आवागमन करने वाली यात्री बसों के शहर के भीतर स्थानक तय करने के अलावा अन्य स्थानों पर बसें खड़ी करने पर कार्यवाही की जाएगी। सांसद श्री सिंह ने कहा कि जिला अस्पताल के दोनों बाह्य प्रवेश द्वार पर अव्यवस्थित यातायात और दुकानों, ठेलों के अतिक्रमण से इमरजेंसी सेवाओं में रुकावट आती है। बैठक मेंजिला अस्पताल के सामने की पार्किंग को शिफ्ट करने और अस्पताल के दोनों इन्ट्री पाइंट पर यातायात की व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए।

# सीएम हेल्पलाइन में सभी विभाग प्राथमिकता से कार्य करें : कलेक्टर

**जागरण सतना।** मैहर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में बुधवार को कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, डॉ. आरती सिंह, सीएमओ नगर पालिका सुषमा मिश्रा, सीईओ जनपद प्रतिपाल बागरी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि धरती आबा के कार्यक्रमों को प्राथमिकता दें एवं कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क, शासकीय भवन, पेयजल, आंगनवाड़ी केन्द्रों की आवश्यकता की रिपोर्ट बना कर प्रस्तुत करे। कलेक्टर ने बताया कि कपिल धारा, पशु सेड, बकरी सेड तथा ग्रामीण क्षेत्र में सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाये। अधोसंरचना के अंतर्गत सभी हितग्राही के बैंक खाता, आधार एवं जाति प्रमाण बनाया जायेगा। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि मैहर जिले के सभी विभागीय अधिकारी प्रयास करें जिससे मैहर जिले को ग्रेड ए में पहुंचाया जा सकता है। कलेक्टर ने कहा कि मैहर जिले में लगातार नरवाई जलाने से नुकसान हो रहा है। नरवाई प्रबंधक द्वारा जांच कर प्रकरण दर्ज करते हुए कार्यवाही करे। इस संबंध में कार्यवाही नहीं करने वाले फील्ड स्टाफ के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए गए। कहा गया कि जिले में हैंडपम्प रिचार्ज के लिए सेंटीमेंट निर्धारित मापदंड के अनुसार इस सीजन में बनाकर काम पूरा करे ताकि बरसात में इसका फायदा मिल सके। कलेक्टर ने बताया कि 56 ग्रामीण अंचलों में पेयजल संकट है। इन गांवों में शत-प्रतिशत रिचार्ज पिट बनाये।

# मैहर में एक बडा बस स्टैण्ड बनाने की आवश्यकता : सांसद

**जागरण सतना।** मैहर कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न सडक सुरक्षा समिति की बैठक में मैहर में एक बड़ा बस स्टैण्ड बनाने की आवश्यकता बताई। इसके लिए आस-पास बड़ी जगह चिन्हित कर बस स्टैण्ड के अलावा रिंग रोड का निर्माण कराया जाना चाहिए। बैठक में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी, कलेक्टर रानी बाटड़, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, डॉ. आरती सिंह, परिवहन अधिकारी संजय श्रीवास्तव, यातायात प्रभारी राशिद खान, सूबेदार नृपेन्द्र सिंह, संजय राय, संतोष सोनी, सत्यभान सिंह सहित विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में सांसद गणेश सिंह ने कहा कि मैहर जिले के प्रमुख मार्ग पर ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करने की आवश्यकता है। जिसमें तिलौरा, नादन, बरहिया, जरियारी एवं मैहर से झुकेही के बीच टीम बनाकर इन स्थानों का निरीक्षण कर ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करे। मैहर से झुकेही के बीच कई जगह ऐसी है, जहां सड़क में दरारें आ चुकी है, जिसे सुधारने की आवश्यकता है। एमपीआरडीसी मैहर से बरही, डेल्हा, भदनपुर घाटी में आये दिन दुर्घटनायें हो रही है इन स्थानों में भी ब्लैक स्पॉट देखे। मैहर शहरी क्षेत्र में ऑटो रिक्शा के अवैध पार्किंग की वजह से यातायात प्रभावित हो रहा है। जिसे सुधारने के लिए ऑटो रिक्शा के पार्किंग की जगह रेलवे स्टेशन से मंदिर के बीच अलाउद्दीन तिराहा एवं हाउसिंग बोर्ड बस स्टैण्ड के पास जगह चिन्हित कर ऑटो स्टैंड बना दे। ताकि सड़क किनारे ऑटो खड़ा न कर सके। साथ ही साथ ऑटो रिक्शा के अलग-अलग जोन बना दे। ग्रामीण अंचल से आने वाले ऑटो रिक्शा को शहर के बाहर रोका जाए एवं शहरी ऑटो शहर के बाहर न जाए और इनकी लगातार मॉनिटरिंग की जानी चाहिए।

# गुंडे बदमाशों को सबक सिखाने कोलगवां टीआई ने किया पैदल भ्रमण

## एक घंटे से अधिक समय तक की निगरानी

**जागरण सतना।** शहर में गुंडे बदमाशो को सबक सिखाने के लिए बुधवार की देर शाम कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने दलबल के साथ भीड़ भाड़ वाले कई क्षेत्रों में पैदल भ्रमण किया। बताया जाता है कि आईजी गौरव राजपूत के निर्देश व एसपी आशुतोष गुप्ता के मार्गदर्शन में शहर की कानून व्यवस्था सुदृढ बनाये रखने पुलिस द्वारा इस तरह का भ्रमण किया जा रहा है।



### इन जगहों पर किया भ्रमण

बताया जाता है कि बुधवार की देर शाम 7 से आठ बजे तक किये गए पैदल भ्रमण के दौरान सेमरिया चौक भरहुत नगर बस स्टैंड सिंधी कैम्प और फिर वापस सेमरिया चौक आकर कही भी झुंड लगाकर बैठे शराब पी रहे लोगो को खदेड़ा गया। इस कार्यवाही को टीआई सुदीप सोनी ने रूटीन पेट्रोलिंग बताया और कहा इसके तहत सकरी गलियों में पुलिस बाइक से पेट्रोलिंग करने जाती है। उन्होंने कहा अपराधियो पर नकेल कसना और कानून व्यवस्था बनाये रखना पहली प्राथमिकता है।

## शहर के अस्पतालों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ने महापौर ने उपमुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**जागरण सतना।** महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने राजेंद्र शुक्ला उपमुख्यमंत्री को शहर की विभिन्न अस्पतालो को आयुष्मान कार्ड योजना से जोड़ने हेतु पत्र लिखा है। सतना जिले में स्वास्थ सेवाओं हेतु बेहतर चिकित्सक एवं चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध है परन्तु शहर के अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। कुछ हॉस्पिटल संचालकों द्वारा आयुष्मान कार्ड योजना के तहत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में सहमति जताई है सार्थक हॉस्पिटल पाठक हास्पिटल विदित हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल उक्त तीनों हॉस्पिटलों को अविलंब आयुष्मान कार्ड योजना से जोड़ने के लिए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला की पत्र लिखा है जिससे शहर की जनता को आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत मिलने वाली निःशुल्क चिकित्सा सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

# 90 लाख की लागत से बनने वाली डामरीकृत सड़क का महापौर ने किया भूमिपूजन



**जागरण, सतना।** नगर निगम द्वारा नगर में किये जा रहे निरन्तर विकास के कार्यो के अनुक्रम में बुधवार 23 अप्रैल को वार्ड क्र 41 अंतर्गत स्टेशन रोड एवं मार्केट क्षेत्र के कई स्थानों पर लगभग ढाई किमी लंबाई की 90 ण् 5 लाख की लागत से डामरीकृत सड़क का निर्माण किया जाना है जिसका भूमिपूजन महापौर योगेश ताम्रकार ने किया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर महापौर योगेश ताम्रकार पार्षद पीण्केण् जैन रविराज सिंह उपयंत्री नगर पालिक निगम अभिषेक जैन छवि चौरसिया उमेश यादव आनंद जैन अशोक वाधवानी शिवम अग्निहोत्री रामावतार चमड़िया मोहित पुरी लकी जैन श्रीपाल जैन के साथ बड़ी संख्या में आदर्श मार्केटए इंद्रिरा मार्केट एवं स्टेशन रोड मार्केट के व्यापारी एवं बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आज सतना आयेंगे



**जागरण सतना।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय 24 अप्रैल को सडक मार्ग से प्रातः 11.30 बजे सतना आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार प्रभारी मंत्री विजयवर्गीय सतना में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे तथा दोपहर 2.30 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के सभाकक्ष में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे। इसके पश्चात सतना से रात्रि 8.15 बजे संघमित्रा एक्सप्रेस से प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे।

# विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**सतना।** संत निरंकारी मिशन की समाज कल्याण शाखा संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन के तत्वधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल रक्तदान शिवर का आयोजन गुरुवार, दिनांक, 24 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से संत निरंकारी सत्संग भवन कृष्ण नगर में किया जाएगा। अतः इसी दिवस पर स्थानीय निरंकारी भक्त गण संत एवं गणमान्य नागरिक प्रातः 9 से रक्तदान करेंगे। जिसके मुख्य अतिथि जिला मजिस्ट्रेट डॉक्टर सतीश कुमार एस कलेक्टर महोदय सतना होंगे एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल डिस्ट्रिक हॉस्पिटल के सिविल सर्जनएबल्ड बैंक अधिकारी पूरी टीम के साथ होंगे। रक्तदान के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए आज नगर में विशाल जागरूकता रेली का आयोजन किया गया ए इस जागरूकता रेली में बच्चों के द्वारा जगह जगह नुक्कड़ नाटक के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। यह जागरूकता रेली संत निरंकारी सत्संग भवन कृष्ण नगर सतना से शाम 4 रवाना हुई।जो कि कृष्ण नगर से हॉस्पिटल चौकए पन्नीलाल चौकए बिहारी चौकएजयस्तंभ चौकएस्टेशन रोडए सर्किट हाउसए रीवा रोडएसिमरिया चौकएबिरला रोड होते हुए सिंधी कालोनी के मुख्य चौराहों से संत निरंकारी सत्संग भवन सिन्धी कालोनी सतना में संपन्न हुई।

### ग्रामोदय विश्वविद्यालय में शोक सभा सम्पन्न

**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलग्राम में हुए ह्रदयविदारक आतंकवादी हमले में लोगों के मारे जाने पर गहरा दुःख जताते हुए संवेदना व्यक्त की है। दिवंगत आत्माओ की शांति के लिए आज ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर स्थित विवेकानंद सभागार में शोक सभा सम्पन्न हुई।


Give Your Child The Winning Edge!! Aff.-No. 1031436
Under the Aegis of Anupama Education Society Estd. 1990
Anupama IRIS International
Affiliated to CBSE
Nursery to Xth
ADMISSION 2025-26 OPEN
DAY BOARDING & DAY SCHOLAR
8640025252, 9765187919, 9425362071
Near Kothi Toll Plaza, SH-11, Kothi Road, SATNA (M.P.) 485001 irisinternational123@gmail.com, www.anupamairisinternational.in

भानू मोटर्स गोरइया
लेकर आये है आपके लिए
किफायती दर, आकर्षक फानेंस, कम डाउन पेमेंट
होण्डा गाडियों के समस्त कलर एवं मॉडल उपलब्ध
साईन 100 सीसी में 7000 की नकद छूट आफर केवल 30 अप्रैल 2025 तक
गोरइया गजिगवां रोड, सतना (म.प्र.) मो. 7898621161, 7047586640

कैंसर OPD
नागपुर के प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर रीवा में
26 अप्रैल 2025, शनिवार | समयः सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक
प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे शनिवार को रीवा में
डॉ. भास्कर सिंह
MBBS, MS, FMAS, DNB कैंसर विशेषज्ञ (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
अगर आप निम्नलिखित किसी भी बिमारी से पीड़ित है, तो हमारे डॉक्टर से मिले
• लंबे समय से बुखार होना या वजन घटना। • लगातार कष्टदायक खाँसी या आवाज मे असामान्य बदलाव होना। • खाना निगलने मे तकलीफ होना या लगातार बदहजमी कि शिकायत। • शरीर के किसी भी अंग से असामान्य तरीके से रक्तस्त्राव होना। • शरीर के किसी भी अंग मे हुआ घाव लंबे समय बाद भी ना भरता हो। • शौच या पेशाब की आदतों मे विशेष बदलाव होना। • शरीर के किसी अंग में या स्तनों पर सूजन, गाँठ या कड़ापन महसूस होना। • शरीर के किसी भी अंग पर तिल या मस्से मे विशेष बदलाव दिखना।
पंजीयन प्रारम्भ - निःशुल्क पंजीयन
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) मो.: 9399312433, 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

रक्त विकार OPD
नागपुर के प्रख्यात रक्त रोग विशेषज्ञ नियमित आपके शहर रीवा में
डॉ. निशाद धकाते
MBBS, MD, DM | Consultant- Hematology & BMT
कैंसर विशेषज्ञ - हिमेटो ऑन्कोलॉजिस्ट एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट
26 अप्रैल शनिवार, 2025 समयः सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक | प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे शनिवार को
निम्नलिखित लक्षण नजर आने पर आप ओ.पी.डी. में आकर विशेषज्ञ द्वारा जाँच करा सकते है
* खून से संबंधित कोई भी बिमारी जैसे ल्युकेमिया, मायलोमा, लिम्फोमा, थैलेसिमिया, ब्लड कैंसर, अप्लास्टिक एनिमिया, रक्त कोशिकाओं का कम या ज्यादा होना। प्लेटलेट का कम होना (आय.टी.पी.) * एनिमिया, सिकल सेल की बिमारी रक्तप्रणाली में खून की गाँठ जमना (उत्तड), हिमोफिलिया, हिमोग्लोबिन कम या ज्यादा होना। * लंबे समय से बुखार होना या वजन घटना। शरीर के किसी भी अंग से असामान्य तरीके से रक्तस्त्राव होना।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) मो.: 9399312433, 9981287311

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

DTE - काउंसिलिंग कोड 608
श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com